e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 218

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
10.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जिंदगी उनके लिए कभी आसान नहीं होती जो केवल सपने देखते हैं..

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## समापन समारोह

पहले दिन की
झलकियां



## झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

समृद्ध
**आदिवासी जीवन दर्शन**
की झलकियां

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय **मुख्यमंत्री, झारखण्ड**

विशिष्ट अतिथि
समस्त माननीय **मंत्री, झारखण्ड सरकार**
तथा
**माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की**
गरिमामयी उपस्थिति में

10 अगस्त 2023
**समय: सायं 05:00 बजे से**
**बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची**



PR NO-304311 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## पिपरा के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति का हुआ निधन

**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड के पंचायत पिपरा के उपमुखिया जनेश्वर यादव के पिता चनर यादव का दिन मंगलवार को निधन हो गया. उनकी उम्र लगभग 105 वर्ष हो चुकी थी। लोगों का कहना है कि चनर यादव प्रखंड क्षेत्र के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति थे। चनर यादव समाज के प्रति समर्पित एवं बुद्धिजीवी व्यक्तियों में आते थे। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके 2 पुत्र है उद्धेश्वर यादव एवं जनेश्वर यादव। जनेश्वर यादव ने कहा कि पिताजी ही हमारे प्रेरणा स्रोत थे। उनके अंतिम संस्कार में राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान अवधेश यादव अर्जुन प्रसाद यादव संजय यादव बैजू यादव बैजनाथ यादव नागेंद्र यादव तपेश्वर यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने स्व निर्मल महतों को किया याद



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय जलक्रांति भवन में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने झारखंड के वीर सपूत,झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के प्रणेता शहीद निर्मल महतों के पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया.पुण्यतिथि समारोह का शुभारंभ शहीद निर्मल महतों के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया.इस अवसर पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान ने कहा कि शहीद निर्मल महतों झारखंड के युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं. उनका जन्म 25 दिसम्बर 1950 को पूर्वी सिंहभूम के उलिहात ग्राम में हुआ था.झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष राजकिशोर महतों के निधन के बाद 1980 में इन्हें केंद्रीय अध्यक्ष बनाया गया.झारखण्ड को अलग राज्य बनाने के लिये चल रहे आंदोलन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी.इनके आंदोलन का ही परिणाम था कि झारखंड स्वायत्त परिषद का गठन हुआ था.उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन में इनके योगदान को भुलाया नही जा सकता है.8 अगस्त को 1987 को इनकी हत्या कर दी गई.उन्होंने कहा कि झामुमो इनके सपनों को साकार करने के लिये संकल्पित है.मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य सूर्यदेव मेहता,कामता प्रसाद,प्रखंड अध्यक्ष अमर राम,प्रखंड सचिव सुरेश शुक्ल,वरिष्ठ नेता विनय ठाकुर,मुकेश कुमार सिन्हा,अमरनाथ पांडेय,नेहा कुमारी,उषा देवी,बाबूलाल दुबे,मनोज पासवान,कालीचरण गुप्ता, अमरेन्द्र पासवान,रउफ अंसारी सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्या भारती मानक परिषद टीम ने विद्यालय का निरीक्षण किया



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को विद्या भारती योजानुसार मानक परिषद टीम द्वारा विद्या मंदिर विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के सभी कक्षाओं में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इससे पूर्व उन्होंने वंदना सभा में भारत माता, ओम, मा शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। जिसमें मुख्य रुप से भवनाथपुर के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह, लातेहार के वरिष्ठ आचार्य ओंकारनाथ सहाय, विद्यालय अध्यक्ष जोखू प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक सम्मिलित थे। वही विद्यालय अध्यक्ष जोखू प्रसाद द्वारा अंग वस्त्र एवं रामचरितमानस देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लातेहार के वरिष्ठ आचार्य ओंकारनाथ सहाय ने कहा कि बहुत खुशी बात है कि मेरा पढ़ाया हुआ शिष्य इस विद्यालय का प्रधानाचार्य है। जो मेरे लिए बहुत ही गौरव की बात है। उन्होंने मेंढक, चिकनी, खंभा प्रसंग आधारित लघु कथा से भैया बहनों को मोटिवेट किया।

## लायंस क्लब के द्वारा किसानों और गरीबो के बीच किया गया छतरी का वितरण




**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 ऐ के तहत मंगलवार को लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के द्वारा क्लब अध्यक्ष ला0 डॉ कमलेश कुमार के अध्यक्षता में बड़े पैमाने पर छतरी वितरण किया गया।लायंस विशाल के अध्यक्ष डॉ कमलेश ने छतरी वितरण करते हुए बताया कि गढ़वा में लगातार कई दिनों से रिमझिम रिमझिम बारिश हो रहा है। ऐसे में किसान भाइयों के लिए मौसम तो लाभदायक है, लेकिन वही किसान भाई जब शहर में सब्जी लेकर बेजने आते है तो उनको थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे हालात को देखते हुए हमारे क्लब लायंस विशाल ने जरुरतमंदों लोगों के बीच छतरी वितरण करने का निर्णय लिया। जो हमारे लायंस इंटरनेशनल के द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है,उसी कड़ी में आज हम लोगों ने टाऊन हॉल के मैदान में एवं पुरानी बाजार छठ घाट पर किसान भाई एवं माता बहनों के बीच छतरी का वितरण किया। उसके बाद रंका मोड़ पर संकटमोचन मंदिर के पास कुछ दतवन बेचने वाले और बुट पॉलिस करने वाले भाई बंधुओं के बीच छतरी का वितरण किया गया है। इस छतरी वितरण कार्यक्रम में मुख्य भूमिका में है डॉ आर एन एस दिवाकर, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, डॉ यूएन बरनवाल, सफदर अली खान, ब्रजमोहन प्रसाद, गिरिश कमलापुरी, एवं पीआरओ सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान उपस्थित थे।

# सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में छात्राओं से वसूले जा रहे है पैसे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधरनगर/बिशुनपुरा:** बाल विकास परियोजना कार्यालय इनदिनों भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है।सरकार द्वारा किशोरियों के लिए चलाई जा रही सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में इन दिनों सेविकाओं के माध्यम से अभिभावकों-छात्राओ से 500-500 रुपये की वसूली जोर शोर से किया जा रहा है। जिन सेविकाओं द्वारा वसूली नही किया जा रहा है उनके द्वारा भेजे गए आवेदन बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका द्वारा लिया ही नही जा रहा है।यही वजह है अभिभावक-छात्राओ द्वारा सीधे बाल विकास परियोजना कार्यालय में आवेदन जमा कराने का प्रयास किया जा रहा है।लेकिन ऑपरेटर द्वारा आवेदन सिर्फ उन्हीं का लिया जा रहा है जो ऑपरेटर को 200 रुपये जमा कर रहे है। दरअसल मुक्त भोगी छात्राओ-अभिभावकों सहित नाम न छापने




की शर्त पर कुछ सेविकाओं ने बताया कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में बाल विकास परियोजना की प्रवेक्षिकाओ द्वारा सभी सेविकाओं से इस योजना का आवेदन जमा करने के लिए 500 रुपये की मांग किया जाता है।उसमें से 100 रुपये सेविका,200 रुपये पर्यवेक्षिका तथा 200 रुपये ऑपरेटर का हिस्सा होता है।इतना ही नही अगर अभिभावक-छात्राओ द्वारा जब भी संबंधित प्रवेक्षिकाओ को आवेदन जमा करने का प्रयास किया जाता है तो उनके द्वारा आवेदन तो लिया ही नही जाता।कारण सीधे-सीधे आवेदन लेने पर उन्हें कुछ भी नही मिलता।मतलब की सेविकाओं के माध्यम से दिए गए आवेदन के साथ उन्हें पैसा भी मिलता है। सीधे सीधे आवेदन जमा करने पर कुछ भी नही मिलता। न ही वे अभिभावकों-छात्राओ से पैसा मांग ही नही पाती। फिर या तो आवेदन लेती नही या फिर या फिर ऑपरेटर के पास भेज देती है।जहाँ ऑपरेटर बिना पैसा लिए आवेदन ऑन लाइन करता नही।

**प्रखंड प्रमुख विशुनपुरा दीपा कुमारी से भी किया गया 200 रुपये प्रति आवेदन**

ऐसा ही शिकायत विशुनपुरा प्रखंड की छात्राओ द्वारा ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी से किया गया। मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी ने संबंधित सेविका प्रतिमा देवी से जानकारी मांगा तो उन्हें सेविका प्रतिमा देवी द्वारा बताया गया की पैसे लेना हमलोगो का मजबूरी है क्योंकि बिना पैसा का आवेदन सीडीपीओ ऑफिस द्वारा नही लिया जाता है पैसा नही देने पर आवेदन को फेंक दिया जाता है और बोला जाता है की आप लोग पैसा नही ले सकती तो जिसका फॉर्म है उसी को यहां भेज दीजिये।इसकी लिखित शिकायत मांगने पर सेविका बोली की नही कर सकते अगर करते है तो हमलोगों का केंद्र रोज जांच होने लगेगा।

## पशु बलि के साथ किया गया यज्ञ अपवित्र हो जाता है : जीयर स्वामी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बंशीधर नगर :** धर्म की जिज्ञासा के बाद ब्रह्म की जिज्ञासा करनी चाहिये.बिना धर्म को जाने ब्रह्म की खोज कठिन होती है. भूमि में छुपी खनिज-सम्पदा एवं दूध में मिले पानी को नंगी आँखों से नहीं देखा जा सकता, इसके लिए उपकरण की आवश्यकता होती है.उसी तरह ब्रह्म को जानने के लिये धर्म रुपी उपकरण आवश्यक है. जैन धर्म सनातन से है, परन्तु जैन धर्म-दर्शन नहीं स्वीकारने के कारण सर्वमान्य नहीं हो पाया.सनातन धर्म दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं.उक्त बातें पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन में श्री श्री जीयर स्वामी ने कही.उन्होंने कहा कि मानव जीवन में शरीर से कर्म होता है जिसे मन संचालित करता है. मन को नियंत्रित रखना चाहिए. अंगुलिमाल का शरीर वही रहा लेकिन मन के बदल जाने से वह अहिंसा का पुजारी बना. जीयर स्वामी जी ने कहा कि एक बार राजा जनक आत्म ज्ञान प्राप्त करने के लिये एक सभा बुलायी. उन्होंने कहा कि अल्प समय में जो आत्मज्ञान करायेगा, उसे आधा राज दे देंगे. विद्वानों ने अलग-अलग राय दी. राजा जनक संतुष्ट नहीं हुए. सभा में पहुंचे अष्टावक्र को देख सभी लोग हँस दिये क्योंकि उनके सभी अंग टेढे थे. अष्टावक्र ने कहा कि किसी का शरीर देखकर उपाहास नहीं करनी चाहिये. उसका गुण देखना और जनाना चाहिए. जनक जी क्षमा याचना किये. अष्टावक्र जी ने घोड़ा मंगाया ,राजा जनक से कहा कि एक पैर रिकाब में रखिये और मेरा दक्षिणा दीजिए.जनक ने अपना आधा राज और शरीर देने की बातें कहीं. अष्टावक्र ने कहा कि ये दोनो आप के नहीं हैं।

# विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर किया गया पौधारोपण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** हुसैनाबाद विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद नगर पंचायत के हरही नदी स्थित सेस स्कूल एवं कनुआ बिगहा स्थित सेस स्कूल की शाखा में सैकड़ों फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर सेस स्कूल के प्रधानाचार्य कौशल किशोरम ने कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर हमारे सहयोगी शिक्षकों एवं श्रमिकों के द्वारा विद्यालय प्रांगण में सैकड़ों पौधों का रोपण किया गया।आगे उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के बुनियादी लाभों में



से एक यह है कि वे जीवन देने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और मानवों व जानवरों द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। हालाँकि, पेड़ न सिर्फ़ हमें ऑक्सीजन देते हैं बल्कि फल, लकड़ी, फाइबर, रबर आदि और भी बहुत कुछ प्रदान करते हैं। पेड़ पशुओं और पक्षियों के लिए आश्रय का भी काम करते हैं। इस मौक़े पर मुकेश कुमार पटेल, राकेश कुमार, मनोज कुमार श्रीवास्तव, रामजी यादव, ललन राम समेत अन्य शिक्षक एवं श्रमिक उपस्थित थे।

## आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में हो रहा है एकजुट होने की जरूरत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सुआ पंचायत के निराला टोला में सदर उपप्रमुख शीतल सिंह निराला के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, सदर प्रमुख बसंती देवी, जिला परिषद सदस्य बासो देवी, कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, सुआ मुखिया दुलारी देवी, उमेश सिंह चेरो, अर्जुन सिंह, रविंद्र सिंह, उपाध्याय सिंह आदि लोग उपस्थित थे। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा सिंधु कान्हो के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर निराला स्कूल के बच्चियों



ने स्वागत गान गाकर स्वागत किया। मौके पर भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने विश्व आदिवासी दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पूरे दुनिया में आदिवासियों का गौरवशाली दिवस मनाया जा रहा है लेकिन जिस प्रकार से देश के अंदर मणिपुर में घटना घटी आदिवासी महिलाओं को सरेआम निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाया गया उनकी अस्मत लूटी गई उनकी हत्या की गई यह दुनिया और मानव जाति को शर्मशार कर देने वाली घटना है।

## अनुमंडलीय पेंशनर समाज के कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अनुमंडलीय पेंशनर समाज के कार्यसमिति की बैठक पेंशनर समाज के कार्यालय में समाज के अध्यक्ष गदाधर पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में नगर उंटारी, खरौंधी,धुरकी व भवनाथपुर से 7 सदस्यों को शामिल किया गया.पेंशनर समाज द्वारा किये गये खर्च का अंकेक्षण कराया गया तथा ,अनुमोदन के लिये प्रस्तुत किया गया.बैठक में कार्यसमिति की बैठक प्रत्येक तीन माह पर कराने ,पेंशनरों की समस्याओं का समाधान कराने के लिये प्रत्येक माह के एक से सात तारीख तक कार्यालय खुला रखने,15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यालय पर 9.30 बजे झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया.बैठक में संरक्षक मण्डल के सदस्य शारदा महेश प्रताप देव, राम परिखा सिंह, विजय शंकर चौबे,सचिव शिवशंकर प्रसाद, उप सचिव सह कोषाध्यक्ष रामानंद पांडेय, कार्यालय सचिव शिवनारायण चौबे, गोपाल चौबे, राजकेश्वर महतो, रामाधार दुबे, कमलेश्वर पांडेय, यदुवर राम, सुदर्शन प्रसाद, आदि थे ।

## हरिहरगंज में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** शहरी क्षेत्र में एनएच 98 किनारे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की मांग को लेकर बुधवार को मध्य विद्यालय के समीप सड़क पर उतरकर लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व समाजसेवी सह राजद के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार यादव ने किया। इस दौरान कुछ देर के लिए सड़क पर आवागमन भी बाधित रहा। राजद नेता ने कहा कि विधायक द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि सीएचसी के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित होगा। परंतु अभी तक इस दिशा में कोई भी प्रयास नहीं किया गया है। उक्त भवन में स्वास्थ्य केंद्र रहने से आस पास के लोगों तथा सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को आपदा की परिस्थिति में



स्वास्थ्य लाभ आसानी से मिल पाएगा। जबकि नया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्य सड़क से एक किलोमीटर से भी अधिक दूर है । ऐसे में दुर्घटना के शिकार मरीजों को ससमय इलाज नहीं हो पाता है । और वहां पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं । उन्होंने कहा कि अगर शहरी स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू नहीं किया जाता है तो एक सप्ताह के बाद जनहित में उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर रघुपत शर्मा, महेंद्र प्रजापति, नीरज कुमार, जगदीश पासवान, सत्येंद्र पासवान, छोटू कुमार, अर्जुन सिंह, मुनरिक यादव, सुरेंद्र चौधरी, मुमताज अंसारी, मुख्तार अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे ।

# सहायक लोक अभियोजक को स्थानांतरण उपरांत विदाई दी गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के सहायक लोक अभियोजक अनुराग शुक्ला के स्थानांतरण उपरांत जिला अभियोजन कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदित को की अनुराग शुक्ला का स्थानांतरण साहेबगंज सिविल कोर्ट में हो गया है। इसकी अध्यक्षता प्रभारी लोक अभियोजक राजेश शर्मा ने की। इस मौके पर सहायक लोक अभियोजक अनुराग शुक्ला के कार्य की प्रशंसा की गई। मौके पर सहायक लोक अभियोजक को पुष्प गुच्छ देकर माल्यार्पण कर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अनुराग शुक्ला ने कहा कि पलामू जिले के अधिवक्ताओं के साथ-साथ न्यायिक पदाधिकारी व आम जनमानस का न्यायिक कार्य निष्पादन



के सहयोग में भरपूर सहयोग मिला है ।इस मौके प्रभारी लोक अभियोजक राजेश शर्मा ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है।शुक्ला जी ने पलामू जिले में पूरी ईमानदारी व वफादारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। शुक्ला जी का कार्यकाल काफी प्रशंसनीय है।

# पांच पुड़िया हीरोइन के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर शहर थाना की पुलिस ने पांच पुड़िया हीरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि दिनांक 09.08.2023 को TOP - 2 प्रभारी, स0अ0नि0 रूद्रानन्द सरस को 06.00 बजे सुबह सासाराम रांची इंटरसिटी से एक युवक के स्टेशन रोड स्थित पेयजल विभाग के पांनी टंकी से पास मादक द्रव्य लाकर बेचने की



सूचना मिली थी जिस सूचना पर सअनि रूद्रानन्द सरस अपने TOP - 2 के जवान के साथ कार्रवाई करते हुए स्टेशन रोड स्थित पेयजल विभाग के पांनी टंकी के पास पहुंचे। पुलिस को आते देख एक व्यक्ति भागने की कोशिश में घेराबंदी कर रोक लिये गये जिनसे नाम पता पूछने पर युवक ने अपना अवधेश कुमार शर्मा उम्र 34 वर्ष पिता स्व0 बालगोविन्द शर्मा, सा0 सगालीम थाना पांकी, जिला पलामू बताया। स0अ0नि0 रूद्रानन्द सरस द्वारा इनके पा मादक पदार्थ पाये जाने की सम्भावना जताते हुए विधिपूर्ण तलाशी की कार्रवाई से अवगत कराया । अवधेश शर्मा द्वारा तलाशी की सहमति दिये जाने के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर मेदनीनगर के द्वारा विधिवत तलाशी ली गयी ।

# पलामू कांग्रेस ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में आदिवासी गौरव दिवस मनाया गया। मौके पर आदिवासी समाज के प्रबुद्धजनों को सम्मानित की गई। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने शॉल ओढ़ाकर दर्जनों आदिवासी समाज के लोगों को सम्मानित कियासर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने भगवान बिरसा मुंडा एवं देश के जननायकों के तस्वीर पर फूल माला देखकर श्रद्धा सुमन अर्पित की लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि आज विश्वा आदिवासी दिवस के इस शुभ अवसर पर सर्वप्रथम बाबा तिलका मांझी भगवान बिरसा मुंडा सिदो कन्हो राणा पूंजा तेलंगा खड़िया पोटो हो फूलों झानो पातोगान संगमा जतरा भगत कोमाराम भीमा नायक कंडा भील बुधु भगत जैसे वीर नायकों को




नमन करता हूं। आदिवासियों की कहानी लंबे संघर्ष एवं कुर्बानियों की कहानी है संघर्षो के मूर्ति हम अपने महापुरुषों और वीरांगनाओं पर गर्व करते हैं विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मैं बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं डॉक्टर जयपाल सिंह मुंडा को विशेष रूप से याद करना चाहूंगा आपके प्रयास से आदिवासी समाज के हितों की रक्षा के लिए भारतीय संविधान में विशेष प्रावधान हों पाया।झारखंड आदिवासी बहुल्य राज्य आदिवासियों के हित की रक्षा के लिए कांग्रेस हमेशा तत्पर होकर कार्य कर रही है परंपरा भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण की दिशा में काम किया जा रहा है मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी जिला उपाध्यक्ष विनोद तिवारी ईश्वरी प्रसाद सिंह जितेंद्र कमलापुरी सुरेश कुमार पाठक भिखारी राम विद्या सिंह चेरो शमीम अहमद राइम रूद्र शुक्ला कृष्णमणि दुबे राजेंद्र अग्रवाल ओमप्रकाश अमन विश्राम दुबे सत्येंद्र सिंह सच्चिदानंद मिश्रा सोनू खान मिट्ठू खान रविंद्र कुमार सागर दास जतरू उरांव मनोज शुक्ला खुर्शीद आलम सुरेंद्र कुमार शुक्ला शैलेश कुमार मेहता अनिल सिंह मुन्ना खान शिवानी देवी जमुना उरांव राजेंद्र उरांव सोनू सिंह सिराजुद्दीन अंसारी सतीश कुमार अभिषेक चौधरी शशि उपाध्याय सुनील पासवान उदय यादव उमेश यादव प्रभात अग्रवाल सैकड़ो के संख्या में लोग उपस्थित थे।

## महंगे फोन और गिफ्ट के नाम पर महिला से डेढ़ लाख रुपए की ठगी, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू में एक महिला से आईफोन और महंगे गिफ्ट के नाम पर ठगी हुई है. घटना के बाद पुलिस मामले में छानबीन कर रही है. पीड़ित महिला पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है. दरअसल, महिला को कुछ दिनों पहले व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया था. मैसेज के माध्यम से महिला को आईफोन समेत कई महंगे गिफ्ट मिलने की जानकारी दी गई थी. जिसके बाद महिला ने गिफ्ट लेने की इच्छा जताई थी।कुछ दिनों बाद महिला से कहा गया कि उसका गिफ्ट आ गया है और मुंबई कस्टम में फंसा हुआ है. गिफ्ट लेने के लिए कस्टम में कुछ रुपए देने होंगे. महिला ने शुरुआत में 13 हजार रुपए दिए थे. धीरे-धीरे महिला ने कस्टम के नाम पर ठग को डेढ़ लाख रुपए दे दिए. बाद में महिला को अहसास हुआ की वह ठगी की शिकार हो गई है. इसके बाद में महिला ने छतरपुर थाना पुलिस से मामले की शिकायत की. महिला द्वारा शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है. महिला पलामू के ग्रामीण इलाके की रहने वाली हैं और परिवार खेती-किसानी से जुड़ा हुआ है।गौरतलब हो कि पलामू के ग्रामीण इलाके में भी लोग इस तरह से ठगी का शिकार हो रहे हैं. कुछ दिनों पहले एक महिला स्वास्थ्य कर्मी से ऑनलाइन गिफ्ट के नाम पर 2 लाख, 70 हजार रुपए की ठगी हुई थी।

## झामुमो के केंद्रीय महा सचिव बनाए जाने पर मंत्री मिथिलेश को कार्यकर्ताओं ने दिया बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया है। पुनर्गठित नई कमेटी में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को केंद्रीय महासचिव बनाया गया। श्री ठाकुर को जेएमएम के केंद्रीय महासचिव बनाए जाने पर गढ़वा जिला झामुमो कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दिया है। कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री ठाकुर के रांची स्थित आवास पर पहुंचकर उन्हें माला पहना कर एवं पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिया।कार्यकर्ताओं ने कहा कि मंत्री को पुनः पार्टी के महासचिव पद की बहुत बड़ी जिम्मेवारी दी गई है। वे पार्टी की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरेंगे।कार्यकर्ताओं ने कहा कि मंत्री ठाकुर की ऊर्जा एवं निष्ठा को देखते हुए दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरा भरोसा कर उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपा है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 218

गुरुवार

10.08.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

जिंदगी उनके लिए कभी आसान नहीं होती जो केवल सपने देखते हैं..

ताजा खबरों के लिए देखें

नयनश्री नेत्रालय

आंखों का संपूर्ण इलाज

O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक

Dr. Gurcharan Singh

MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )

Call: 7707013096

असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान

अधिकतम 26°

न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### राज्यपाल पर समानांतर सरकार चलाने का आरोप

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल पर समानांतर सरकार चलाने का आरोप लगाया है। ममता ने कहा कि राज्यपाल की हिम्मत है तो भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत कर आएं। बुधवार दोपहर बाद झाड़ग्राम में जनजातियों से संबंधित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि आज भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ है और उनका मुख्य मकसद भाजपा को देश से भगाना है। ममता ने कहा, हमने जंगलमहल में शांति बहाल की है। अब जंगलमहल के लोग बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमने झाड़ग्राम में एक विश्वविद्यालय बनाया है। हमारे गवर्नर काला चश्मा पहनते हैं और शिक्षा पर ज्ञान देते हैं। अगर हम उन्हें भेजते भी हैं तो वे फाइल पर हस्ताक्षर नहीं करते। लेकिन वे केरल से अधिकारी ला रहे हैं और कुलपति बना रहे हैं। याद रखें कि कुलपति बनने के लिए 10 साल का अनुभव होना चाहिए। आलिया विश्वविद्यालय में एक ऐसे वीसी को नियुक्त किया है जिसके पास शिक्षा का कोई अनुभव नहीं है। झाड़ग्राम विश्वविद्यालय में न तो कोई कुलपति है और न ही कोई रजिस्ट्रार। यहां तक कि सर्टिफिकेट भी किसी को नहीं दिया जा सकता। मैं मुख्य सचिव से व्यवस्था करने का अनुरोध करती हूं। मुझे पता है कि कुलपति बनने के लिए तीन नाम भेजने होंगे। राज्यपाल को चुनौती के लहजे में ममता ने कहा, %अगर आपमें हिम्मत है तो राज्य विधानसभा में पारित विधेयक पर हस्ताक्षर करें। छात्रों को बुलाकर भ्रष्टाचार, दंगे की बात करते हैं। क्या यह राज्यपाल का काम है? आप बलपूर्वक राज्य नहीं खरीद सकते। भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ कर दिखाएं। 100 साल में भी नहीं जीत पाएंगे।

### बीएसएफ ने दो बांग्लादेशी नागरिकों को दबोचा

**जलपाईगुड़ी :** जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के सिलीगुड़ी सेक्टर के अंतर्गत बीएसएफ की 15वीं बटालियन की बॉर्डर आउट पोस्ट दाइखाता के सर्तक सीमा जवानों ने दो बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के नाम मोहम्मद अलामीन (32) और मोहम्मद खाजा मुस्तकिन (31) है। बीएसएफ ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी इसकी जानकारी दी है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों को उस समय पकड़ा गया जब अवैध रूप से भारत से बांग्लादेश की ओर सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। दोनों से पूछताछ में बीएसएफ को पता चला कि रोजी-रोटी के सिलसिले में नेपाल गए थे। पकड़े गए दोनों बांग्लादेशी नागरिकों को आगे की कार्रवाई के लिए कोतवाली थाने की पुलिस को सौंप दिया गया है।

### अस्पताल से स्वस्थ होकर घर लौटे पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य 12 दिनों तक अस्पताल में रहने के बाद आखिरकार बुधवार दोपहर बाद बालीगंज के पॉम एवेन्यू स्थित अपने आवास पर लौट आए हैं। दोपहर 12¬30 बजे के करीब एंबुलेंस के जरिए उन्हें घर लाया गया। उन्हें घर ले जाने के लिए पत्नी मीरा भट्टाचार्य अस्पताल पहुंची थीं। अलीपुर के वुडलैंड अस्पताल में जहां वह भर्ती थे वहां से चिकित्सकों की टीम उनके घर पहुंची है जो लगातार उनकी निगरानी करेगी। घर के अंदर जहां उनको रखा गया है उसे पूरी तरह से सेनिटाइज किया गया है और घरवालों के अलावा किसी और को जाने की अनुमति नहीं है। उनकी सेहत पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

## झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 का सांसद शिबू सोरेन व सीएम हेमन्त सोरेन ने किया भव्य शुभारंभ

# आदिवासी संस्कृति को आदर के साथ देखने की जरूरत : हेमंत

## आदिवासी महोत्सव आदिवासी समुदाय की एकजुटता और आपसी भाईचारा को दर्शाता है : शिबू सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सभी आदिवासी समुदाय की संस्कृति एक जैसी है। आदिवासियों से मेरा आग्रह है कि वे अपने बच्चे-बच्चियों को शिक्षित जरूर करें। जब बच्चे शिक्षित होंगे तभी आदिवासी समुदाय उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह महोत्सव आदिवासी समुदाय की एकजुटता और आपसी भाईचारा को दर्शाता है। आने वाली पीढ़ी भी इसी तरह अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़ी रहे, इसके लिए उन्हें प्रेरित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस है। इस अवसर पर दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का मौका मिला है। इस महोत्सव के अपने मायने हैं। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए आदिवासी समूह अपना नृत्य एवं गायन तो प्रस्तुत करेंगे ही, साथ ही आदिवासी समाज की समस्या एवं अन्य समसामयिक विषयों पर विमर्श का भी कार्यक्रम रखा गया है। इस महोत्सव से आदिवासी जीवन दर्शन और लोक संस्कृति को एक अलग और विशिष्ट पहचान मिलेगी।

### विस्थापन का दर्द जेल रहा है आदिवासी समुदाय

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग सभी हिस्सों में आदिवासी समाज को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ा है एवं केंद्र तथा राज्य में सरकार चाहे किन्हीं की हो आदिवासी समाज के दर्द को कम करने के लिए कभी समुचित प्रयास नहीं किये गये । हमारी व्यवस्था कितनी निर्दयी है ? कभी यह पता लगाने का काम भी नहीं किया कि कहाँ गए खदानों, डैमों, कारखानों के द्वारा विस्थापित किये गए लोग ? खदानों / उद्योगों / डैमों से विस्थापित हुए, बेघर हुए लोगों में से 80 प्रतिशत आदिवासी हैं। काट दिया गया लाखों लोगों को अपनी भाषा से, अपनी संस्कृति से, अपनी जड़ों से। कल का किसान आज वहाँ साइकिल पर कोयला बेचने को मजबूर है। बड़े-बड़े शहरों में जाकर बर्तन धोने, बच्चे पालने या ईट भट्ठों में बंधुआ मजदूरी करने के लिए विवश किया गया है। बिना पुनर्वास किये एक्ट बनाकर लाखों एकड़ जमीन कोयला कम्पनियों को दिया गया। हमारा झरिया शहर बरसों से आग की भट्ठी पर तप रहा है लेकिन कोयला कम्पनियां एवं केंद्र कान में तेल डालकर सोयी हुई है।

### एकजुट होकर लड़ें और आगे बढ़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मैं देश के 13 करोड़ से ज्यादा आदिवासियों भाइयों-बहनों से एक होकर लड़ने एवं बढ़ने का अपील करता हूँ। गोंड, मुंडा, भील, कुकी, मीणा, संथाल, असुर, उराँव, चेरो आदि सभी को एकजुट होकर सोचना होगा। आज देश का आदिवासी समाज बिखरा हुआ है। हम जाति-धर्म-क्षेत्र के आधार पर बंटे हुए हैं। जबकि सबकी संस्कृति एक है। खून एक है, तो समाज भी एक होना चाहिए। हमारा लक्ष्य भी एक होना चाहिए। हमारी समस्या का बनावट लगभग एक जैसा है, तो हमारी लड़ाई भी एक होनी चाहिए।




### नृत्य, संगीत के साथ साथ संघर्ष आदिवासी समाज की है पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि नृत्य, संगीत के साथ-साथ सदैव संघर्ष आदिवासी समाज की मुख्य पहचान है। आज जब मैं आदिवासी महोत्सव के मंच से बोल रहा हूँ तो बिना झिझक कहना चाहूंगा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में हमारे आदिवासी भाई-बहन प्रताड़ना झेलने को विवश हैं, अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। क्या मध्य प्रदेश ? क्या मणिपुर ? क्या राजस्थान ? क्या छत्तीसगढ़ ? क्या गुजरात ? क्या तमिलनाडु ? मणिपुर में हजारों घर जल कर तबाह हो गये हैं, सैकड़ों लोगों को मारा गया है, महिलाओं की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया गया है । दरअसल यह सदियों से चले आ रहे संघर्ष का ही विस्तार है। संघर्ष है वर्चस्ववादी ताकतों और समानता तथा भाईचारे की ताकतों के बीच। संघर्ष है धार्मिक कट्टरपंथियों और जियो और जीने दो की उदार ताकतों के बीच । संघर्ष है भविष्यवादी, भाग्यवादी चिंतकों और वर्तमान को समृद्ध करने वाली शक्तियों के बीच । संघर्ष है प्रकृति पर कब्जा करने वाली विनाशकारी शक्तियों एवं प्रकृति का सहयोगी - सहभोगी बन कर रहने वाली श्रमजीवी एवं साहसी शक्तियों के बीच ।

### हमें टुकड़ों में बांटकर देखने का प्रयास किया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम आदिवासी संस्कृति, आदिवासी समाज के इतिहास को जानने का प्रयास करते हैं, तो 1800 ई. के पूर्व का ज्यादा जिक्र नहीं मिलता है। जब हमारे बारे में लिखना प्रारंभ किया गया तब भी हमें केवल क्रान्ति की श्रृंखला का नेतृत्वकर्ता मान लिया। हमें टुकड़ों में बाँट कर देखने का प्रयास हुआ। जबकि इतिहास के हर दौर में आदिवासी समाज अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज करवाते रहा है। हमारे पूर्वजों ने गणतंत्र की स्थापना की, राज्य निर्माण किया, लोक कल्याणकारी शासक वंशों की स्थापना की। इन परिस्थितियों में यह कहना गलत नहीं होगा कि इस देश की सभ्यता-संस्कृति को गढ़ने में आदिवासी समाज के योगदान की पुनः व्याख्या की जाए।

## केरलम होगा केरल का नया नाम!



### राज्य सरकार ने केंद्र को भेजा प्रस्ताव

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम** : केरल राज्य के नाम में बदलाव हो सकता है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने राज्य का नाम बदलने के लिए बुधवार को विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव पारित भी हो गया है। अब इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार के पास भेजा गया है। सीएम पिनाराई ने आज विधानसभा में कहा, नियम 118 के तहत इस सदन में एक प्रस्ताव पेश किया जा रहा है। केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में हमारे राज्य का आधिकारिक नाम बदलकर केरलम किया जाए। लेफ्ट सरकार का ये प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हो गया है। राज्य में विपक्षी गठबंधन यूडीएफ (संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा) ने इसे बिना किसी संशोधन या बदलाव के सुझाव के स्वीकार कर लिया। सीएम ने कहा कि हमारी मलयालम भाषा में इसे केरलम कहा जाता है जबकि अन्य भाषाओं में इसे केरल कहा जाता है।

केरल में वैश्विक स्तर पर एक नवंबर से केरलीयम मनाया जाएगा। बता दें कि इससे पहले केरल विधानसभा ने मंगलवार को देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के फैसले के खिलाफ सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। विधानसभा में पेश प्रस्ताव में कहा गया, केरल विधानसभा यूसीसी लागू करने के केंद्र सरकार के कदम पर चिंता और निराशा व्यक्त करती है। सदन का मानना है कि केंद्र सरकार की एकतरफा और जल्दबाजी की कार्रवाई संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को खत्म कर देगी।

अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सरकार व विपक्ष में हुई तीखी बहस

# मणिपुर में हिंदुस्तान की हत्या की गई : राहुल

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राहुल गांधी बुधवार को सांसदी बहाल होने के बाद पहली बार सदन में बोले। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही चर्चा के दौरान राहुल ने अपनी बात रखी। इस दौरान राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर राहुल सबसे ज्यादा हमलावर रहे। राहुल ने कहा कि कुछ ही दिन पहले मैं मणिपुर गया। हमारे प्रधानमंत्री आज तक नहीं गए क्योंकि उनके लिए मणिपुर हिंदुस्तान नहीं है। मैंने मणिपुर शब्द प्रयोग किया, लेकिन आज की सच्चाई यह है कि मणिपुर नहीं बचा है। मणिपुर को आपने दो भाग में बांट दिया है, तोड़ दिया है। मैं मणिपुर में राहत शिविरों में गया। वहां महिलाओं से बात की, बच्चों से बात की, जो प्रधानमंत्री ने आज तक नहीं की।

राहुल ने कहा,मणिपुर में हिंदुस्तान की हत्या की गई. राहुल ने कहा कि पिछले साल 130 दिन के लिए मैं भारत के एक कोने से दूसरे कोने तक गया। अकेला नहीं था। बहुत सारे लोगों के साथ गया। मैं समुंदर के तट से कश्मीर की बर्फीली पहाड़ी तक चला। यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है। यात्रा जारी है। जरूर लद्दाख भी जाऊंगा। बहुत सारे लोगों ने मुझसे यात्रा के दौरान पूछा कि राहुल तुम क्यों चल रहे हो? कन्याकुमारी से कश्मीर तक क्यों जा रहे हो? जब वो मुझसे पूछते थे तो शुरुआत में मेरे मुंह से जवाब नहीं निकलता था। शायद मुझे ही नहीं पता था कि मैंने यात्रा क्यों शुरू की है? जब मैंने कन्याकुमारी से शुरू किया तो मुझे लगा कि मैं भारत को समझना चाहता हूं, लेकिन गहराई से मुझे पता नहीं था। थोड़े दिन में मुझे बात समझ आने लगी। जिस चीज से मुझे प्यार था, जिस चीज के लिए मैं मरने को तैयार हूं, जिस चीज के लिए मैं मोदी जी की जेलों में तैयार हूं, जिस चीज के लिए मैंने 10 साल हर रोज गाली खाई, उस चीज को मैं समझना चाहता हूं। ये आखिर है क्या, जिसने मेरे दिल को इतनी मजबूती से पकड़ रखा था, उसे मैं समझना चाह रहा था।



### खून से सना है इनका इतिहास : ईरानी

स्मृति ईरानी ने राहुल पर पलटवार करते हुए कहा, इनका इतिहास खून से सना है. जिन लोगों की हत्या हुई, वे इन लोगों को न्याय के कटघरे में नहीं ला सके. इसलिए मैं उनका जिक्र सदन में कर रही हूं. ये लोग चाहते हैं कि मणिपुर में चर्चा हो. हमारे नेताओं ने कहा कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं. भागे ये, हम नहीं. भागने के पीछे कारण क्या, गृह मंत्री जब बोलने लगेंगे. ये लोग मौन साध लेंगे. स्मृति ईरानी ने कहा, ये लोग मौन थे, कई चीजों पर. आज भी मौन हैं. अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट कहती है, इनके करप्शन की वजह से जीडीपी पर 9त्न असर होगा, लेकिन ये चुप थे. आज भी चुप हैं. यूपीए की सरकार को 2005 में ये ज्ञात हो गया था कि खुले में शौच होने की वजह से महिलाओं का रेप हो रहा है. फिर भी ये चुप थे.

### राहुल गांधी की फ्लाइंग किस पर बवाल, स्पीकर तक पहुंचा मामला

अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा से बाहर जाते हुए अभद्र इशारा किया, जिसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए. स्मृति का आरोप था कि संसद में जब महिला सांसद बैठी हुई थीं तब कोई इस तरह फ्लाइंग किस का इशारा करके जाए तो यह काफी अभद्र है. स्मृति ईरानी के बयान के बाद राहुल गांधी से जुड़ा ये मामला काफी बड़ा हो गया है. करीब 22 महिला सांसदों ने स्पीकर ओम बिड़ला को चिट्ठी लिखी है और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है. बीजेपी सांसद पूनम महाजन ने राहुल को बर्खास्त करने की अपील की है, जबकि रीता बहुगुणा जोशी का आरोप है कि राहुल ने ट्रेजरी बेंच की ओर फ्लाइंग किस किया था.

# चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत का चंद्रयान-3 मिशन बुधवार को चांद के और करीब पहुंच गया। इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 स्पेसक्राफ्ट ने चांद की कक्षा बदलने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। अब चंद्रयान-3 चांद के और करीबी कक्षा में पहुंच गया है। गौरतलब है कि 14 जुलाई को लॉन्चिंग के बाद चंद्रयान-3 पृथ्वी की कक्षा छोड़ 5 अगस्त को सफलतापूर्वक चांद की कक्षा में पहुंच गया था। इसरो ने एक ट्वीट में कहा, चंद्रयान-3 अब चांद की सतह के और करीब है। चंद्रयान-3 के ऑर्बिट कम करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इसकी दूरी 174 किमी*1437 किमी रह गई है। इसरो ने कहा कि अब यान का चांद की कक्षा



बदलने से जुड़ा ऑपरेशन 14 अगस्त को दिन में 11.30 से 12.30 के बीच होगा। जैसे-जैसे मिशन आगे बढ़ रहा है चंद्रयान-3 को चांद की कक्षा में और नीचे उतारने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि इसे चांद के ध्रुव पर पहुंचाया जा सके। गत 15 जुलाई को चंद्रयान-3 ने सफलतापूर्वक पृथ्वी की पहली कक्षा में प्रवेश किया था। इसके बाद चंद्रयान ने 17 जुलाई को पृथ्वी की दूसरी और 18 जुलाई को पृथ्वी की तीसरी कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया। इसके बाद 20 जुलाई को चंद्रयान ने पृथ्वी की चौथी और 25 जुलाई को पृथ्वी की पांचवीं कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने एक अगस्त को भारत के बहुप्रतीक्षित अभियान चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान को पृथ्वी की कक्षा से निकालकर सफलतापूर्वक चांद की कक्षा की तरफ रवाना किया था। पांच अगस्त को चंद्रयान सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया था। इसके बाद चंद्रयान-3 से खींची गई कई तस्वीरों को इसरो ने साझा भी किया था।

# पूर्व पार्षद ओम प्रकाश पर गोली चलाने वाले तीन आरोपी चरस के साथ गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में तीन महीने पहले पूर्व पार्षद ओम प्रकाश मंडल पर गोली चलाने वाले तीन अपराधियों रातू रोड के इंद्रपुरी के रहने वाले मदन कुमार उर्फ सोनू, आर्यपुरी के रहने वाले सिंटू जायसवाल व गाड़ीखाना चौक के पास रहने वाले सरताज शाह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपराधियों के पास से हथियार, गोली व चरस भी बरामद किए। बुधवार को एसएसपी किशोर कौशल ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि अपराधकर्मी दिल्ली से ट्रेन के माध्यम से चरस लेकर रांची आ रहे हैं। इसके बाद सिटी एसपी के नियंत्रण में डीएसपी कोतवाली के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम को पहाड़ी मंदिर के पीछे मैदान के पास होने की सूचना मिली। इसके बाद छापामारी दल के द्वारा 2 संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। इसके बाद



तलाशी में प्लास्टिक में बंधा हुआ चरस मिला। नाम पूछने पर एक ने मदन कुमार उर्फ सोनू व दूसरे ने सिंटू जायसवाल बताया।पूछताछ के दौरान बताया कि चरस लाने के लिए फ्लाइट से दिल्ली जाते थे और चरस लेकर राजधानी ट्रेन से रांची आते थे। इसके बाद रांची के विभिन्न क्षेत्रों में बिक्री कर देते थे। सख्ती के साथ पूछताछ करने के बाद अपराधियों ने बताया कि तीन माह पूर्व पूर्व पार्षद ओम प्रकाश मंडल के साथ मरपीट कर गोली चलाई थी। बाद में दोनों अपराधी कोर्ट में समर्पण कर जेल चले गए थे।

## विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर चीक बड़ाईक समाज सिल्ली के तरफ से लुपुंग पंचायत भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन लुपुंग मुखिया सीमा बड़ाईक और शैलेन्द्र बड़ाईक के नेतृत्व में हुई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चीक बड़ाईक समाज के केंद्रीय अध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक एवं विशिष्ठ अतिथि सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रभुदयाल बड़ाईक ने कहा की आज विश्व आदिवासी दिवस हम आदिवासी समाज के लिए गर्व की बात तो है पर झारखंड में हम आदिवासी होते हुए भी सरकार के उदासीनता के कारण उपेक्षित हैं।आज जहाँ झारखंड राज्य का गठन ही हम आदिवासियों के उत्थान और भलाई के लिए किया गया था लेकिन दुर्भाग्य है कि आज आदिवासी ही छले जा रहे हैं झारखंड में आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुए भी आदिवासियों का काम नहीं हो रहा है अखबारों में प्रेस मीडिया में तो बहुत ही कार्य दर्शाया जाता है पर जमीन में किसी रूप में नहीं दिखता है। आज चीक बड़ाईक समाज को पूरे झारखंड में एकजुट होने की जरूरत है।तब समाज का भला हो सकता है।सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक ने कहा समाज को अपनी कमियों को भूल कर एक दूसरे की सहयोग करने की जरूरत है।कार्यक्रम में समाज के जिला अध्यक्ष रामदेव बड़ाईक ने नागपुरी गीत और कविता के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया कार्यक्रम का संचालन उपानंद बड़ाईक ने किया। कार्यक्रम को सतीश बड़ाईक प्रेमचंद बड़ाईक रासबिहारी गोंझु महादेव बड़ाईक राजू बड़ाईक ने भी संबोधित किया एवं कार्यक्रम में पूनम बड़ाईक अशोक बड़ाईक रामप्रकाश बड़ाईक गजेंद्र बड़ाईक उमेश बड़ाईक बजरंग बड़ाईक महाबीर बड़ाईक अमृत बड़ाईक सोनू बड़ाईक अंजु बड़ाईक कल्याणी बड़ाईक सोनू बड़ाईक रोशन बड़ाईक सोना बड़ाईक बॉबी बड़ाईक हर्ष बड़ाईक के अलावे दर्जनों चीक बड़ाईक समाज के लोग शामिल थे।

## शहीद निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत झारखंड मोड़ में मंगलवार के दिन सुबह 9 बजे झारखंड आंदोलन के प्रणेता एवं माटी के वीर सपूत शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर उनके आदम कद प्रतिमा पर गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने माल्यार्पण किया। विधायक ने माल्यार्पण के दौरान कहा कि निर्मल महतो के विचारों, मूल्यों, साहस और जुनून को हर पल हर दिल में और दिमाग में जिंदा रखेंगे तथा उनके पद चिन्हों पर चलकर ही समाज का कल्याण हो सकेगा। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्णा साहू, सुशील महतो, आजसू के केंद्रीय सचिव जयपाल सिंह, संजय सिद्धार्थ, लक्ष्मण महतो, रासुदेव कोईरी, पूर्व मुखिया प्रकाश सिंह बड़ाईक समेत विधानसभा के सैकड़ो आजसू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पारसनाथ उरांव के सौजन्य से मैराथन दौड़ व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव के सौजन्य से विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 4 किलोमीटर का मैराथन दौड़ खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेट्रिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय श्रेणी से उतीर्ण परीक्षार्थियों को सम्मानित किया गया । पुरुष मैराथन दौड़ में प्रथम पुरस्कार प्रेमचंद बेदिया स्मार्ट फोन.... द्वितीय पुरस्कार बालकिशोर बेदिया को साइकिल व तृतीय पुरस्कार .दिनेश महतो को पंखा प्रदान किया गया । महिला मैराथन दौड़ में प्रथम पुरस्कार आरती कुमारी को साइकिल.. द्वितीय पुरस्कार .रेखा कुमारी को पंखा व..तृतीय पुरस्कार .प्रतिमा कुमारी को आयरन ..प्रदान किया गया । अनगड़ा प्रखंड मेट्रिक के परीक्षा में अव्वल नम्बर से उतीर्ण विद्यार्थियों को ट्रॉफी व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया । फुटबॉल खेल के प्रथम प्रतिभागी एफ सी ग्रुप लुपुंग..को 5000? नकद और ट्रॉफी.. द्वितीय प्रतिभागी 3000? नकद और ट्राफी .एफ सी ग्रुप हेसल व तृतीय प्रतिभागी को 2000?नकद और ट्रॉफ़ी प्रदान किया गया । कार्यक्रम के पारसनाथ उरांव ने कहा चाहे आप जहां जाते हैं लेकिन अपना संस्कृति को न भूले सांप चूहा का बिल में घुसकर पहले चूहा को खाता है फिर उसी में अपना डेरा डालता है इसी तरीके से दूसरे राज्य से लोग झारखंड में आ रहें और यहां के लोगों को दबाने का काम कर रहें ।

# शिक्षा, संस्कार और आर्थिक विकास से होगी मूलवासियों के अस्मिता की रक्षा : डॉ. अमर चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मूलवासियों की अस्मिता की रक्षा शिक्षा, संस्कार एवं आर्थिक विकास से ही संभव है. अपने परिवार को शैक्षणिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत करें. हमेशा सकारात्मक सोच रखें. अपने भाई, समाज को सुख, दुख में साथ दें. यह बात झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रजिस्टार डा अमरकुमार चौधरी ने खलारी में कही. डा चौधरी बुकबुका पंचायत सचिवालय भवन में डा अंबेडकर विचार मंच एवं सम्यक ज्ञान निकेतन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विश्व मूलवासी



आदिवासी दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने मूलवासी आदिवासी समाज को आडंबर और नशाखोरी से दूर रहने कहा.कहा कि विस्थापित रैयतों को अपनी हक की कानूनी लड़ाई लड़नी होगी. उन्होंने नई शिक्षा नीति के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया.इससे पूर्व डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तथा भगवान बिरसा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया. अन्य वक्ताओं ने मूलवासियों, आदिवासियों के हितों की रक्षा संबंधी अपने विचार रखे. संचालन आनंद तूरी ने किया. कार्यक्रम में जिप सदस्य सरस्वती देवी, पंसस धीरज बहादुर, पंसस किरण तिर्की, बेती मुखिया सरिता देवी, अनिता एक्का, सरोज चौधरी, शेखवकील अहमद, प्रीतम साहू, रवीन्द्रनाथ चौधरी, दिलीप पासवान, अशोक महतो, गणेश भुइयां, अशोक राम, मनीष भुइयां, कुलदीप लोहरा, दिलीप तूरी, प्रधान मंडा, जीतेन्द्र सिंह, रामसूरत यादव, रवीन्द्र पासवान, सीनी समाड, सुनीता उरांव, सुरेन्द्र राम, अमित, सुदामा राम, कौशल्या देवी, बसंत चेरो, नीलू विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे.

## पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ ने खूंटी में की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आज बुधवार को खूंटी जिला पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की बैठक कर्रा रोड बगडू बगीचा नर्सिंग स्कूल के सामने जिला अध्यक्ष बाल गोविंद महतो की अध्यक्षता में खूंटी जिला के सभी प्रखंड के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ अपनी पांच सूत्री मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पिछले 8 जुलाई 2023 से राजभवन के समीप चल रहा है प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के द्वारा निर्णय लिया गया है कि आगामी 12 अगस्त 2023 दिन शनिवार को पूरे झारखंड प्रदेश के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ झारखंड की राजधानी रांची में



भिक्षाटन कार्यक्रम में उपस्थिति को लेकर निर्णय लिया गया। तोरपा प्रखंड कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष पीतांबर सिंह को बनाया गया। इस बैठक में, मंगरा तोपनो, बीरेंद्र ठाकुर, बनवानरी पूर्ति, संतोष सिंह, पीताम्बर सिंह, रामकुमार, बलराम सिंह, दिलीप तिर्की, गंगा मुंडा, राहूल कुमार, राजेश्वर बैठा, एवं सभी प्रखंड के सैकड़ो पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## कर्रा में भव्य रूप से विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड में विश्व आदिवासी दिवस को लेकर संयुक्त पड़हा संघ, आदिवासी प्रमुख संगठन व ग्राम सभा के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को हाई स्कूल मैदान से विशाल जुलूस निकाला गया. विश्व आदिवासी दिवस का जुलूस हाई स्कूल मैदान से कर्रा-खूंटी रोड़ होते मस्जिद चौक, थाना चौक से प्रखंड कार्यालय पहुंचाकर सभा में परिवर्तन हो गया. जुलूस में पड़हा झंडा, बैनर व तख्ती के साथ हजारों महिला पुरूष विश्व आदिवासी दिवस जिन्दाबाद, भगवान बिरसा मुंडा जिन्दाबाद, आदिवासी एकता जिन्दाबाद, शहीद लड़ाऊ कच्छप जिन्दाबाद के अलावे झारखंड के वीर शहीदों के नाम जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचे.

जहां भगवान वीर बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प वर्षा के बाद सभा का आयोजन किया गया. जहां झामुमो युवा नेता राजन मुंडा, आदिवासी नेता शिबू होरो, होरो पड़हा राजा सुनील होरो, हेरेंज पड़हा राजा एतवा मुंडा, बमरजा पंचायत मुखिया अनूप कुजूर, झामुमो मिडिया प्रभारी राहुल केशरी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, सरना जागृति मंच के प्रखंड अध्यक्ष जय मंगल मुंडा ने बिरसा मुंडा कि प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. जिसके बाद विश्व आदिवासी दिवस पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार देते हुए सभा को संबोधित किया. कर्रा में सभा सम्पन्न के बाद सभी लोग जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए कचहरी मैदान खूंटी रवाना हुए।

## झामुमो जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद के नेतृत्व में सभी प्रखंडों में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आज आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर झामुमो केंद्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार खूंटी जिला में झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के अध्यक्षता में विभिन्न प्रखंडों में कार्यक्रम किया गया जिसमें कर्रा प्रखंड के जलटडा में एक सौ वृक्षारोपण किया गया और जल जंगल जमीन को बचाने का संकल्प लिया गया । आदिवासी दिवस के उपलक्ष में खूंटी कचहरी मैदान के कार्यक्रम में झामुमो जिला समिति के सभी पदाधिकारी हुए शामिल सभी ने एक दूसरे को आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए और सभी ने मिलकर एक साथ जल जंगल जमीन और आदिवासी की रक्षा के संकल्प लिया आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा खूंटी ज़िलाध्यक्ष जुबैर अहमद, झामुमो जिला सचिव गुलशन सिंह मुंडा,उपाध्यक्ष मंगन मंजीत तिड़ू, केन्द्रीय सदस्य मक़सूद अंसारी, महिला मोर्चा ज़िलाध्यक्ष स्नेहलता कन्डुलना, झामुमो केन्द्रीय सदस्य उषा धान, ज़िला संगठन



सचिव मोजीर अंसारी, किसान मोर्चा ज़िलाध्यक्ष डॉ हेमंत तोपनो,सोशल मिडिया प्रभारी राहुल केशरी,विरेन्द्र सिंह, छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष डेवीड हमसॉय, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय सांगा, शंकर सिंह मुण्डा,शेख फिरोज, बिनोद उरांव,महेन्द्र सिंह मुण्डा,महादेव मुण्डा,सुखराम पहान,छत्री हेमरोम, पूनम बारला, मुन्ना हेरेंज, बाका लकड़ा,प्रकाश नाग,मागु होरो, बिनोद मुण्डा, शांता खाखा, मनोज गुड़िया, निखिल तोपनो, विकाश सांगा, कुलन सांगा, गोपाल सांगा और भी बहुत सारे जहां मौके पर कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## खलारी में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर निकली गई मोटरसाइकिल जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदिवासी युवाओं के द्वारा खलारी में मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया. मोटरसाइकिल जुलूस लपरा से शुरू होकर खलारी बाजारटांड पेट्रोल गोदाम से खलारी बैंक चैक से होते हुए केडी अम्बेडकर चैक पहुंचा. जहां से जुलूस बुकबुका पंचायत के कमाती धौड़ा स्थित सरना स्थल पर आकर समाप्त हो गया.जुलूस के दौरान खलारी बाजारटांड पेट्रोल गोदाम में आदिवासी रिति से विधिवत पूजन के बाद जुलूस में शामिल युवाओं ने सरना झण्डा



लगाया गया.मौके पर अपने संबोधन में शाशि मुंडा ने लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदिवासी समाज के आने वाली पीढ़ियों को समाज की परंपराओं एवं रिति रिवाज से अवगत कराना हम सभी की जिम्मेवारी है. साथ ही हमे अपने जल जंगल और जमीन को बचाना है और समाज के विकास के लिए बच्चों को शिक्षित करना है.वहीं आजसू पार्टी जिला सह सचिव बाबुलाल गंझू ने बताया कि हर साल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है. जुलूस में बाबूलाल गंझू, अवतार उरांव, श्रवण भोगता, इंसान उरांव, मंतोश मुंडा, विजय मुंडा, राजेश गंझू, योगेश मुंडा, झुनवा मुंडा, गणेश मुंडा, कलेश्वर मुंडा, पवन उरांव, नीरज उरांव, संतोष मुंडा, संतोष उरांव, राजेन्द्र भोगता, राहुल गंझू, सुधीर मुंडा, विनोद मुंडा, विनोद गंझू, विशाल उरांव, कुलदीप गंझू, प्रदीप मुंडा सहित काफी संख्या में आदिवासी युवा शामिल थे.

## रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा मनाया गया निर्मल महतो का शहादत दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** रैयत विस्थापित मोर्चा चूरी शाखा की ओर से शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस समारोह मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत शहीद निर्मल महतो के चित्र पर पुष्पंजलि अर्पित कर की गई।इस दौरान जब तक सूरज चांद रहेगा निर्मल तेरा नाम रहेगा,निर्मल तेरे अर्मानो को मंजिल तक पहुचयेगें सहित कई प्रकार के नारे लगाए गए।वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज व राज्य के लिये अपना अपना योगदान देते हुए राज्य के नव निर्माण के लिए संकल्प लिया। शहादत दिवस के मौके पर साक्षरता को बढावा देने के उद्देश्य से छोटे-छोटे विद्यार्थियों के बीच कॉपी कलम का भी वितरण किया गया।मौके पर पिपरवार क्षेत्रीय सचिव रामचन्द्र रामचन्द्र उरांव, हेमचंद महतो,बिनोद महतो,जेपी महाराज, राजेश महतो, भुनेश्वर महतो, मिट्कु महतो, धनेश्वर महतो, सुरेंद्र महतो, सिकंदर महतो,दिनेश महतो, उर्मिला देवी,ललिता देवी, बबिता देवी सहित सैकडों की संखया मे लोग शामिल थे।

## युवा कांग्रेस ने मनाया 63वां स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** युवा कांग्रेस के 63वे स्थापना दिवस एवं विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर खूंटी जिला अध्यक्ष कुणाल कमल कच्छप के नेतृत्व में युवा कांग्रेस का ध्वजारोहण किया गया और शपथ युवा कांग्रेसियों द्वारा लिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मजबूत एवं एकजुट होने तथा भारत के लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया मौके में युवा कांग्रेस की टीम ने सदर अस्पताल में पौधारोपण तथा मरीज के बीच फल का वितरण किया। इस दौरान जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा ने मरीजों का हालचाल पूछा और उन्हें कहा कि किसी भी तरह का दिक्कत हो तो वह उन्हें संपर्क कर सकते हैं इसके लिए उन्होंने अपना नंबर सभी मरीजों को दिया। और उन्होंने कहा कि युवा किसी भी संगठन के लिए एक रीड की तरह है और सब युवा को एकजुट होकर के संगठन को मजबूत करने के लिए काम करना पड़ेगा मौके में प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी खूंटी कुलदीप कुमार रवि जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, खुटी नगर अध्यक्ष गुलेट मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष उस्मान खान , खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष नौशाद खान,मीडिया प्रभारी अमित एक्का, सुमन जायसवाल , निकोदीन, मोहन होरो, दशरथ पाहन आदि दर्जनों युवा कांग्रेस उपस्थित थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर बेड़ो में निकाली गई आदिवासी रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर रैली निकाल कर आदिवासी एकजुट का संदेश दिया। रैली महादानी मैदान से निकलकर प्रखंड मुख्यालय प्रांगण, महाबीर चौक, थाना गेट, बजारटांड़, देवी मंडप से वापस, बजारटांड़ थाना गेट होते हुए पुन~ महादानी मैदान स्थित विवाह मंडप प्रांगण में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। जहां वक्ताओं ने आदिवासी एकता, आदिवासी परंपरा को बचाए रखने, शैक्षणिक स्तर में सुधार करने की बात कही, वहीं मणिपुर जैसे घटना के विरोध में सभी आदिवासी जाति और संगठनों



को मिलकर विरोध करने की बात कि गयी। ये कासर्यक्रम पूरे सभी आदिवासी को जागरूक कर विकास कार्य पर अग्रसर रहने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ने का संदेश है। मौके पर जुगेश उराँव, करमा उराँव, देवनिस तिर्की, बुधराम बाड़ा, पंचु मिंज, आशामनी मिंज, मुखिया सुशांति भगत, कुआंरी खलखो, रमेश उराँव, लक्ष्मी कोया, आशारानी पन्ना, प्रेमोलिन कुजूर, रूथ खेस, मंजु कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे। इधर प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक पर टाना भगतों द्वारा चरखा झंडा फहराकर आदिवासी दिवस मनाया।

# पिपरवार के बचरा श्रमिक क्लब में महिला मंडल वनबीआर द्वारा सावन महोत्सव का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में महिला मंडल वनबीआर कॉलोनी के द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया।इस समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार की पत्नी मीरा कुमार और विशिष्ट अतिथि के रुप में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी मुखिया गुंजन कुमारी सिंह,बचरा दक्षिणी पंचायत मुखिया रीना देवी,कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह,समाजसेवी गीत एक्का सहित कई अतिथि मौजुद थी।समारोह की शुरूआत अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया,जिसके बाद अतिथियों ने केक काटकर सावन महोत्सव की



शुरुआत की। आयोजन समिति की महिलाओं ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।महिला मंडल की सदस्यों ने सामूहिक रूप से देशभक्ति गीत पर नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जिसके बाद महिलाओं के द्वारा गीत संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित महिलाओं ने खूब पसंद किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने महिला उत्थान और महिला सशक्तिकरण को लेकर कई बातों की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में महिला भी सभी क्षेत्र में आगे होकर काम कर रही है,बस जरूरत है महिलाओं के हौसले और उनके मनोबल बढ़ाने की।इस तरह के आयोजन से महिलाओं में आपसी एकजुटता बढ़ती है। वक्ताओं ने इस तरह के कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा करते हुए आगे भी इस तरह के आयोजन जारी रखने की बात कही।इस मौके पर मीनाक्षी सिंह,सरोजिनी सिंह, शीला सिंह,रूबी सिन्हा, बबीता पांडेय,अलका सिंह, सरोज सिंह,दीपांशु सिंह,चुन्नी कुमारी,श्वेता कुमारी,शिवानी वर्मा,जूली सिंह,सोनी कुमारी, स्वाति सिंह,कृति भारती, स्नेहा,रिंकी मुखर्जी,मालती देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

# सीआईएसएफ के आईजी ने किया पिपरवार का दौरा, अधिकारियों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीआईएसएफ पूर्वी खंड मुख्यालय के महानिरीक्षक हेमराज गुप्ता अपने दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को पिपरवार पहुंचे।इस दौरान डकरा मुख्यालय में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसके बाद उन्होंने पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।पिपरवार पहुंचने पर जीएम सीबी सहाय ने बुके देकर उनका स्वागत किया।जिसके बाद आईजी श्री गुप्ता अधिकारियों के साथ सीआईएसएफ के फायरिंग रेंज पहुंचकर वृक्षारोपण किया।जानकारी के अनुसार सीआईएसएफ के फायरिंग रेंज में सीआईएसएफ के द्वारा एक हजार पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसकी शुरुआत आईजी श्री गुप्ता ने वृक्षारोपण कर




किया।इसके बाद उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी बारी-बारी से वृक्षारोपण किया।जिसके बाद उन्होंने सीआईएसएफ के चेक पोस्ट कैंप,कांटा,कोयला खदान सहित अन्य जगहों का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान कोयला खदानों की सुरक्षा में तैनात जवानों से मुलाकात कर उनकी समस्या की जानकारी,साथ ही जवानों का मनोबल बढ़ाया। पिपरवार में सीआईएसएफ और सीसीएल के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर विधि व्यवस्था सहित अन्य बातों की जानकारी ली।बैठक के दौरान उन्होंने कोयला खदानों की सुरक्षा से संबंधित बातों पर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय, सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, एके पाठक,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस,उप कमांडेंड मृत्युंजय स्वामी,उपेंद्र सिंह सहित कई सीसीएल और सीआईएसएफ के अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## कुणाल पहुंचे सुभेंदु बेरा के घर, परिवार को दिया हर संभव मदद का भरोसा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेहरागोड़ा प्रखंड के खंडामौदा निवासी डीएवी बहरागोड़ा में कार्यरत अर्धेंदु बेरा का कुछ दिन पूर्व बहरागोड़ा कॉलेज के समीप एक्सीडेंट हो जाने के कारण देहांत हो गया था। आज पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। तथा परिवार को आश्वासन देते हुए कहा कि उनके दोनों पुत्र का पढ़ाई में हर संभव मदद किया जाएगा। मौके पर मुखिया पंचानन मुंडा, शशांक शेखर पाल, निलेश बेरा, ज्योत्सनामोई बेरा, सुभेंदू बेरा, भक्ति बेरा समेत ओर भी लोग उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने पर ईचागढ़ में कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीटर मांझी टोला में राहुल गांधी की सांसद सदस्यता बहाल होने की खुशी में बुधवार को ईचागढ़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता अजय कुमार साहू के नेतृत्व में लोगों के बीच मिठाई बांट कर जश्न मनाया। मौके पर मौजूद कांग्रेसियों ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखण्ड के तमाम आदिवासियों को शुभकामनाएं भी दीं। श्री साहू ने कहा कि आदिवासी प्रकृति, संस्कृति और परंपरा के रक्षक होते हैं। उन्हीं की वजह से हमारा वजूद सुरक्षित है। भाजपा ने साजिश के तहत उनकी सदस्यता रद्द कराई थी किन्तु अदालत ने उस साजिश पर पानी फेर दिया। इस अवसर पर कांग्रेस के ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, दिगंबर सिंह मुण्डा,तपन कुमार गोप, स्वरूप दत्त, दुर्गा साहू,दीपक साहू,अजय गोप, कृष्ण गोप, श्यामलाल सिंह मुण्डा, पशुपति सिंह मुण्डा, धीरेन ,सुकु,हारा मांझी आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अनाथ बच्चों के लिए चंदा कर जुटाई गई राशि मुखिया के हाथों से बच्चों को किया गया मदद



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की जोड़सा टोला बिरखाम के रहने वाले दिवंगत बलराम टुडु के नाबालिग अनाथ बच्चों के लिए ग्रामीणों की ओर से चंदा कर जुटाई गई चावल व नगद राशि को पंचायत के मुखिया जबा रानी सिंह के हाथों से बच्चों को मदद किया गया। 8 वर्षीय जुड़वां बच्चे राम टुडू व लखन टुडू की मां ने जन्म देने के साथ ही इस दुनिया से चल बसी थी। ग्रामीणों ने दोनों नवजात शिशुओं के लिए उस समय भी करीब एक साल तक चंदा कर दुध की व्यवस्था किये थे। बच्चे जब बड़े होने लगे तो पिता बलराम टुडू ने मजदूरी कर 17 वर्षीय बेटी सोहागी टुडू व दोनों जुड़वां बच्चों को पाल पोस रहा था। गंभीर बीमारी से पीड़ित बलराम टुडू का भी रविवार को मौत हो गई। इसके साथ ही तीनों भाई बहन पूरी तरह अनाथ हो गए। ग्रामीण शाशंख शेखर प्रमाणिक, बालीगढ़ सोरेन व रंजीत सिंह ने मानवता दिखाते हुए अनाथ बच्चों के लिए टोला में घूम घूम कर नगद राशि व सूखा राशन का जुगाड़ किये। जिसे मुखिया जबा रानी सिंह के हाथों से मदद किया गया। फिलहाल तीनों नाबालिग बच्चे चाचा कृष्णा टुडू के साथ रह रही है।

## अंशिका लिटिल प्ले स्कूल गम्हरिया में सावन महोत्सव का आयोजन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंशिका लिटिल प्ले स्कूल में बुधवार को सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वाणी इंटरप्राजेज गम्हरिया की लेखा अधिकारी पूनम झा उपस्थित थी. मौके पर मौजूद महिलाओं के बीच नृत्य, संगीत और गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर हरे परिधानों और हरी चूड़ियां पहने थिरकती महिलाओं का उमंग देखते ही बनता था। इस मौके पर संचालिका अनु रानी द्वारा प्रस्तुत की गई कजरी ÷वर्षा की ऋतु आई झूला झुलाओ सावन मनाओ री÷ ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सावन क्वीन का खिताब पूजा तिवारी को दिया गया। इसके अलावा प्रथम रनर रेखा राय तथा द्वितीय रनर पूजा सिंह रही। इस अवसर पर संगीता चौधरी, पूजा तिवारी, नीरा, साधना, आशा समेत कई महिलाएं उपस्थित थी।

### कुचाई में अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस शोभायात्रा में शामिल हुईं विधायक की पत्नी बसंती गागराई, कहा

# भाषा संस्कृति परंपरा व जीवन शैली सहेज कर रखना हमारी जिम्मेदारी

### आदिवासी महिलाओं एवं लड़कियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक नाच-गान की शानदार प्रस्तुति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई के बिरसा मुंडा स्टेडियम में मंगलवार को आदिवासी सामाजिक मंच कुचाई के द्वारा काफी धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र से पारंपरिक वेशभूषा में आए आदिवासियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत साल पेड़ में विधिवत पूजा अर्चना कर किया साथ ही जल जंगल जमीन का रक्षा करने की संकल्प लिया। इस आयोजन में आदिवासी समाज की महिलाओं एवं लड़कियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक नाच गान की गई। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक दशरथ गागराई के धर्मपत्नी बसंती गागराई उपस्थित होकर शोभा यात्रा में शामिल हुई। शोभा यात्रा बिरसा मुंडा स्टेडियम से कुचाई चौक थाना समेत विभिन्न मार्ग की भ्रमण कर पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचा। मौके पर गागराई ने संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया की 25 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है आदिवासी अपनी भाषा संस्कृति परंपरा एवं जीवन शैली को बरकरार रखते हुए अपनी भाषा को सहेज कर रखना हमारी जिम्मेदारी है।

**कार्यक्रम में शिरकत किए:** विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप समिति के अध्यक्ष वर्षा रानी बांकिरा, उपाध्यक्ष भरत सिंह मुंडा, सचिव कृष्णा सोय, मुखिया करम सिंह मुंडा, रेखा मनी उरांव, लुदरी हेंब्रम, राम सोय, सुखराम मुंडा, लखीराम मुंडा, अजय सामड, पार्वती गागराई, चांदनी मुंडा, धर्मेंद्र कुमार मुंडा, दशरथ उरांव, मनोज मुदुईया, मजूरा सोय, सुरेश सोय, मुन्ना सोय, लुबुराम सोय, तुराम सोय, लाल मुनी समाड, जयंती मुंडा, कृष्णा समाड, राहुल सोय, सिबु बांकिरा एवं तमाम आदिवासी समाज के गणमान्य लोग व महिला पुरुष उपस्थित थे।

## कांग्रेस भवन चाईबासा में युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** युवा कांग्रेस के 63वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस भवन चाईबासा में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बॉकिरा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर दास ने युवा कांग्रेस का झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया गया एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस के शपथ-पत्र का शपथग्रहण किया गया । युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने कहा कि आज स्वस्थ लोकतंत्र के लिए राजनीति में युवाओं का सशक्तिकरण और भागीदारी काफी महत्वपूर्ण है ।इस मौके पर युवा कांग्रेस लीगल सेल जिला संयोजक मिली बिरूवा, जिला महासचिव देविश लागुरी, हाटगमहारिया प्रखंड अध्यक्ष चन्द्रशेखर गागराई, चक्रधरपुर नगर अध्यक्ष अमन महतो, तांतनगर प्रखंड अध्यक्ष रूपेश पुरती, सेवादल जिला संयोजक लक्ष्मण हांसदा, जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ तामसोय, राकेश सिंह, कांग्रेस सदर प्रखंड अध्यक्ष दिकु संवैया, तांतनगर प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर हेंब्रोम ,मोहन हेंब्रोम, सन्नी रॉबर्ट अंथोनी, बिट्टू मदेशिया,कैरा बीरूवा,हरिश बोदरा, जानवी कुदादा सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुखिया संघ की ओर से निकाली गई रैली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवार को चक्रधरपुर में मुखिया संघ की ओर से रैली निकाली गई। इस दौरान रैली में शामिल विभिन्न पंचायत के मुखियाओ ने मणिपुर में घटी घटना को लेकर रोष भी जताया। इससे पहले चक्रधरपुर के विभिन्न पंचायत के मुखिया प्रखंड कार्यालय परिसर में इकट्ठा हुए। यहां सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद प्रखंड कार्यालय परिसर से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। प्रखंड कार्यालय परिषद से रैली निकालकर आदिवासी मित्र मंडल पहुंची। जहां स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, इसके बाद रैली यहां से वापस होकर अनुमंडल अस्पताल पहुंची। जहां मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। मौके पर सेवानिवृत आर्मी जवान सह समाजसेवी दयासागर केराई, मुखिया मेलानी बोदरा, मुखिया संजय हांसदा, मुखिया जंगल सिंह गागराई, मुखिया पिंकी जोंको, मुखिया आंति सामड, मुखिया सेलाई मुंडा, समाजसेवी मोंटू गागराई, मुखिया सोमनाथ कोया के अलावे आदिवासी संगठन से जुड़े लोग व विभिन्न पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता, प्रतिभागियों को मिला प्रशस्ति पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज आदिवासी कला केंद्र बड़बिल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रविशंकर शुक्ला उपस्थित हुए। कार्यक्रम में आदिवासी परंपरा के अनुसार मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान भवन परिसर में स्थित वारंगचिपी लिपि के जनक लाखों बोदरा के मूर्ति पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस क्रम में उपायुक्त के द्वारा एन. आर. प्लस टू उत्कृष्ट विद्यालय सरायकेला, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सरायकेला, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय संजय सरायकेला एवं आश्रम विद्यालय कुचाई के छात्र-छात्राओं के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज के रहन-सहन, वेशभूषा, संस्कार, संस्कृति परंपरा एवं रीति-रिवाज पर आधारित चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के बीच प्रशस्ति पत्र एवं पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संदीप कुमार दुराइबुरु के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सरायकेला-खरसावां के सात कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बदले गए, अखिलेश बने गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** सरायकेला-खरसावां जिला कांग्रेस अध्यक्ष विशु हेम्ब्रम, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अम्बुज कुमार तथा जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव की अनुशंसा पर जिले के सात प्रखंडों के वर्तमान प्रखंड अध्यक्ष को पद मुक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा नए नामों का अनुमोदन कर सूची जारी कर दी गई है। उनके अनुमोदन के पश्चात जिला कमेटी की ओर से सभी सात प्रखंडों के अध्यक्षो की घोषणा की गई। जारी सूची के अनुसार, राहुल यादव को आदित्यपुर नगर कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है जबकि अखिलेश तिवारी को गम्हरिया प्रखंड, राजाराम महतो को चांडिल, शानुर रहमान को कपाली, देवेंद्र नाथ दास को सरायकेला, सुदाम बोदरा को खरसावां तथा फागु सिंह मुंडा को कुचाई प्रखंड का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त सभी प्रखंड अध्यक्षों को 15 दिनों के अंदर प्रखंड, नगर, पंचायत एवं बूथ कमेटी का गठन कर जिला कांग्रेस से अनुमोदन उपरांत प्रदेश कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

### संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन का विश्व आदिवासी दिवस पर विचारगोष्ठी

## यूसीसी कानून, मणिपुर घटना व वनाधिकार कानून का हुआ पुरजोर विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** नीमडीह प्रखंड के क्षेत्र के रघुनाथपुर स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर फुटबाल मैदान में बुधवार को संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन के बैनर तले आयोजित विश्व आदिवासी दिवस पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। इससे पहले आदिवासी समाज के लोगों ने वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी के तस्वीर पर श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर संथाल, मुंडा, उरांव ,हो, बिरहोड़ खड़िया, लोहरा आदि विभिन्न आदिवासी समुदाय के लोग अपने अपने पारंपरिक परिधान पहनकर नीमडीह प्रखंड कार्यालय फुटवांल मैदान में आयोजित विचारगोष्ठी में पहुंचा। वहीं गोरडीह पंचायत से एवं झामुमो के केंद्रीय सचिव चारुचंद्र किस्कू व वरिष्ट नेता सुखराम हेम्ब्रम के नेतृत्व में चांडिल गोलचक्कर से पारंपरिक ग्राम सभा के आदिवासी समुदाय के युवा एवं बुद्धिजीवियों के साथ पारंपरिक परिधान पहनाकर बाइक रैली के शक्ल में नीमडीह प्रखंड कार्यालय स्थित फुटबाल मैदान में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस पर पहुंचे। जिसमें आदिवासी समाज की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, पांचवी अनुसूची, विभिन्न आदिवासी समुदाय के आदिवासी संगठन के लोगों ने सामाजिक उत्थान पर अपने अपने विचार व्यक्त किया गया। विचारगोष्ठी में यूसीसी कानून, मणिपुर की घटना, व वनाधिकार कानून का पुरजोर विरोध किया गया। विनाशकारी संशोधन अधिनियम पर शक्ताओं विचार रखा। आदिवासी समुदाय के लोगों ने मणिपुर की घटना व मध्य प्रदेश की घटना को लेकर कड़ी निंदा की ।वक्ताओं ने कहा देश में आदिवासियों के लिए संविधान में कई अधिकार व कानून बनाया गया है।देश में समान नागरिकता संहिता कानून देश में लागू होने से आदिवासियों की पारंपरिक स्व शासन व्यवस्था, सीएनटी ऐक्टऐसी ऐक्ट, भाषा,संस्कृति,रिती रिवाज, खत्म हो जाएगी। इस अवसर पर गुरुचरण किस्कू ,जयराम सिंह सरदार, श्यामल मार्डी ,कुपर बघि, माणिक सिंह सरदार, सुधीर किस्कू आदि मौजूद थे।

## परसुडीह में गीत व कविताओं के माध्यम से कविगुरू को दी गयी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन टाटानगर शाखा द्वारा परसुडीह में गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर के महा प्रयाण दिवस पर उन्हीं के गीत एवं कविताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का याुभारंभ गुरुदेव की तस्वीर पर को पुष्पांजलि देकर की गयी। शहर के जाने माने रवींद्र संगीत गायक एवं संस्था के सांस्कृतिक सचिव राजेन्द्र साह राज ने बहुत ही हृदय स्पर्शी रविन्द्र संगीत गाकर खुब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में सचिव शंकर सुर, अनामिका सुर, मनातोष बासु, अनिता बासु, अंजना दी, लीला राय चौधरी, इंद्राणी मजूमदार, मीना दास गुप्ता, सोमा बोस, विदुषी नुपुर गोस्वामी ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही कई सदस्यों ने गुरुदेव की कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जया मुखर्जी ने किया। तबला पर संगत नवेंदु पाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनोतोष बसु ने किया।

## विश्व आदिवासी दिवस पर स्व रामचंद्र सिंह देव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस पर झारखंड आंदोलनकारी सम्मान समिति के द्वारा समिति के अध्यक्ष शंकर सोय के नेतृत्व में खरसावां राजवाड़ी में राजा स्व रामचंद्र सिंह देव.की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया. इस उपलक्ष में राज परिवार की तरफ से राजा गोपाल नारायण सिंह देव रानी अपराजिता सिंह देव एवं राजमाता विजया देवी अनुप सिंह देव उपस्थित रहे। वहीं राजा गोपाल नारायण सिंह देव ने कहा की आदिवासी एवं मूलवासीयों का लगाव गहरा व मिलजुल कर रहते थे. एवं आज भी संबंध बरकरार है। इस दौरान मुख्य रूप से शंकर सोय, अतुल सरदार, सरुप सरदार, दुर्गा, शंकर सरदार आदि उपस्थित थे.

### जिले में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए डीसी ने जिलेवासियों की अपील, कहा

# डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण में सभी की भागीदारी जरूरी

**जिला स्तरीय हेल्पलाइन नम्बर- 9304389995, 9431857671**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिलेवासियों से सुरक्षित रहने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन की अपील की गयी है। उन्होंने कहा कि सतर्कता और जागरूकता से ही इसके प्रसार पर रोकथाम लगाया का सकता है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों को जनजागरुकता लाने हेतु गांव गांव में जाकर लोगों को पुराने बर्तनों, टायर आदि में पानी नहीं जमा किये जाने को लेकर जागरूक करने का निदेश दिया गया तथा प्रभावित क्षेत्रों एवं सम्भावित क्षेत्रों में एंटी लार्वा के छिड़काव का निदेश दिया गया है। डेंगू या चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है। तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है। उक्त लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। अपने घर एवं आस पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें।

**क्या करें :** 1 डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें। जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें। एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें ।

**क्या नहीं करें:** घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें। टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं। बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें। बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।

## प्रखंड उप प्रमुख श्रीदेवी माझी धान की रोपनी में जुटी





प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के गोपालपुर गांव निवासी सह प्रखंड उप प्रमुख श्रीदेवी माझी अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपनी जमीन पर धान की खेती हेतु रोपनी के कार्यों में जुट गई हैं। उन्होंने बताया कि उनके पति विश्वनाथ माझी के हिस्से करीब 5 एकड़ जमीन है जिसमें प्रतिवर्ष धान की खेती होती है। वे जनता का कामकाज निपटाते हुए भी अपने खेतों में अन्य मजदूरों के साथ रोपनी का काम करती हैं ताकि ससमय काम पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि खेती का काम करने में उन्हें बहुत ही खुशी महसूस होती है। किसान परिवार की बहू होने के नाते उनके लिए यह काम कोई छोटा नहीं है। उन्होंने इस बात पर दुःख जताया कि वर्तमान पीढ़ी की शिक्षित महिलाएं धान के खेत में काम करने में शर्मिंदगी महसूस करती हैं जो गलत है। उनका संदेश है कि वर्तमान की पीढ़ी की शिक्षित महिलाओं को भी कम से कम अपनी जमीन पर जरूर रोपनी से लेकर कटाई तक का काम करना चाहिए। अगर किसान परिवार के लोग खेती के काम से भागने लगेंगे तो कृषि प्रधान देश में विकास होना संभव नहीं होगा। गौरतलब हो कि पिछले करीब 10 दिनों से पटमदा क्षेत्र में एक साथ सभी जगहों पर बारिश होने से लोग युद्धस्तर पर रोपनी के कार्यों में जुट गए हैं इसलिए क्षेत्र में मजदूरों की कमी भी हो गई है।

## संपादकीय

# 'अविश्वास' का संसद सत्र

**यह** संसद के मानसून सत्र का अंतिम सप्ताह है। पूरा सत्र मणिपुर हिंसा और हत्याओं के मुद्दे पर धुल गया। सदन में विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच मोदी सरकार ने 13-14 विधेयक ध्वनि-मत से पारित करा लिए। सत्र में कुल 31 बिल पारित किए जाने थे। बेशक तकनीकी आधार पर बिल पारित माने जाएंगे, क्योंकि ध्वनि-मत भी संसदीय तरीका है, लेकिन रक्षा, शिक्षा, जन-सरोकार, कानून और सूचना प्रौद्योगिकी सरीखे विधेयकों पर न तो कोई बहस हो सकी और न ही संसदीय स्थायी समितियां चिंतन कर सकीं। यदि 'दिल्ली सेवा विधेयक' (अध्यादेश) राज्यसभा में भी पारित हो जाता है, तो इसी बिल पर बहस हुई और बाकायदा पारित किया गया। दरअसल यह बिल विपक्षी गठबंधन की आम आदमी पार्टी की सरकार से जुड़ा था। बहरहाल लोकसभा और राज्यसभा में सत्ता और विपक्ष के बीच 'नियम और नाक की लड़ाई' के कारण औसतन 10-15 फीसदी ही काम हो पाया। अब लोकसभा में सोमवार, 7 अगस्त, को ही बची-खुची कार्यवाही संभव है, क्योंकि मंगलवार-बुधवार, 8-9 अगस्त, को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। फिर 10 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी पूरी बहस का जवाब देंगे। मत-विभाजन होगा और संसद को 'अनिश्चितकाल के लिए, स्थगित' (साइनेडाई) किया जा सकता है। वैसे भी पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मानसून सत्र की अवधि 11 अगस्त तक ही तय की गई थी। मणिपुर हिंसा के अलावा दिल्ली सेवा बिल, अविश्वास प्रस्ताव और सर्वोच्च अदालत द्वारा राहुल गांधी की सजा पर रोक आदि मानसून सत्र के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे रहे हैं। आश्चर्य यह रहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक बार भी, किसी भी सदन में, उपस्थित नहीं रहे। विपक्ष ने लगातार यह सवाल उठाया। माना जा सकता है कि प्रधानमंत्री की स्वदेशी और अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताएं काफी रहती हैं, लेकिन उन्होंने भाजपा-एनडीए सांसदों से मुलाकातों के घंटे भी तो निकाले थे। राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में उन्होंने उद्घाटन और शिलान्यास भी किए और चुनावी जनसभाओं को भी संबोधित किया। हमने संसदीय कवरेज के अपने अनुभव में यह नहीं देखा कि प्रधानमंत्री एक बार भी, सत्र के दौरान, संसद में मौजूद न रहे हों। देवगौड़ा और गुजराल जैसे अपेक्षाकृत कमजोर प्रधानमंत्री भी सदन में मौजूद रहते थे। बहरहाल अब अविश्वास प्रस्ताव पर मौजूद रहना और अंततः बहस का जवाब देना प्रधानमंत्री की संसदीय बाध्यता है। अविश्वास प्रस्ताव पर किसी भी पक्ष का बोलना, मुद्दे उछालना, 2024 के आम चुनाव की राजनीतिक जमीन तैयार करना स्वाभाविक है। संसद का मानसून सत्र बुनियादी तौर पर 'अविश्वास' के नाम रहा। पहला अविश्वास मणिपुर की हिंसा और हत्याओं पर था। विपक्ष सदन में ऐसी बहस पर सहमत ही नहीं हुआ, जिसका उपसंहार मत-विभाजन के साथ न होता हो। अंततः लोकसभा के नियम 198 और संविधान के अनुच्छेद 75 के तहत कांग्रेस को अविश्वास प्रस्ताव पेश करना पड़ा। हालांकि वह जानती थी कि लोकसभा में आज भी प्रचंड बहुमत मोदी सरकार के पक्ष में है, लेकिन विपक्ष देश को एक राजनीतिक संदेश देना चाहता था। इस प्रस्ताव के अलावा अविश्वास 'दिल्ली सेवा बिल' (अध्यादेश) पर रहा। विपक्ष के लगभग सभी दल, तेलंगाना के बीआरएस समेत, इस बिल का विरोध करने पर एकमत हुए। लोकसभा में तो बिल पारित हो गया। राज्यसभा में भी सत्ता पक्ष को आंध्र की वाईएसआर कांग्रेस, ओडिशा के बीजद और उप्र की बसपा सरीखे कथित तटस्थ पक्षों का समर्थन प्राप्त है, लिहाजा वहां भी बिल के पारित होने के पूरे आसार हैं। विपक्ष इस मुद्दे को संविधान, संघीय ढांचा, न्यायपालिका आदि के उल्लंघन के तौर पर चित्रित नहीं कर सका। दरअसल हमारे संविधान के पुरखे ही इस पक्ष में नहीं थे कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोई स्थानीय सरकार बने। अनुच्छेद 239 एए के मुताबिक, संघशासित दिल्ली में भी चुनी हुई सरकार और विधानसभा की व्यवस्था 1991 में की गई। उसके बाद सभी राज्य सरकारें उसी के तहत काम करती रहीं। केजरीवाल की राजनीति गरीब, बेचारगी, पीड़ित, वंचित और झगड़ालू की रही है, जबकि केंद्र सरकार को किसी भी राज्य के लिए कानून बनाने का अधिकार है। फिर भी यह बिल सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है।

> राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में उन्होंने उद्घाटन और शिलान्यास भी किए और चुनावी जनसभाओं को भी संबोधित किया। हमने संसदीय कवरेज के अपने अनुभव में यह नहीं देखा कि प्रधानमंत्री एक बार भी, सत्र के दौरान, संसद में मौजूद न रहे हों। देवगौड़ा और गुजराल जैसे अपेक्षाकृत कमजोर प्रधानमंत्री भी सदन में मौजूद रहते थे। बहरहाल अब अविश्वास प्रस्ताव पर मौजूद रहना और अंततः बहस का जवाब देना प्रधानमंत्री की संसदीय बाध्यता है। अविश्वास प्रस्ताव पर किसी भी पक्ष का बोलना, मुद्दे उछालना, 2024 के आम चुनाव की राजनीतिक जमीन तैयार करना स्वाभाविक है। संसद का मानसून सत्र बुनियादी तौर पर 'अविश्वास' के नाम रहा। पहला अविश्वास मणिपुर की हिंसा और हत्याओं पर था। विपक्ष सदन में ऐसी बहस पर सहमत ही नहीं हुआ, जिसका उपसंहार मत-विभाजन के साथ न होता हो।

## कुछ अलग

# इस इलाज में आदर्श कहां

**आदर्श** अस्पतालों के नए मायनों में स्वास्थ्य मंत्री का बयान आशा जगाता है, लेकिन सरकारी इमारतों के बंद कान खोलने के लिए जनता की आवाज को सुनना पड़ेगा। भले ही स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल के रिकार्ड मुताबिक 26 विधानसभा क्षेत्रों के अस्पताल आदर्श हो गए हों, लेकिन जनता की निगाहों, अनुभवों और सरकारी सेवाओं के ढर्रे भी क्या आदर्श स्थापित कर पा रहे हैं। बेशक आगे चलकर पहले 34 विधानसभा क्षेत्र और फिर समस्त 68 विधायकों के चुनावी क्षेत्रों की जनता को स्वास्थ्य विभाग आदर्श होने का सबूत देगा। दरअसल आदर्श का सबूत तो आलीशान इमारतें और उनके भीतर सरकारी पगार से सुसज्जित काई नौकरी पेशा हो सकता है, लेकिन आदर्श के अर्थ स्थापित करने की एक व्यवस्था, मानिटरिंग व संवेदना चाहिए। निश्चित रूप से सरकारें बहुत कुछ करती रही हैं और मौजूदा सरकार ने भी व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर चिकित्सा विभाग की कार्यशैली बदलने के उपाय ढूंढे हैं, लेकिन जहां मरीजों को रैफर करने की आपसी सहमति से स्वास्थ्य के आदर्श चल रहे हों, वहां इस तंत्र को तोड़े बिना शायद ही वास्तविकता बदले। हिमाचल के स्वास्थ्य मंत्री पहले यह पता लगाएं कि प्रदेश के नागरिक, क्षेत्रीय या जोनल अस्पतालों से हर दिन कितने मरीज मेडिकल कालेजों को धकेले जाते हैं। हर दिन विभिन्न मेडिकल कालेजों से मरीज एक से दूसरी ओर या पीजीआई तथा जालंधर-लुधियाना के अस्पतालों को धकेले जाते हैं। जिस इमर्जेंसी सेवा के नाम पर सरकार ने आते ही स्थिति सुधारने का प्रण लिया था, वहां का बिस्तर सिर्फ औपचारिकता है और अनमने से ड्यूटी पर डाक्टर सिर्फ मरीज को एंबुलेंस से उतार कर दूसरी पर चढ़ा देता है। रात्रिकालीन सेवाओं में इतनी भी इनसानियत नहीं कि मरीज को बचाने के लिए एक नेक सलाह ही दे दी जाए। श्रीमान स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह पता लगाएं कि प्रमुख क्षेत्रीय या जोनल अस्पतालों की इमर्जेंसी में आकर कितने मरीज दाखिल होते हैं और कितने निजी अस्पतालों के मत्थे मढ़ दिए जाते हैं। रात के वक्त जिला स्तरीय अस्पतालों के टेस्टों, अल्ट्रासाउंड या एक्सरे मशीनों को क्यों सांप सूंघ जाता है। जरा यह भी देख लें कि सरकारी अस्पतालों के टेस्टों, अल्ट्रासाउंड या एकसरे के नतीजों को कितनी गलती से पढ़ा जाता है। खुदा के लिए डाक्टरों व अन्य स्टाफ को कार्य संस्कृति सिखाइए, नहीं तो पीजीआई से ही मालूम कर लें कि रैफर हुए मामलों की लिखावट में वहां कितने दोष निकलते हैं। यह तब भी साबित होता है जब सूबे के मंत्री या मुख्यमंत्री को इलाज के लिए चंडीगढ़ या दिल्ली की राह पकडऩी पड़ती है। दरअसल शिक्षा-चिकित्सा से जुड़ी वचनबद्धता के बजाय हिमाचल ने इनके नाम पर मीनारें खड़ी की हैं, वरना एंबुलेंस सेवाओं के रिकार्ड बताते हैं कि रैफर मरीजों के काफिले हर दिन बाहरी राज्यों से मौत की खबर को ही वापस ले आते हैं। जिन छह विभागों की खेप में आदर्श अस्पताल को हर विधानसभा क्षेत्र में सजाना है, उससे पहले यह तो पता कर लें कि बारह जिला अस्पतालों में विशेषज्ञों के कितने पद खाली हैं। कहीं डाक्टर है तो उपकरण नहीं और कहीं उपकरण है तो डाक्टर नहीं, फिर भी आदर्श अस्पतालों की जरूरत को नकारा नहीं जा सकता। शर्त सिर्फ यह होनी चाहिए कि आइंदा हर विधायक अपनी-अपनी बीमारी का अपने ही हलके के आदर्श अस्पताल में इलाज कराएंगे। ऐसे में जब स्वास्थ्य मंत्री का उपचार सोलन अस्पताल और मुख्यमंत्री का इलाज नादौन के अस्पताल में संभव हो पाएगा, आम जनता का विश्वास वापस सरकारी चिकित्सा पद्धति में लौट आएगा, वरना हिमाचल के निजी स्कूलों के बाद अब निजी अस्पतालों की बाढ़ में गुणवत्ता के बहने का खतरा बढ़ रहा है।

## यूपीआई के अंतरराष्ट्रीयकरण से आसानी से अंतरराष्ट्रीय भुगतान भारतीय रुपए में संभव हो सकेंगे

# यूपीआई का अंतरराष्ट्रीयकरण : गेम चेंजर

**अश्वनी महाजन**

> डिजिटल भुगतान प्रणाली है जिसके माध्यम से विभिन्न बैंकों के बीच धन का स्थानांतरण किया जाता है। बड़ी बात यह है कि यह भारतीय रुपए पर आधारित है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस संबंध में फ्रांस में अपने वक्तव्य में यह कहा कि अब भारतीय फ्रांस के आईफिल टावर से भी रुपए में भुगतान कर सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय भुगतानों में यूपीआई के इस्तेमाल के लिए यूपीआई इंटरनेशनल का एक नया फीचर यूपीआई में शामिल किया गया है, जिससे क्यूआर कोड की मदद से भारतीय बैंक खातों से विदेशों में भुगतान किए जा सकते हैं। भूटान, नेपाल, सिंगापुर, यूएई और मॉरिशस में तो पहले से ही यूपीआई से भुगतान संभव था, और अब फ्रांस भी उस सूची में शामिल हो गया है। भारत में नेशनल पेमेंट्स कॉरपेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 2014 में रुपे कार्डों का चलन शुरू हुआ था और बाद में ऑनलाईन भुगतानों की सुविधा के लिए यूपीआई को शुरू किया गया।

**क्या** है यूपीआई : यूपीआई की शुरुआत 2016 में भारत सरकार द्वारा समर्थित एजेंसी, नेशनल पेमेंट्स कॉरपेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा की गई थी। यह एक त्वरित डिजिटल भुगतान प्रणाली है जिसके माध्यम से विभिन्न बैंकों के बीच धन का स्थानांतरण किया जाता है। बड़ी बात यह है कि यह भारतीय रुपए पर आधारित है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस संबंध में फ्रांस में अपने वक्तव्य में यह कहा कि अब भारतीय फ्रांस के आईफिल टावर से भी रुपए में भुगतान कर सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय भुगतानों में यूपीआई के इस्तेमाल के लिए यूपीआई इंटरनेशनल का एक नया फीचर यूपीआई में शामिल किया गया है, जिससे क्यूआर कोड की मदद से भारतीय बैंक खातों से विदेशों में भुगतान किए जा सकते हैं। भूटान, नेपाल, सिंगापुर, यूएई और मॉरिशस में तो पहले से ही यूपीआई से भुगतान संभव था, और अब फ्रांस भी उस सूची में शामिल हो गया है। भारत में नेशनल पेमेंट्स कॉरपेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 2014 में रुपे कार्डों का चलन शुरू हुआ था और बाद में ऑनलाईन भुगतानों की सुविधा के लिए यूपीआई को शुरू किया गया। आज भारत में अनेक प्लेटफॉर्म हैं जो यूपीआई से जुडक़र अपने ग्राहकों को ऑनलाईन भुगतानों की सुविधा प्रदान करते हैं। यह सच है कि ऑनलाइन यानी डिजिटल भुगतानों का चलन पूरी दुनिया में बढ़ा है, लेकिन दुनिया में भी सबसे ज्यादा यह भारत में बढ़ा है। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में कुल 149.5 लाख करोड़ रुपए के ऑनलाइन लेन-देन हुए। इन लेन-देनों में 126 लाख करोड़ रुपए के लेन-देन सिर्फ यूपीआई के माध्यम से हुए। गौरतलब है कि देश में कुल लगभग 88 अरब ऑनलाइन लेन-देन रिकार्ड किए गए। प्राइस वाटरहाउस कूपर की एक रिपोर्ट के अनुसार ऑनलाइन भुगतान की संख्या 2026-27 तक एक अरब प्रतिदिन तक पहुंच सकती है। इससे ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि दुनिया में जितने ऑनलाइन लेने-देन होते हैं, उसके 40 प्रतिशत से ज्यादा लेन-देन भारत में होते हैं। बड़ी बात यह है कि भारत में ऑनलाइन लेन-देन पूर्णतया मुफ्त रहा है। हाल ही में सरकार ने 2000 और उससे ऊपर की राशि पर उपभोक्ता द्वारा मर्चेंट को खरीददारी के लिए भुगतान पर 1.1 प्रतिशत तक का शुल्क लगाने की अनुमति दी है। लेकिन यदि उपभोक्ता द्वारा मर्चेंट के बैंक अकाउंट में भुगतान किया जाता है तो शुल्क लागू नहीं होगा।

### यूपीआई का अंतरराष्ट्रीयकरण

यूपीआई का अंतरराष्ट्रीयकरण एनपीसीआई के लिए एक प्रमुख प्राथमिकता है। 2022 में एनपीसीआई ने घोषणा की कि वह उन बाजारों में यूपीआई भुगतान को सक्षम करने के लिए कई देशों में




बैंकों और भुगतान कंपनियों के साथ काम करेगा। तब से यूपीआई को कई देशों में लॉन्च किया जा चुका है और कई अन्य मुल्कों में इस हेतु तैयारी चल रही है। यूपीआई के अंतरराष्ट्रीयकरण से उपयोगकर्ताओं और व्यापारियों को कई लाभ मिलेंगे। उपयोगकर्ताओं के लिए इसका मतलब यह होगा कि वे अपने स्थान से अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित तरीके से भुगतान करने और प्राप्त करने में सक्षम होंगे। व्यापारियों के लिए, इसका मतलब यह होगा कि वे व्यापक ग्राहक आधार तक पहुंचने और भारतीय ग्राहकों से भुगतान स्वीकार करने में सक्षम होंगे। यूपीआई का अंतरराष्ट्रीयकरण भारतीय भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। यह इस बात का प्रमाण है कि यूपीआई भारत में सफलता का परचम लहराने के बाद वैश्विक भुगतान परिदृश्य को बाधित करने की क्षमता रखती है। यूपीआई सुविधाजनक होने के साथ साथ सुरक्षित भुगतान प्रणाली भी है। आज के इस साइबर अपराधों के युग में यह एक सुरक्षित भुगतान प्रणाली भी है जो उपयोगकर्ताओं के खातों की सुरक्षा के लिए दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करती है। इसलिए हम देखते हैं कि लेन-देन के इतने बड़े प्रमाण के बाद भी धोखाधड़ी न्यूनतम है। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय भुगतानों में लागत बहुत अधिक है। यूपीआई के अंतरराष्ट्रीयकरण से सीमा पार भुगतान की लागत को कम करने में भी मदद मिलेगी। गौरतलब है कि पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर यूरोपीय प्रणाली 'स्विफ्ट' में अचानक आई रुकावट के बाद यूपीआई को वैश्विक बनाने की मुहिम तेज हो गई है।

### यूपीआई के वैश्विक होने के निहितार्थ

गौरतलब है कि चूंकि यूपीआई भारतीय रुपए पर आधारित है, इसलिए यूपीआई के अंतरराष्ट्रीयकरण से आसानी से अंतरराष्ट्रीय भुगतान भारतीय रुपए में संभव हो सकेंगे। समझना होगा कि इससे पूर्व भारत से अंतरराष्ट्रीय भुगतान करने के लिए वीजा और मास्टर कार्ड सरीखी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा जारी क्रेडिट और डेबिट कार्ड का इस्तेमाल जरूरी था। यहां तक कि वर्ष 2014 से पहले भारत में भी उपभोक्ताओं द्वारा मर्चेंट को ऑनलाइन भुगतान करने के लिए इन्हीं कार्डों का इस्तेमाल किया जाता था। एक मोटे अनुमान के अनुसार कुल लेन-देन के 2.5 प्रतिशत तक की राशि भुगतान प्राप्त करने वाले मर्चेंट को वीजा और मास्टर कार्ड को देनी पड़ती थी। इस लाभ को ये कार्ड कंपनियां अपने मूल देश में ले जाती थी। वर्ष 2014 में यह राशि 1 अरब डालर से ज्यादा की थी। एक समय ऑनलाइन भुगतानों में जिस वीजा और मास्टर कार्डों का एकाधिकार था, अब कार्ड व्यवसाय में भी इन दोनों कार्डों का हिस्सा रुपे कार्ड से कहीं कम रह गया है। लेकिन आज की वास्तविकता यह है कि हालांकि कार्ड भुगतानों में रुपे कार्ड का योगदान 60 प्रतिशत तक पहुंच गया है और वीजा और मास्टर कार्ड का योगदान मात्र 40 प्रतिशत मात्र ही रह गया है, लेकिन यदि कुल ऑनलाइन भुगतानों की बात की जाए तो कार्डों का महत्व बहुत कम रह गया है क्योंकि एक बैंक खाते से दूसरे खाते में, एक व्यक्ति के वॉलेट से दूसरे व्यक्ति के वॉलेट में राशि अंतरित करने के लिए यूपीआई समर्थित प्लेटफार्मों का कोई विकल्प नहीं है। आज क्यूआर कोड और मोबाइल नंबर और बैंक खाता आधारित ऑनलाइन लेन-देन सबसे अधिक हो रहे हैं। यह सुविधाजनक और सस्ता तो है ही, त्वरित भी है। पिछले मार्च में, यूरोपीय संघ (ईयू) ने प्रमुख रूसी बैंकों को स्विफ्ट (सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन) प्रणाली, जो वैश्विक वित्तीय संदेश प्रणाली है, का उपयोग करने से प्रतिबंधित कर दिया था जिसका मुख्यालय बेल्जियम में है। यह प्रणाली विभिन्न देशों में धन के हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करती है।

### एक गेम चेंजर

एक समय था जब पश्चिमी देशों का वित्तीय दुनिया पर शासन था, उनका न केवल अंतरराष्ट्रीय वित्त पर, बल्कि भुगतान प्रणालियों पर भी नियंत्रण था। वैश्विक भुगतान में स्विफ्ट का एकाधिकार था। पश्चिमी देश जब-तब दुनिया को धमकी देते रहते थे कि अगर कोई देश उनके कहे मुताबिक नहीं चलेंगे तो वे उस पर प्रतिबंध लगा देंगे। उनके प्रतिबंधों का मतलब आमतौर पर स्विफ्ट के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय भुगतान को रोकना होता है। अब जब रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोपीय संघ द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के मद्देनजर, भारत की ओर से भारतीय रुपए में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के निपटान को बढ़ावा देने के प्रयासों के साथ कई अन्य क्षेत्रीय ब्लॉक भी अपने सदस्यों की संबंधित घरेलू मुद्राओं में व्यापार के निपटान को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं, तो पश्चिमी ब्लॉक को ख़ासा अच्छा जवाब मिल रहा है।

# शिक्षक सम्मान की स्थायी नीति कब तक बनेगी

> पुरस्कारों से प्रेरणा, पहचान, प्रोत्साहन तथा मनोबल बढ़ता है। बशर्ते कि चयन प्रक्रिया के निश्चित मानक हों तथा पुरस्कार योग्यता व उपलब्धियों पर आधारित हों, न कि 'पुरस्कार प्रबन्धन कौशल' से प्राप्त हों। जुगाड़ से प्राप्त पुरस्कारों से जीवन भर आत्मग्लानि ही होती है। वैसे आत्मसम्मान, आत्मशांति तथा आत्मसंतोष से बढक़र दुनिया में कोई पुरस्कार नहीं है। विगत कई वर्षों से हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग में पांच सितम्बर को दिए जाने वाले शिक्षक पुरस्कार चयन की प्रक्रिया विवादास्पद ही रही है। फलस्वरूप बार-बार कोई न कोई बदलाव होता रहा है। चयन प्रक्रिया तथा चयनकर्ताओं पर उंगलियां उठती रही हैं। माननीय न्यायालयों में चयन प्रक्रिया के विरुद्ध केस दायर हुए। झूठे दस्तावेज, फोटो, प्रमाणपत्र, जुगाड़ से प्राप्त किए प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं तथा राजनेताओं के प्रशंसा पत्र लगाकर पुरस्कार के दावे प्रस्तुत किए जाने के आरोप लगाते रहे हैं। पुरस्कार प्रदान करने के बाद वापस करने तक को भी कहा गया। इसका कारण या तो व्यक्ति की श्रेष्ठता विभिन्न मानकों के मकडज़ाल में फिट नहीं बैठती या फिर चयन प्रक्रिया तथा संबंधित महत्वाकांक्षी व्यक्ति दोषी होता है।

**पुरस्कार** प्राप्त करने की इच्छा किसे नहीं होती। सभी चाहते हैं कि उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक, प्रशासनिक, राजनीतिक या किसी भी क्षेत्र में किए गए कार्य के लिए उन्हें मान-सम्मान, प्रतिष्ठा, पहचान मिले तथा उनका अलंकरण हो। योग्य तथा कर्मठ व्यक्तियों को पुरस्कृत तथा सम्मानित करना किसी भी व्यवस्था संचालन तथा भविष्य में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रशासन या प्रबन्धन के लिए आवश्यक भी है। पुरस्कारों से प्रेरणा, पहचान, प्रोत्साहन तथा मनोबल बढ़ता है। बशर्ते कि चयन प्रक्रिया के निश्चित मानक हों तथा पुरस्कार योग्यता व उपलब्धियों पर आधारित हों, न कि 'पुरस्कार प्रबन्धन कौशल' से प्राप्त हों। जुगाड़ से प्राप्त पुरस्कारों से जीवन भर आत्मग्लानि ही होती है। वैसे आत्मसम्मान, आत्मशांति तथा आत्मसंतोष से बढक़र दुनिया में कोई पुरस्कार नहीं है। विगत कई वर्षों से हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग में पांच सितम्बर को दिए जाने वाले शिक्षक पुरस्कार चयन की प्रक्रिया विवादास्पद ही रही है। फलस्वरूप बार-बार कोई न कोई बदलाव होता रहा है। चयन प्रक्रिया तथा चयनकर्ताओं पर उंगलियां उठती रही हैं। माननीय न्यायालयों में चयन प्रक्रिया के विरुद्ध केस दायर हुए। झूठे दस्तावेज, फोटो, प्रमाणपत्र, जुगाड़ से प्राप्त किए प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं तथा राजनेताओं के प्रशंसा पत्र लगाकर पुरस्कार के दावे प्रस्तुत किए जाने के आरोप लगाते रहे हैं। पुरस्कार प्रदान करने के बाद वापस करने तक को भी कहा गया। इसका कारण या तो व्यक्ति की श्रेष्ठता विभिन्न मानकों के मकडज़ाल में फिट नहीं बैठती या फिर चयन प्रक्रिया तथा संबंधित महत्वाकांक्षी व्यक्ति दोषी होता है। सम्मान चाहने वाले व्यक्तियों में भी तीव्र महत्वाकांक्षा तथा प्रतिस्पर्धा पाई जाती है। अनेकों बार महत्वाकांक्षी व्यक्ति अपना कार्य छोड़ कर केवल पुरस्कारों के आवेदन, प्रबन्धन तथा जुगाड़ पर ही केन्द्रित रहते हैं। इससे भी योग्य, कर्मठ तथा ईमानदारी से कार्य करने वालों की उपेक्षा होने से उनका मनोबल भी कमजोर होता है। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग में पुरस्कार चयन नियमावली में अनेक बार परिवर्तन हुए। कुछ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा शिक्षक दिवस पर जनजातीय क्षेत्र से किसी भी अध्यापक को पुरस्कृत न किए जाने पर आक्रोशित होकर शिक्षक चयन के लिए नई नीति बनाने के आदेश दिए। परिणामस्वरूप 24 सितम्बर 2015 में एक नई शिक्षक पुरस्कार योजना सामने आई। तदोपरांत पांच वर्षों तक निरंतर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले अध्यापकों को सम्मानित करने के लिए योजना बनी, लेकिन यह कार्य भी आगे नहीं बढ़ सका। पिछली सरकार ने कुछ वर्षों से बिना आवेदन के दो शिक्षकों को सम्मानित करना शुरू किया था। अब वर्तमान सरकार ने 2015 की शिक्षक पुरस्कार योजना नीति को वापस ले लिया है। पूर्व में राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों के कार्यकाल में एक वर्ष तथा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को दो वर्ष के सेवाकाल की वृद्धि की जाती थी। उसके बाद पुरस्कार विजेताओं को एकमुश्त 40000 तथा 60000 सम्मान राशि देने का प्रावधान रखा गया। प्रदेश 'अवार्डी टीचर्स एसोसिएशन' काफी समय से इसके विरोध में मांग उठाती रही है। अब सरकार पुरस्कृत अध्यापकों का सेवा विस्तार नहीं करेगी बल्कि इच्छुक पुरस्कृत अध्यापकों को अगर वो चाहें तो निश्चित वेतन पर एक वर्ष के लिए पुनः रोजगार पर नियुक्त करेगी। अन्यथा पुरस्कार के लिए निश्चित एकमुश्त राशि का भुगतान करेगी। शिक्षक पुरस्कारों के बारे में बार-बार बदल रहे नियमों, मानकों तथा विवादास्पद चर्चाओं से बेहतर एवं आवश्यक है कि इन पुरस्कारों तथा शिक्षकों की गरिमा व विश्वसनीयता को बनाए कर रखा जाए। शिक्षा व्यवसाय नहीं बल्कि एक मिशन है। अध्यापक के लिए जीवन निर्माण की प्रक्रिया है। मजदूरों, किसानों, बागवानों, सैनिकों, कर्मचारियों, डाक्टरों, वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, उद्योगपतियों, अभिनेताओं, राजनेताओं, प्रधानमंत्रियों तथा राष्ट्रपतियों की पृष्ठभूमि में शिक्षक निर्माता के रूप में अपनी अतुलनीय भूमिका निभाता है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रदान किए जाने वाले इन पुरस्कारों को विवादास्पद या चर्चा का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। आवश्यक हो तो कुछ समय के लिए इन पर विराम लगा देना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इन पुरस्कारों के लिए आवेदन नहीं मांगे जाने चाहिए। पुरस्कार मांगा नहीं जाना चाहिए बल्कि स्वतन्त्र व्यवस्था द्वारा प्रदान किया जाना चाहिए। चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता होनी चाहिए। शिक्षा विभाग द्वारा अध्यापकों के चयन की स्वचलित प्रक्रिया होनी चाहिए। राज्य शिक्षा प्रशासन से लेकर जिला तथा स्थानीय स्तर तक प्रशासकीय आंख हर समय खुली रहनी चाहिए। उत्कृष्ट परिणामों के लिए इनाम तथा विपरीत स्थिति में दण्ड का विधान होना भी आवश्यक है। शिक्षकों के आचरण, उत्कृष्ट कार्यों, उपलब्धियों तथा परिणामों का सम्मान होना ही चाहिए, न कि मधुर सम्बन्धों को अधिमान दिया जाना चाहिए। शिक्षक सम्मान नीति में न केवल शिक्षकों के लिए बल्कि चयन प्रक्रिया तथा चयनकर्ताओं के लिए भी मानक निश्चित किए जाने चाहिए। मशहूर शायर मिर्जा गालिब का एक शे'र याद आ रहा है, 'हमने माना कि तगाफुल न करोगे लेकिन खाक हो जाएंगे हम तुमको खबर होने तक।' इस नीति में अनेकों बार परिवर्तन हो चुके हैं तथा पता नहीं कब तक स्थायी एवं सर्व स्वीकार्य शिक्षक निर्माण नीति बन कर तैयार होगी।

## दृष्टिकोण

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन की सुस्ती; भारत के लिए अवसरों का नया दौर

**इन** दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक-वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में दो महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन की सुस्ती का दौर है। दो, चीन की बढ़ती हुई आर्थिक समस्याओं और आपदाओं के बीच भारत के लिए आर्थिक अवसरों का नया दौर आकार लेते दिखाई दे रहा है। चीन-ताइवान के बीच चरम पर पहुंची तनातनी और चीन द्वारा अपनाई जा रही अमेरिका विरोध की रणनीति के कारण एप्पल और सैमसंग जैसी कई बड़ी कंपनियां चीन से निकल भारत में काम शुरू कर चुकी हैं। विगत तीन अगस्त को दुनिया की दिग्गज ब्रोकरेज फर्म मोर्गन स्टेनली द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष में 6.2 फीसदी के साथ चीन से अधिक है। इस दशक के अंत तक जहां भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत पर रहेगी, वहीं चीन 3.9 फीसदी की सुस्त दर से विकास करेगा। मोर्गन स्टेनली ने भारत की इकोनॉमिक आउटलुक रेटिंग बढ़ाकर ओवरवेट, तो चीन की घटाकर इक्वलवेट की है। चीन की आउटलुक रेटिंग गिरना इसका संकेत है कि उसके बाजारों में निवेश के अवसरों में कमी आने की आशंका बनी हुई है। चीन के बाजार में सुस्त उपभोक्ता खर्च, निर्यात में गिरावट, संकटग्रस्त संपत्ति बाजार, बढ़ती बेरोजगारी, भारी स्थानीय सरकारी ऋण, घरेलू मांग में कमी, कमोडिटी की कीमतों से लेकर इक्विटी बाजारों तक गिरावट, कर्मचारियों की छंटनी जैसी आर्थिक मुश्किलों का परिवेश दिखाई दे रहा है। कुछ साल पहले तक कहा जा रहा था कि चीन 2028 तक दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। पर अब अमेरिका की बराबरी करने में चीन को अधिक समय लगेगा। अमेरिका की इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के मुताबिक, चीन को अमेरिका से आगे निकलने के लिए 2040 के दशक तक इंतजार करना होगा। दूसरी ओर, भारत में ढांचागत विकास की तेजी, बढ़ते विदेशी निवेश, बढ़ते शेयर बाजार, मजबूत राजनीतिक नेतृत्व, मध्यवर्ग की ऊंची क्रय शक्ति, कॉरपोरेट टैक्स में कटौती, प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम तथा बढ़ते हुए कामकाजी उम्र वाले लोग अर्थव्यवस्था की ताकत बढ़ा रहे हैं। एक वर्ष पहले कहा जा रहा था कि पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, पर अब आईएमएफ और अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक मोर्गन स्टेनली जैसे कई वैश्विक संगठनों की रिपोर्ट बता रही है कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढ़ने में बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में आई क्रांति अहम भूमिका निभा रही है। पिछले नौ साल में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर 34 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए 1,500 से अधिक पुराने कानूनों के अनावश्यक अनुपालन को खत्म किया गया है। श्रम लागत में तेजी से कमी आई है। वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावनाओं को साकार करने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। जैसे कि नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन पर अधिक ध्यान देना होगा। कोशिश करनी होगी कि देश की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित कार्यबल में परिणत किया जाए। बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल कारोबार के दौर की ओर नई तकनीकी योग्यताओं के साथ एआई, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग एवं अन्य नए डिजिटल कौशल से लैस करना होगा। विभिन्न देशों के साथ एफटीए के लिए वार्ताएं तेजी से पूरी करनी होंगी। रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्थापित करने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे तथा मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने पर ध्यान देना होगा।

## देश दुनीया से

# सब भाग रहे हैं

**हम** कितने पुण्यभागी हैं कि चार वेदों के इस देश की चार दिशाओं में गोल-गोल भाग रहे हैं। सब भाग रहे हैं अपनी औक़ात और हैसियत के मुताबिक़। कोई राष्ट्र सेवा के नाम पर कर्तव्य पथ बनाम राज पथ होकर भाग रहा है, कोई अपने कर्तव्य से भाग रहा है तो कोई सत्ता और धर्म के ठेकेदारों द्वारा धर्म के नाम पर उकसाए जाने पर श्वानों की तरह भाग रहा है। जिनके पास बैंकों से उगाहे हुए खरबों रुपये थे, वे पहली ही देश छोड़ कर भाग चुके हैं और जिन्होंने अपनी मेहनत से अरबों कमाए हैं, वे देश में असुरक्षित महसूस करते हुए सब कुछ समेटने के बाद नागरिकता छोड़ कर विदेश भाग रहे हैं। देश की पढ़ी-लिखी क्रीम और अनपढ़ लोग डॉलर कमाने के लिए विदेशों में भाग रहे हैं। ग्रामीण बेरोज़गार रोज़गार की तलाश में शहर भाग रहे हैं। कोई किसी को गरियाते हुए भाग रहा है तो कोई गाली खाने से बचने के लिए भाग रहा है। कुल मिला कर सब भाग रहे हैं। पर यीशु मसीह के शब्दों में कहें तो 'धन्य हैं वे लोग' जो देश सेवा के नाम पर सरकारी सम्पत्ति भोगते हुए भाग रहे हैं या सरकारी सम्पत्ति के भोग के जुगाड़ में भाग रहे हैं। लेकिन ऐसे लोग लात मारने पर भी सही दिशा में नहीं भागते। नहीं तो कुत्ता भी लतियाने पर बचने के लिए सही दिशा में कूं-कूं करता हुआ भाग जाता है। भागने की इसी परम्परा को निर्बाध आगे बढ़ाते हुए आम लोगों के सवालों से बचने के लिए वह देश की परिक्रमा करते हुए निरन्तर भाग रहे हैं। हर रोज़ प्रायः अठारह-अठारह घंटे काम करने के बावजूद उन्हें कई बार परिक्रमा पूरी करने के लिए बाईस-बाईस घंटे भागना पड़ता है। यहाँ तक कि विश्व भ्रमण के दौरान कई बार लगातार कितने तक वह सो भी नहीं पाते। वह बेहद किफ़ायती हैं और अगर देश हित में उन्हें सोना भी पड़े तो किसी होटेल में रुकने की बजाए जहाज़ में ही सो लेते हैं। सदा अपनी ठकुरसुहाती में मगन रहने वाले परिधानमंत्री को देश का एक नया पैसा भी बर्बाद करना नहीं सुहाता। पर बुरा हो गोदी मीडिया के पत्रकारों का, जो उनके अथक परिश्रम को प्राईम टाईम पर ठीक से परोसते नहीं और उनकी दिनचर्या केवल अठारह घंटों तक सीमित कर देते हैं। मीडिया के इस अधूरे महिमामंडन की वजह से देशवासी उनके अथक परिश्रम से अभी भी ठीक से अवगत नहीं हो पाए हैं। जबकि सच्चाई है कि परिधानमंत्री ने युगपुरुषत्व के मामले में भगवान श्रीकृष्ण को मीलों पीछे छोड़ दिया है। श्रीकृष्ण के सोने के कई क़िस्से, कथाओं-कहानियों में हमारे सामने आते हैं। सोने के इसी चक्कर में श्रीकृष्ण को व्याध का तीर भी झेलना पड़ा था, जो उनकी मृत्यु का कारण बना। पर देवों के देव, परिधानमंत्री न केवल निंद्रा बल्कि निंदा से भी कोसों दूर हैं। भले विपक्ष पानी पी-पीकर उन्हें कोसता रहे कि मणिपुर हिंसा के तीन महीने गुज़र जाने के बाद भी वह न तो मणिपुर से आए किसी प्रतिनिधि मंडल से मिले, न ही स्वयम् वहाँ गए और न ही सदन में बोलने के लिए आए। प्रशंसा ग्रहण करने के मामले में चाहे वह ग़रीबनवाज़ सिद्ध हों लेकिन उनकी छप्पन इंची पर आलोचना और निंदा का असर नहीं होता। कुछ समय पूर्व तक लोगों को इस बात का अन्दाज़ा नहीं था कि बचपन में उनके द्वारा मगरमच्छ का बच्चा पकड़ने से उनका कर्म और चर्म दोनों एक जैसे हो गए हैं। यहाँ तक कि छोड़ने के मामले में भी वह भगवान श्रीकृष्ण से कोसों आगे हैं। श्रीकृष्ण ने यदुवंशियों को बचाने के लिए रण छोड़ा था। किन्तु हर बेवक्त लम्बी-लम्बी छोड़ने वाले परिधानमंत्री मणिपुर, नूह और संसद छोड़ कर चुनावी रैलियों में भाग लेने के लिए भाग रहे हैं। मगरमच्छ और मौर में 'म' होने की वजह से दोनों को एक बताते हुए परिधानमंत्री, उनके मंत्री और प्रवक्ता मणिपुर महिला नग्न परेड और बलात्कार मामले में सदन में बहस करने की बजाए यहा-वहां भाग रहे हैं।

> ग्रामीण बेरोज़गार रोज़गार की तलाश में शहर भाग रहे हैं। कोई किसी को गरियाते हुए भाग रहा है तो कोई गाली खाने से बचने के लिए भाग रहा है। कुल मिला कर सब भाग रहे हैं। पर यीशु मसीह के शब्दों में कहें तो 'धन्य हैं वे लोग' जो देश सेवा के नाम पर सरकारी सम्पति भोगते हुए भाग रहे हैं या सरकारी सम्पत्ति के भोग के जुगाड़ में भाग रहे हैं। लेकिन ऐसे लोग लात मारने पर भी सही दिशा में नहीं भागते। नहीं तो कुत्ता भी लतियाने पर बचने के लिए सही दिशा में कूं-कूं करता हुआ भाग जाता है। भागने की इसी परम्परा को निर्बाध आगे बढ़ाते हुए आम लोगों के सवालों से बचने के लिए वह देश की परिक्रमा करते हुए निरन्तर भाग रहे हैं।


# बालूमाथ में आदिवासी दिवस आक्रोश रैली के साथ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** जोगियाडीह मैदान में विश्व आदिवासी दिवस ऐश्वर्य उराँव की अध्यक्षता में मनाया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में आदिवासी वेश भूसा में हाथों में हसुआ,तीर धनुष तथा तख्ती लिए बालूमाथ आरके प्लस हाई स्कूल के मैदान में जमा होकर आक्रोश माहा रैली निकाली गई जो छठ तालाब, थानां चौक, मुरपा मोड़ ब्लॉक होते हुवे जोगियाडीह मैदान पहुँच कर एक सभा मे तब्दील हो गया। जहाँ कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे पडहा राजा प्रभुदयाल उराँव ने कहा कि आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को केंद्र सरकार तुरंत रोक लगाए नही तो चरनवध तरीके से आदिवासी समाज आंदोलन करेगा। कोल कंपनी आदिवासी का जमीन लेकर सोसन करने आया है इन कंपनियों से सचेत रहने की जरूरत है वही प्रेम भोक्ता ने कहा कि सरकारों और संगठनों द्वारा आदिवासियों के उत्थान के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। लेकिन मणिपुर की घटना ऐसा है कि आदिवासी समाज कभी माफ नहीं करेगा, और ना ही समझौता करेगा वही राजू रामबृक्ष लोहरा ने कहा कि आदिवासी दशक की थीम है ÷बचेगी भाषा तभी जीवित रहेगी संस्कृति÷। यह हमारे लिए काफी भयावह स्थिति है। जिस जनजाति से हमारी शुरुआत हुई, आज उसी को लोग भूल जा रहे है आदिवासी अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है हमारी संस्कृति समाप्त करने के लिए सरकार संविधान में संशोधन करना चाहती है। वही ऐश्वर्य उराँव ने कहा कि आदिवासी महिलाओं पर आये दिन जिस तरह से सोशन बढ़ता जा रहा है आदिवासी महिलाओं को झांसी की रानी बनकर आगे आना है ताकि आने वाले भविष्य में उन पर कोई आंख उठाकर ना देख सके। वही प्रदीप गंझू ने कहा कि हम आदिवासियों को एक होकर अपना हक और अधिकार के लिए लड़ना होगा तब मणि पुर जैसे घटना का पूर्णविर्ती नही होगा। वही रीना उराँव ने कहा कि हम आदिवासी महिलावो को जागरूक होने की जरूरत है हम महिलाओं को अपनी इज्जत व आबरू बचाने के लिए झांसी की रानी बनना होगा।वही इस कार्यक्रम में देश और प्रदेश में हो रहे आदिवासियों पर अत्याचार के साथ मणिपुर की घटना को लेकर भी कई वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी ।रैली में शामिल महिला पुरुषों ने हाथों में तख्ती लिए आदिवासी पर शोषण करना बंद करो,यूसीसी आदिवासी विरोधी कानून नहीं चलेगा, एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान, संविधान से छेड़छाड़ करना बंद करो, अनुसूचित क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण विस्थापन करना बंद करो, आदिवासी महिलाओं को निवस्त्र घुमाने वाले दोषियों को फांसी दो जैसे कई नारे लगा रहे थे।

# नाबालिग के साथ छेड़ छाड़ के आरोपी को भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** जिला के बशिष्ठ नगर थाना (जोरी) में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने के आरोप में एक युवक को जेल दिया गया है। इस बाबत बताया गया है कि बीते रविवार को रात्री में घर में घूस कर छेड़छाड़ कर रहा था। बीच बचाव करने पर चाकू से पिडित्ता और उसके मां पर हमला कर दिया। आरोपी अशोक भुइंया करैलीबार का रहने वाला बताया जा रहा है।थाना प्रभारी गुलाम सरवर मामले का स्वतः संज्ञान में लेते हुए जांच कर प्रथम दृष्टिया लड़की के साथ छेड़छाड़ और विरोध करने पर चाकू से वार करने का मामला प्रकाश में आया है।इस संगीन मामले को लेकर बशिष्ठ नगर थाना कांड संख्या 55/23 एंव पॉक्सो एक्ट के संगिन धारा दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस छेड़ छाड़ और मार पीट के मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा आरोपी को मारपीट करने के आरोप में भी मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। थाना प्रभारी ने आम लोगों से अपील की है कि संज्ञेय अपराधों में आमजन कानून को हाथ में न लें। किसी भी प्रकार के घटना की तुरंत सूचना दें। इस धर पकड़ और छापा मारी दल में थाना प्रभारी गुलाम सरवर के अतिरिक्त एस आई डी के होरो तथा आई आर बी के जवान शामिल थे।

## प्लस टू विद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीय सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम मनाया गया।जहां बच्चों को जागरूकता सेमीनार के तहत चित्रांकन प्रतियोगिता, आदिवासी नृत्य संगीत, आदिवासी संस्कृति का संरक्षण पर प्रकाश डाला गया। जबकि कार्यक्रम की शुभारम्भ डॉक्टर नितेश कुमार ने किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार रजक, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रणजीत सिंह, एवं शिक्षक और शिक्षिकाएं के अलावे दर्जनों छात्र छात्राएं शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कदले गाँव के करीब अज्ञात वाहन के चपेट में आने से कदले गाँव निवासी अमेरिका यादव की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुशार बीते शाम मृतक अमेरिका यादव उम्र लगभग 45 वर्ष पिता माधो यादव सिमरिया चौक से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर कदले के लिए चला था हरैया पुल और कदले के मध्य में पहुंचते हीं अज्ञात भारी वाहन ने चकमा दे दिया जिससे वह गिर कर घायल हो गया था। ग्रामीणों और परिजनों को जानकारी मिलते हीं आनन फानन में रांची रिम्स हॉस्पिटल ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में हीं उसकी मौत हो गयी। इधर सिमरिया पुलिस को मौत का घटना की जानकारी मिलते हीं शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया। देर शाम शव को परिजनों को सौप दिया है। हलाकिं अमेरिका यादव सामाजिक और संस्कारी व्यक्ति था। इधर इस तरह मौत से गाँव मर्माहत है वहीं परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है।

## सदर अस्पताल में दिखा लापरवाही का नजारा

# लापरवाह बने अस्पताल प्रबंधक और डॉक्टर, मरीज परेशान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** एक तरफ जिले में लोग मौसम जनित बीमारियों की चपेट में हैं, वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी चिकित्सक लापरवाही से बाज नहीं आ रहे हैं।ऐसा हीं मामला सदर अस्पताल लातेहार का है। क्या है मामला एक व्यक्ति सुबह 5:00 बजे सदर अस्पताल पहुंचा जहां डाक्टर अन्दर से दरवाजा बंद करके सोया आराम फरमा रहे थे ।बड़ी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद डॉक्टर साहब उठे। फिर डॉक्टर साहब ने मरीज से पर्ची मांगा तो पर्ची कटवाने मरीज़ पर्ची काउंटर पंहुचा जहां काउंटर बंद मिला। दोबारा मरीज़ डॉ के पास पहुंचा पर डाक्टर साहब बगैर पर्ची के इलाज करने से मना कर दिया। जबकि उस वक्त इमरजेंसी में डाक्टर श्रवण महतो थे। लेकिन उन्होंने मरीज़ देखने से साफ़ मना कर दिया।और गुस्साते हुए बोले कि नींद ख़राब करने आ जाता है। काफी समय बीत जाने से मरीज़ की हालत और भी बिगड़ चुकी थी थक हारकर मरीज के परिजन को प्राइवेट मेडिकल स्टोर से दवा खरीदना पड़ा।दरअसल में लातेहार निवासी पत्रकार संजय प्रजापति अपनी बेटी का इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंचे थे।उनकी बेटी को लगातार उल्टी और दस्त होने से हालत ख़राब होते जा रही थी।परन्तु डॉक्टर ने मरीज को देखना जरुरी नहीं समझा।इसके बाद संजय प्रजापति ने अस्पताल प्रबंधक के कई अधिकारियों को फोन भी किया फिर भी डॉक्टर 6:30 बजे तक अपने कमरे में सोते रहे। ज्ञात हो कि पिछले दिनों भी कई न्यूज चैनल एवं अखबारों में खबरें चल चुकी है लेकिन अस्पताल में इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। हालात अभी भी जस की तस बनी हुई है।

# आदिवासी दिवस के उपलक्ष में जिला स्तरीय पर्यटन खेलकूद कला संस्कृति का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय खेलकूद पर्यटन कला संस्कृति एवं अनेकों कार्यक्रम बुधवार को करवाए गए। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय जिला ओलंपिक संघ के सचिव राकेश कुमार सिंह कार्यकारणी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा कोषा अध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी फुटबॉल जिला संघ के अध्यक्ष सवऊदीन अहमद खेल शिक्षक दीपक कुमार खेल शिक्षक अबोध राम जुबैद खान बिरेंद्र तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में बालिका फुटबॉल मैच से सुरवात किया गया। जहां प्रथम पुरस्कार टंडवा द्वितीय पत्थलगड़ा प्रखंड के मेराल एवं तृतीय पुरस्कार कस्तूरबा विद्यालय पत्थलगड़ा को प्राप्त हुआ। दूसरा हांकी खेल में सिमरिया और गिद्धौर प्रखंड के पिन्डारकोण टीम के बीच मैच खेला गया। और सिमरिया की टीम एक सुन्य से मुकाबला हासिल किया। द्वितीय पुरस्कार पिंन्डारकोण को प्राप्त हुई। लड़की के लिए100 मीटर दौड़ में प्रथम सुमन उराव द्वितीय प्रीति तिर्की तृतीय रोश लकड़ा पुरस्कार प्राप्त 100 मीटर दौड़ लड़का के लिए प्रथम नवीन मींजी टंडवा द्वितीय गुड्डू कुमार प्रतापपुर तृतीय अंकित मीजी पुरस्कार प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार सरवन कुमार लावालॉगं द्वितीय पुरस्कार रंजीत कुमार गंजू सिमरिया तृतीय पंकज कुमार गंजू चतरा ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में लड़कियां प्रथम सोनी कुमारी सिमरिया द्वितीय अंशु कुमारी गिद्धौर तृतीय सुगन कुमारी टंडवा पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिषेक कुमार धीरेंद्र कुमार जुनैद खान शिव कुमार साहू प्रमोद कुमार रंजीत कुमार सोनू कुमार जितेंद्र कुमार मनोज प्रधान कमलेश कुमार दांगी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## अभाविप ने स्टूडेंट फॉर सेवा के तत्वाधान में किया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अभाविप के स्टूडेंट फॉर सेवा के तत्वाधान में बुधवार को चंदवा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व झारखंड प्रांत के एसएफएस प्रांत सह संयोजक कुमार नवनीत ने किया। इस अवसर पर कुमार नवनीत ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, रक्तदान एक ऐसा पुनीत कार्य है जिससे हम कई इंसानों में जिंदा रह सकते हैं। शिविर में कुल 24 लोगों ने रक्तदान किया जिसमें कुमार नवनीत, नीतीश सिन्हा, रवि महतो, मोहनीश कुमार विक्की (39 वाँ रक्तदान), महफूज अंसारी,आशीष कुमार महतो, कैसर अंसारी, रोहित अग्रवाल, शुशील प्रसाद गुड्डू , विकास कुमार वर्मा, दीपक कुमार, अजय कुमार, दीपक कुमार साव, आशीष कुमार, निशांत कुमार, चंद्रभूषण केसरी, अभिषेक कुमार सिंह, नीरज कुमार सोनी, उज्ज्वल बाला, आदर्श रविराज, अनूप कुमार, संजीव आजाद, रुपेश ठाकुर,राज कुमार साहू शामिल हैं।वहीँ जीवन का प्रथम रक्तदान करने वाले कैसर अंसारी ने कहा कि रक्तदान करने के बाद बहुत ही सुखद अनुभूति हो रही है। हमें जब भी मौका मिलेगा हम रक्तदान कर किसके जीवन को बचाने का प्रयास करते रहेंगे। मौके पर सभी रक्तविरों को उपहार स्वरूप एक एक दीवाल घड़ी दी गई है। मौके पर एलटी चंदन कुमार सिंह, एलटी हरिशंकर मिश्र, रक्तदान वाहन चालक गालिब समेत कई लोग मौजूद थे।

## बालूमाथ पुलिस ने एक वारन्टी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थानां पुलिस ने लाल वारेंट अभियुक्त को गिरफ्तार के जेल भेज दिया। इस संबंध में बालूमाथ थानां प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने जानकारी देते हुवे बताया लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर बालूमाथ थानां में चलाये जा रहे फरार अभियुक्तों की धर पकड़ के कर्म में करीब 25 वर्षो से फरार चल रहे। अभियुक्त राकेश सिंह पिता रावण सिंह, ग्राम बालू, थाना बालूमाथ को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। उक्त अभियुक्त के खिलाफ बालूमाथ थानां में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे के नेतृत्व में मनाया गया आदिवासी गौरव पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे के नेतृत्व में आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी गौरव पर्व समारोह पूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम का आयोजन चतरा जिला के सिमरिया प्रखंड के जांगी पंचायत के चेलगवार गांव में हुआ।इस मौके पर आदिवासी समाज के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। आदिवासी दिवस को आदिवासी गौरव पर्व के रूप में मनाया गया।इस मौके पर कोरी चेलगवार गांव के आदिवासी महिला पुरुष को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चतरा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाठक, जिला महासचिव नसरुद्दीन अंसारी, राजवीर, कार्यालय प्रभारी सैयद अजीमुद्दीन ख्वाजा, युवा कांग्रेस के सिमरिया विधानसभा प्रभारी अरुण कुमार यादव, सत्येंद्र दास, किशोर उरांव, हुस्न उरांव, सोमर उरांव, राजेश कश्यप, सुनील उरांव, विनोद उरांव, लक्ष्मण उरांव, भागल उरांव, अनीता देवी, सविता देवी, भोला उरांव, भागो देवी, महावीर उरांव, मनोज गंजू, परमेश गंजू सहित आदिवासी समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

## प्रखंड के कई पंचायत में मेरी मिट्टी मेरे देश को लेकर किया गया ग्राम सभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत लगभग पंचायत सचिवालय में मेरी मिट्टी मेरे देश को लेकर ग्रामीणों के साथ ग्राम सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंचायत के मुखिया के निगरानी एवं अध्यक्षता में की गई। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह के निर्देशानुसार कार्यालय ज्ञापन संख्या 961 केअनुसार 7 अगस्त के निर्देश के आलोक में मेरी मिट्टी मेरा देश से संबंधित प्रचार प्रसार एवं अमृत वाटिका हेतु ग्राम सभा किया गया। जिसमें कुछ स्थलों का चयन किया गया। जिसमें लगभग 75 पौधे लगाए जाएंगे। आगे बता दे की पहले मुखिया बेबी देवी बारीसाखी मुखिया सुमीरा देवी प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय रोजगार सेवक पार्वती कुमारी शालिनी भारती उप मुखिया विकास कुमार पांडेय समाजसेवी मुकेश साव वार्ड सदस्य लक्ष्मण रजक समाजसेवी रामाशीष यादव मुकेश कुमार दांगी जैसे कि गण्या मां को उपस्थित थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर आक्रोश रैली आदिवासियों पर हमले का विरोध




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को संयुक्त ग्राम सभा मंच के बैनर तले विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आक्रोश रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत पुराने ब्लॉक परिसर से हुई इस दौरान वर्तमान में आदिवासियों पर हो रहे जातिय हिंसा, हमले, अत्याचार के विरोध में जमकर नारेबाजी हुई जिसमें मध्यप्रदेश में पेशाब कांड मणिपुर में आदिवासी युवतियों की अस्मिता पर प्रहार सैंकड़ों लोगों को मौत के घाट उतारने संबंधित मामलों को लेकर दुख जाहिर करते आदिवासियों पर अत्याचार बंद करो, समान नागरिक संहिता आदिवासियों पर थोपना बंद करो, मणिपुर में हिंसा बंद करो,जल जंगल जमीन हमारा है जैसे नारों के साथ ब्लॉक परिसर में रैली पहुंची और सभा में तब्दील हो गई। मौके पर कई वक्ताओं ने विश्व आदिवासी दिवस पर अपने विचार रखे। वहीं परिसर में आदिवासी गीत, ढोल मांदर की थाप और नृत्य पर मनोरंजन भी किया गया। मौके पर कन्हाई सिंह, बिरजू राम, केदार सिंह, धीरज जी कमलेश राम सुमन कुजूर समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर दुर्गा सोरेन सेवा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकिशोर ने मंत्री सत्यानंद भोगता से की मुलाकात



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय प्रवक्ता राजकिशोर कमल उर्फ पिंकू ने मंगलवार को चतरा शहर के विभिन्न समस्याओं को लेकर झारखंड राज्य के मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता से मुलाकात की। उन्होंने चतरा शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाने का स्वागत किया और उन्होंने मंत्री से मांग किया की जिस तरह से तेजी से अतिक्रमण हटाया गया उसी तेजी से पूरे शहर में नाली का निर्माण करवाया जाए। क्योंकि नाली ओपन रहने से चतरा शहर में इस बरसात के मौसम में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है एवं नाली से बदबू राहगीरों एवं दुकानदारों को मिल रहा है ।इससे जल्द से जल्द निजात दिलाने की मांग की है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया 62 वां युवा कांग्रेस स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडाड़ (लातेहार) :** महुआडाड़ प्रखंड स्थित जिला परिषद भवन सभागार में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिडोल्फ खलखो के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा 62वां युवा कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन करते हुए कांग्रेसी नेता अजीत पाल कुजूर ने पार्टी की विचारधारा से कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए आम जनों के बीच जाकर उनके समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनके निदान के लिए पहल करने की बात कही। इस दौरान नए नियुक्त कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर सोहेल का सभी वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रुडोल्फ खलखो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आजादी से पहले से लेकर अब तक देश के निर्माण और विकास में पार्टी के योगदान के बारे में बताया। साथ ही नव नियुक्त युवा प्रखंड अध्यक्ष आमिर सोहेल का माला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त प्रखंड महासचिव नितिन एवं अन्य कार्यकर्ताओं को भी उनके नए प्रभार मिलने पर उनकी जिम्मेदारियां समझाते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने माला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता कांग्रेस के केंद्रीय प्रतिनिधि मोहम्मद इस्तखार अहमद, 20 सूत्री अध्यक्ष रामनरेश ठाकुर, उप प्रमुख सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष अभय मींज, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रुडोल्फ खलखो, कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं मुखिया रेनू तिग्गा, सुषमा खलखो, प्रमिला मिंज, उषा टोप्पो समेत प्रखंड के कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विश्व आदिवासी दिवस के जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य कार्यक्रमों का हुआ आयोजन


**➲सामाजिक न्याय, समरसता, और समानता को प्रोत्साहित करना है : जिप उपाध्यक्ष**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद के वाइस चेयरमैन बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस मौके जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि यह दिन आदिवासी लोगों को वैश्विक मंच पर अपने विचार और चिंताओं को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। इसका उद्देश्य सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों और आम जनता के बीच आदिवासी मुद्दों की बेहतर समझ को बढ़ावा देना।है। पिछले कुछ वर्षों में आदिवासी अधिकारों और कल्याण के विशिष्ट पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विभिन्न विषयों को चुना गया है। हम जानते हैं कि हमारा भविष्य आज के निर्णय पर निर्भर करता है।उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि समय आने पर वे देश की रक्षा के लिए डटे रहे और अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया। आदिवासी समाज के शहीद बिरसा मुण्डा, वीर नारायण सिंह, वीर गुंडाधूर, रानी दुर्गावती, जैसे असंख्य क्रांतिवीरों को मैं इस अवसर पर नमन करता हूं। देश के विकास में आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हर दिवस का एक उद्देश्य होता है। विश्व आदिवासी दिवस का भी महत्वपूर्ण उद्देश्य है। जिसमें आदिवासी समुदायों के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें सम्मान दिलाना है। इस दिन को समर्पित करने का मकसद सामाजिक न्याय, समरसता, और समानता को प्रोत्साहित करना है। यह अवसर विश्व भर के लोगों को एक साथ मिलकर आदिवासी समुदायों के संघर्षों और उनकी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति सम्मान दिखाने का अवसर है। विश्व आदिवासी दिवस की घोषणा दिसंबर 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के द्वारा ऐलान किया गया था। मूसलाधार बारिश के बावजूद तिवारी ने मांदर के थाप पर खूब थिरके।

## फाइलेरिया उन्मूलन में को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**लावालौंग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्थित प्रखंड कार्यालय के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला कि अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार ने की इस कार्यक्रम में प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों के अलावे एएनएम, डीलर संघ, पंचायत सचिव, एवं प्रखंड कार्यालय के कर्मी विशेष रूप से शामिल हुए। इस दौरान वीडियो अमित कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 10 अगस्त से फाइलेरिया कार्यक्रम शुरू हो रहा है जिसमें शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया का खुराक देना है। उन्होंने आम लोगों से दवा खाने के अपील की है तथा लोगों को दवा की खुराक पूरा करने के लिए अभी से ही तैयार की जा रही है। उन्होंने पंचायत के मुखिया से अपने पंचायत के वार्ड सदस्यों के साथ बैठ कर फाइलेरिया का खुराक लोगों तक पहुंचाने की विशेष चर्चा करने की बात कही। मौके पर उपस्थित क्क्षज्ञ विमला कुमारी जेएसएलपीएस प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक प्रखंड सामान्य पीसीसी डीआरपी लावालौंग प्रखण्ड के पंचायत प्रतिनिधि एवं के समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव पुलिस ने 81 किलो अवैध डोडा सहित मारुति वैन किया जब्त

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : गुप्त सूचना के आधार पर बड़कागांव पुलिस अनुमंडलीय पदाधिकारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़ी करवाई करते हुए बड़कागांव पुलिस ने बड़कागांव प्रखंड के 13 माइल से 81 किलो अवैध अफीम का डोडा तथा एक सफेद रंग का मारुति वैन (बीआर 33 ए 9977) को जप्त किया। जप्त वैन को बड़कागांव थाना परिसर लाया गया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना कांड संख्या 260/23 के तहत धारा 15(ष्ट), 22(ष्ट) स्वापक औषधि और मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताते चलें कि कुछ अज्ञात लोग मारुति वैन में 6 प्लास्टिक बोरी में अवैध अफीम का डोडा बाहर ले जा रहा थे। पुलिस को आता देख वैन पर सवार तस्कर भाग निकले। मौके पर एस आई प्रदीप कुमार महतो के अलावे सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मां तारा डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : विष्णुगढ़ हॉस्पिटल चौक स्थित बनासो गोमिया मुख्य मार्ग में मंगलवार को मां तारा डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन विष्णुगढ़ प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से 3ष्ठ 4ष्ठ अल्ट्रासाऊंड कलर डॉपलर, डीबीएस गाइनी, सोनोग्राफी,स्माल पार्ट, सोनोग्राफी ओवियूलेशन, स्टडी लेवल, टू एनामली, स्कैन थायराइड, नेक ब्रेस्ट, टीवीएस स्क्रोटम, 2 डी इको समेत सभी तरह की अल्ट्रासाउंड सुविधा मां तारा डायग्नोस्टिक सेंटर में उपलब्ध है। अब सुदूरवर्ती क्षेत्र से आए लोगों को सभी तरह के जांच के लिए हजारीबाग नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ. अनंत कुमार पांडेय,रेडियोलॉजिस्ट डॉ.भीएन उपाध्याय, महिला चिकित्सा डॉ. वंदना कुमारी, विनय कुमार पांडेय, अंकित जयपुरियार,डा. योगेंद्र कुमार, उमेश पांडेय,चंद्रभूषण उपाध्याय, शंभू नाथ पांडेय, उदय कुमार, टिंकू कुमार, अनिता कुमारी, खुशबू कुमारी, जूनियर प्रियतम कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### धोती-साड़ी का वितरण किया गया

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** :प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पैसरा में जन वितरण प्रणाली दुकान के डीलर दुलारचंद महतो के यहां झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन योजना के तहत के धोती-साड़ी व लूंगी का वितरण लाभुकों के बीच किया गया।वितरण कार्य के अवसर पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, मुखिया चिंतामणि देवी,पूर्व मुखिया अशोक रविदास के द्वारा संयुक्त रूप से धोती साड़ी योजना का शुभारंभ किया गया।20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल ने कहा झारखंड सरकार का यह महत्वाकांक्षी योजना है।इससे गरीब लोगों को काफी मदद हुई है।इस योजना का लाभ सभी लोगों को आवश्य रूप से लेना चाहिए।मौके पर जुगल राम,शंकर दयाल प्रसाद, कैला महतो,नारायण महतो,विमल महतो,भीखन पंडित,शांति देवी,राधा देवी,सेवली देवी, गौरी देवी,नंदिया देवी,रेनू देवी, सुमन देवी,लक्ष्मी देवी,मंजू देवी,गीता देवी,के अलावे सैकड़ों की संख्या में लाभूक व ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत, किशोरी राणा ने जताया शोक



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : जिले ग्राम रेवार पोस्ट चंदवार मुफस्सिल थाना निवासी पवन राणा जो मुंबई में काम करते थे जिनका सर में जोर से दर्द करने पर मुंबई के मलाड लाइफ लाइन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया ,ततपश्चात बाद उनकी मृत्यु हो गई। पवन राणा मुंबई में ही कारपेंटर का काम कर के अपने परिवार का भरण पोषण काम करते थे। नव झारखंड फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कहा कि इस मामले को झारखंड सरकार के श्रम एवं नियोजन विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता को इस मामले को मिलकर जानकारी देंगे। साथ कहा की देश-विदेश रोजी रोटी कमाने के लिए जाते हैं झारखंड के नौजवानों के वहां फजीहत में पढ़कर मौत के मुंह में समा जाने की पहली घटना नहीं है! इससे पहले कई प्रवासी मजदूरों की मौत हो चुकी है! आए दिन लगातार प्रवासी मजदूरों की मौत हो रही है! और सरकार की तरफ से परिवार वालों को किसी के तरफ सहयोग नहीं मिल पाता है ! ऐसे में राज्य सरकार की प्रवासी मजदूरों के हित में ठोस कदम उठाना चाहिए! और सरकारी योजना के तहत पीड़ित परिवार को लाभ दिया जाए।

### आदिवासी दिवस पर आदिवासी महापुरुषों का किया गया अपमान : अनूप भाई वर्मा



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : विश्वआदिवासी दिवस बड़े धूमधाम के साथ है झारखंड सरकार के द्वारा पूरे राज्य में मनाया जा रहा है, और झारखंड राज्य के द्वारा ही शुभ अवसर पर राजकीय अवकाश घोषित किया गया है। विश्व आदिवासी दिवस पर सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग सह प्रदेश संयोजक जैविक कृषि प्रकोष्ठ भाजपा के अनूप भाई वर्मा एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला ने राज्य सरकार पर तंश करते हुए बोला कि हजारीबाग के सभी चौक चौराहों पर हेमंत सोरेन की बड़ी-बड़ी होडिंग लगी हुई है ,बड़े पैमाने पर साज सजा कराया गया है । झारखंड में जिन आदिवासी नेताओं ने बलिदान दिया उनके प्रतिमाओं पर किसी तरह साजङ्घ सजा करना उचित नहीं समझे साज सज्जा दूर की बात यहां तक कि महापुरुषों के प्रतिमाओं के पास साफ सफाई भी करना उचित नहीं समझे और ना ही एक माला भी उन पर पहनाई गई। यह राज्य की दुर्भाग्य है जैसे कि हजारीबाग के बिरसा मुंडा चौक बस स्टैंड के पास सिद्धू कानू चौक पीडब्ल्यूडी चौक और संत कोलंबस कॉलेज के निकट नीलांबर पीतांबर चौक पर महापुरुषों के प्रतिमा पर किसी प्रकार का कोई साज सजा नहीं किया गया, यहां तक की किसी प्रकार का कोई साफ सफाई नहीं किया गया जिस घर महापुरुषों का अपमान हुआ है । राज्य सरकार सिर्फ आदिवासियों को छलने का काम कर रहे हैं।

### मृतक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड के ग्राम सिंहपुर निवासी 33 वर्षीय युवा सामाजिक कार्यकर्ता मनोज यादव का पिछले दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। सूचना मिलने पर पीड़ित परिवार से मिलने और मृतक आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सिंहपुर गांव पहुंचे। पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मनोज यादव का आकस्मिक निधन से परिवार के लिए, समाज के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसका भरपाई तो नहीं कर सकते हैं लेकिन इस दुःख के घड़ी में हम सब पीड़ित परिवार के साथ है। मौक़े पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया नारायण यादव, युवा भाजपा नेता संजय यादव, चन्दरदेव यादव, रामदेव यादव, अशोक यादव, जगदीश यादव, मुरली यादव, संतोष यादव, उपेंद्र यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में आज् बुधवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमे विद्यालय के सभी बच्चों की जांच की जाएगी ये शिविर 19 अगस्त तक चलेगा । इस अवसर पर चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं और उनके माता पिता को बदलते समय और मौसम के अनुसार वायरल और डेंगू बुखार,ऊंचाई ,वजन, आंख और दांत की सभी प्रकार की जांच की गई ,साथ ही बीमारियों के बारे में जानकारी दी तथा उनको घरेलू उपचार भी बताया। शिविर में डॉ. गौतम कुमार, डॉ. अपूर्वा शर्मा , साइना परवीन, डीओए रिम्स उपस्थिति रही।

## झामुमो जिला कार्यालय रामगढ़ के प्रांगण में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय रामगढ़ के प्रांगण में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू एवं संचालन जिला सचिव विनोद कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष महोदय के कर कमलों से झारखंड आदिवासी नेताओं एवं आंदोलनकारी योद्धाओं के शहिद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद महतो और भुन्नु बाबू जिला उपाध्यक्ष महेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, संतोष कुमार,दिलीप कुमार शर्मा,रामकिशन गिरी,अरुण बनर्जी, मुखेन्द्र महतो, गुलाम नबी,खुदीराम महतो, विमल करमाली, विनय मुन्ना,आशु कुमारी, राजू साव, मिथुन मुंडा, शिव कुमार करमाली, चंदू मुंडा, बबलू यादव, सूरज बेदिया, कमलेश पांडे, सकलदेव करमेल, जावेद आलम, सुशील कुमार,शुसांत भारती, राजनाथ महतो,शिवलाल हसदा, मुमताज अंसारी,अभय यादव, चंद्र मोहन गंझु , विशाल कुमार, मोहम्मद एनामुल अंसारी, मुरलीधर कोठारी, राजा खान, मो सोएब अंसारी,मो मनोवर आलम, अंकित कुमार इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता साथी गण शामिल हुए।



## टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने खिलाड़ी के बीच किया जर्सी वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने चौपारण प्रखंड के चोरदाहा पंचायत अध्यक्ष शशि सिंह व बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा के नेतृत्व में बरही प्रखंड के गौरियाकरमा पंचायत के खिलाड़ियों को नई जर्सी प्रदान की। इस प्रोत्साहनापूर्ण कदम से खिलाड़ियों को नया उत्साह मिला है और अब वे अपने क्षेत्र में होने वाले प्रमुख खेलों में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं। मौके पर श्री साहू ने कहा की इस समर्थन से खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल को बढ़ाने और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही, खेल के प्रचार-प्रसार को भी बढ़ावा मिलेगा ।



## सुंदरीकरण हुए धनवार पंचायत भवन का 10 अगस्त को होगा उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत जीर्णोद्धार हुए धनवार पंचायत भवन का विधिवत उद्घाटन गुरुवार को 10 बजे स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा।

उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार मौजूद रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि कम राशि में पंचायत भवन को काफी सुंदर बनाया गया है, जिसका लाभ पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं पंचायतवासियो को मिलेगा। कार्यक्रम में उन्होंने पंचायत के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंचायत के प्रबुद्ध जनों को शामिल होने को लेकर आमंत्रित किया है।

## देश के कोयला मजदूर सितंबर में ही मनाएंगे दीपावली : सीटू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला सी आई टी यू के उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने बताया कि कोल इंडिया के कामगारों के एरियर भुगतान का आदेश जारी कर दिया गया है. इससे कोल इंडिया में कार्यरत लगभग तीन लाख कामगारों को लाभ मिलेगा. कोल इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक (एमपी एंड आइआर) गौतम बनर्जी ने साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीए) समेत कोल इंडिया से संबंद्ध सभी अनुषंगी कंपनियों के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है. साथ ही तैयारी करने को भी कहा है. 23 माह के एरियर एक मुश्त भुगतान होगा. बुधवार को इस संदर्भ में कोल इंडिया प्रबंधन ने सभी अनुषांगिक कपंनियों के सीएमडी का पत्र भेजा है. इस आदेश से कामगारों को ढाई लाख से सात लाख रूपया एरियर के रूप में भुगतान किया जाएगा. यहां बताना होगा कि कोयला कामगारों का 11 वां वेतन समझौता में 20 मई 2023 को हुई जेबीसीसीआई की बैठक में हस्ताक्षर हुए थे. यह समझौता 1 जूलाई 2021 से लागू हुआ है. इसके बाद कर्मियों को बढा हुआ वेतन का भुगतान जुलाई 2023 से किया जा रहा है. 23 माह की बकाया राशि एरियर का भुगतान के संबंध में आदेश जारी नहीं किया जा सका था.



## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत दुलारचंद पटेल ने शहीदों के सम्मान में आधारशिला रखी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत कुसुम्भा पंचायत में ÷मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शहीदों के सम्मान में स्मारक पट्टी निर्माण हेतु उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहमोरिया में मुखिया दुलारचंद पटेल ने आधारशिला रखे जाने के दौरान श्रमदान किया तथा आधारशिला रखी गई।उपरोक्त कार्यक्रमानुसार खाली पड़े परिसर में 75 किस्मो के स्वदेशी पौधों की रोपाई की जायेगी।दूरसंचार के माध्यम से बातचीत के दौरान कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद पटेल ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश केंद्र की योजना का हिस्सा है,परन्तु अच्छी चीजों एवं अच्छी बातों को लोगो को जरुर अमल करना चाहिए। प्रखण्ड में सबसे पहले मैंने अभियान का प्रारंभ किया,जिसकी मुझे दिल से खुशी है।भारत भूमि की रक्षा के लिए मातृभूमि के वीर सपूतों ने अपनी कुर्बानी दी जिसकी भरपाई कोई नही कर सकता,परन्तु इनके सम्मान में आजादी के75 वें साल में एक कार्य तो किया जा सकता है। आजादी के 75 वें साल एवं अमर शहीदों की याद में 75 स्वदेशी पौधे लगाए जायेंगे ।



## पीवीयूएन के सौजन्य से दिव्यांग व्यक्ति को नया क्षितिज मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में,पीवीयूएन लिमिटेड के सीएसआर/आर एंड आर समूह ने स्वर्णरेखा महिला समिति के साथ दिनांक 09.08.2023 को मनोज महादानी को कृत्रिम अंग के रूप में जीवन बदलने वाला उपहार प्रदान किया। इस कार्यक्रम ने परियोजना लक्ष्य क्षेत्र के भीतर दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए पीवीयूएन लिमिटेड के अटूट समर्पण को प्रदर्शित किया। स्वर्णरेखा महिला समिति के सदस्यों के साथ पीवीयूएन के कर्मचारीं मनोज महादानी के आवास पहुँचे व उन्हें प्रोत्साहित किया। महादानी ने कृत्रिम पैर के उपयोग और रखरखाव में सावधानीपूर्वक प्रशिक्षण लिया,जो नए अंग को अपने दैनिक जीवन में निर्बाध रूप से एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल का एक मुख्य उद्देश्य महादानी को स्वरोज़गार हेतु प्रोत्साहित कर स्वावलंबी बनाना हैं। महादानी ने इस कार्यक्रम की हार्दिक सराहना की इस उदार कार्य ने मुझे उद्देश्य और आशा की एक नई भावना प्रदान की है। पीवीयूएन लिमिटेड की सामुदायिक विकास पहलों ने लगातार परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। हाशिए पर मौजूद समुदायों के उत्थान के लिए संगठन का अटूट समर्पण एक ऐसे भविष्य के लिए आशा की किरण के रूप में कार्य करता है जहां कोई भी पीछे नहीं रहेगा।



# आदिवासी समाज के विकास में युवाओं की भूमिका अहम : उपायुक्त

### विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर टाउन हॉल रामगढ़ में हुआ जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में हिस्सा लिया।इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त चंदन कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अतिथियों का पौधा व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदिवासी समाज हमारे समाज की जड़ की तरह है और किसी भी समाज के विकास के लिए उसकी जड़ का मजबूत होना बेहद जरूरी है।मौके पर उपायुक्त ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से मानव सभ्यता के विकास में आदिवासी समाज के योगदान की जानकारी दी उपायुक्त ने कहा कि आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर हम ध्यान दें तो हम जानेंगे कि आदिवासी समाज के रीति रिवाज, पर्व त्यौहार सहित धार्मिक मान्यताएं भी प्रकृति के संरक्षण से जुड़ी हुई है। विश्व आदिवासी दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य समाज के विकास में आदिवासी समूह के योगदान को समझने व यह आकलन करने की वर्तमान में आदिवासी समूह के लोगों की स्थिति कैसी हैं, कहीं वे किसी परेशानी में तो नहीं है या किस प्रकार से हम उनके जीवन को और भी बेहतर बना सकते हैं यह समझने की है। इस वर्ष आदिवासी दिवस के थीम पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में आदिवासी युवाओं पर यह बड़ी जिम्मेदारी है कि वे आत्मनिर्णय कर किस प्रकार से आदिवासी समाज का विकास सुनिश्चित करेंगे।




## धनवार पंचायत भवन में रोजगार मेला 10 अगस्त को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के 20 पंचायत में बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बतलाया कि 10 अगस्त को यह कार्यक्रम धनवार पंचायत भवन मे आयोजित की जा रही है।जिसमें धनवार, दूलमहा, करियातपुर, बरसोत,और रानीचुवा पंचायत शामिल है। यह रोजगार मेला झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत विनायक फंडामेंटल रिसर्च एजुकेशन सोसायटी, आईटीआई कॉलेज बोंगा इचाक हजारीबाग के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में 18 से लेकर 35 वर्ष के युवक-युवतियों के लिए भविष्य निर्माण करने का सुनहरा मौका है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार ने पत्र जारी कर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों संबंधित पंचायत के रोजगार सेवक, पंचायत सेवक,जन सेवक,को विशेष रूप से अपने-अपने पंचायत भवनो में व्यवस्था, करने एवं प्रचार प्रसार करने को कहा गया है।वहीं उन्होंने जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष, सदस्य, और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने अपने स्तर से क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवक-युवतियों रोजगार मेले का लाभ ले सके।



## जेएमएम-कांग्रेस सरकार ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने में विफल : जयंत सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हम सभी अवगत हैं कि लोकसभा का मानसून सत्र चल रहा है। सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हज़ारीबाग लोकसभा का नेतृत्व कर रहे हैं। वे सदन में देश, झारखण्ड व हज़ारीबाग एवं रामगढ़ से जुड़े अनेक मुद्दे उठा रहे हैं। सांसद जयंत सिन्हा ने लोकसभा में नियम 377 के तहत झारखण्ड में जलापूर्ति की समस्या के गंभीर मामले पर सदन का ध्यान आकृष्ट करवाया है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में जेएमएम-कांग्रेस सरकार जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत ग्रामीण आबादी को नल का पानी उपलब्ध करवाने में बेहद ख़राब प्रदर्शन कर रही है। जल राज्य का विषय है और इसलिए घरों में नल का पानी उपलब्ध करवाने के लिए जल सम्बन्धी योजनाओं को लागू करवाने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी संबधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की है। जुलाई, 2023 तक झारखण्ड में केवल 39.02 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों ने नल कनेक्शन की सूचना दी है। इसे परिप्रेक्ष्य में रखें तो झारखण्ड में 37 लाख से ज्यादा ग्रामीण घरों में नल के स्वच्छ पानी का कनेक्शन नहीं है। इसकी तुलना में गुजरात और हरियाणा जैसे राज्यों में जल जीवन मिशन के तहत 100 प्रतिशत नल कनेक्शन हैं। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि ऐसे समय में जब हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और विश्व गुरु बनने के लिए तैयार है, वहां झारखण्ड राज्य अपनी ग्रामीण आबादी को घरों में नल का पानी उपलब्ध करवाने में भी असमर्थ है।



## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** आदिवासी सेंगेल अभियान के बैनर तले आदिवासी सेंगेल अभियान के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सह मड़मो पंचायत समिति सदस्य बहराम हाँसदा के नेतृत्व में बिष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मडमो पंचायत के डुमारिया गांव में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में आदिवासी सेंगेल अभियान के बोकारो जोनल हेड आनंद टुडू, सेंगेल ओनोलिया वीरेंद्र कुमार बास्के,खेमलाल सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे। आदिवासी सेंगेल अभियान के बोकारो जोनल हेड आनंद टुडू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व भर के आदिवासियों की अस्तित्व -पहचान लुटने मिटने की कगार पर पहुंच चुकी है। जब तक आदिवासियों को सरना धर्म कोड नहीं मिलेगा तब तक आदिवासियों की अस्तित्व पहचान नहीं बचेगा। उन्होंने आगे कहा कि संताली भाषा को झारखंड राज्य का राजभाषा बनाना होगा। चूंकि, विश्व भर के लगभग 7000 भाषा में से 40 प्रतिशत भाषा विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी है। इसमें सर्वाधिक भाषा आदिवासी भाषाएं शामिल है। अतः जब तक संताली भाषा को राजभाषा का दर्जा देकर पाठन -पठन के लिए उपयोग नही की जाएगी तब तक आदिवासी भाषा नहीं बचेगी। अतः आवश्यक है कि झारखंड सरकार अविलंब संताली भाषा को झारखंड की राजभाषा के रुप में मान्यता दे देना चाहिए। आदिवासी भाषा को बचाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2021 में 2022 से 2032 तक आदिवासी भाषा दशक के रुप में मनाने का निर्णय लिया है।विदित हो पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के संताली भाषा आंदोलन स्वरुप 22 दिसम्बर 2003 में भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में संताली भाषा को सूचीबद्ध किया जा चुका है,जबकि अभी तक झारखण्ड मे प्रथम राज्य भाषा लागु नहीं किया गया ये दुर्भाग्य पूर्ण है द्य मुख्य रूप से उपस्थित आदिवासी सेंगेल अभियान बोकारो जोनल हेड आनंद टुडू, सेंगेल राइटर बिरेन्दर बास्के, हज़ारीबाग जिलाध्यक्ष बहराम हांसदा,जिला सरना धर्म माड़वा अध्यक्ष बहराम मरांडी,मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा,वार्ड सदस्य रेशमी देवी,खेमलाल सोरेन,सनीचर सोरेन,सोमार हेमब्रोम,अर्जुन मरांडी,सिताराम सोरेन,बसंती टुडू,फूलचंद मरांडी, काजल हांसदा,नेहा हांसदा, रुपमानी सोरेन,के साथ सैकड़ो महिला पुरुष शामिल रहे ।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

### ओरमांझी में विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समुदायों का हुआ जुटान

# संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए आदिवासी एकजुटता जरूरी : रमेश उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता




**ओरमांझी :** विश्व आदिवासी दिवस पर बुधवार को ओरमांझी प्रखंड में रमेश उरांव मुख्य संरक्षक झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़ा समाज मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी रांची झारखंड के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समुदायों की महिला व पुरुषों का जुटान हुआ। उसके बाद फैदल मार्च शास्त्री चौक से ओरमांझी काली मंदिर होते हुए फिर अंचल मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।साथ ही अपने पारंपरिक हथियार व वेशभूषा में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित हुए। वहीं इस बैठक में उपस्थित आदिवासी नेता रमेश उरांव ने आदिवासी समाज के लोगो को अपनी पारंपरिक विरासत एवं अपनी संस्कृति की रक्षा करने पर बल दिया। साथ ही अपनी चट्टानी एकता व संगठन को मज़बूत करने की अपील किया।उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर किए बिना आदिवासी समाज का उत्थान संभव नहीं है।वहीं समाज के उत्थान के लिए समाज के प्रबुद्ध लोगों को आगे आने के लिए अपील किया। ताकि आदिवासी समाज के हित का भला हो सके। उन्होंने ये भी कहा कि हाल ही में मध्यप्रदेश में एक आदिवासी युवक के ऊपर भाजपा के नेता के द्वारा पेशाब किया गया। मणिपुर में पिछले ढाई महीने से आदिवासियों की हत्या हो रही है। उनके घरों को जलाया जा रहा है और आदिवासी महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रही है।और इन सब के बावजूद केंद्र सरकार इस पर चुप्पी साध रखी है। इसलिए हमलोग इस बार नाच गान और खुशी के बजाय अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं।

## विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ ने बन खेता में कार्यक्रम का आयोजन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ द्वारा रामगढ़ प्रखंड के सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल गांव बन खेता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने की तथा संचालन रामगढ़ प्रखंड के बिससूत्री के अध्यक्ष सुनील करमाली द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी उपस्थित हुई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को विश्व आदिवासी दिवस के बधाई देते हुए ममता देवी ने कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस पार्टी द्वारा आदिवासियों के लिए कई तरह के कानून बनाकर उन्हें संरक्षण देने का काम किया है इसके साथ ही साथ कई तरह की योजनाएं भी आदिवासियों के हितों में रखकर बनाई गई है ।जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार भी आपके हक और अधिकार के लिए हमेशा तत्पर है क्योंकि एक आदिवासी का बेटा ही झारखंड सरकार का मुखिया है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह के बीच मिठाइयां बांटकर सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामना दिया गया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सीपी संतन, जिला 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, जिला प्रवक्ता मुकेश यादव,जिला सचिव संजय साहू, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मंजू जोशी, कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष रूपेंद्र महतो, रामगढ़ प्रखंड प्रमुख करुणादेवी, पिंकी राय, रामसेवक बेदिया , रूपलाल बेदिया, बंशी बेदिया, बेदिया,दादु मुण्डा, इत्यादि उपस्थित थे।

## भारतीयों को भाया एलेक्सा का देसीपन, हिंग्लिश में बातचीत ने हासिल की लोकप्रियता

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एलेक्सा भारत में हिन्दी और मल्टीलिंगुअल मोड लॉन्च करने के चार साल पूरा होने का जश्न मना रही है। अमेजन ने घोषणा की है कि देशभर में लाखों ग्राहकों ने एलेक्सा के साथ वॉयस इंटरैक्शन के मनोरम अनुभव को अपनाया है।भारत में प्रत्येक दूसरा यूजर अपने श्वष्द्धश्च स्मार्ट स्पीकर पर मल्टीलिंगुअल मोड का उपयोग करके हिन्दी, अंग्रेजी और हिंग्लिश के बीच आसानी से स्विच कर एलेक्सा से बात कर पा रहा है। इससे यूज़र्स को बार बार अपने एलेक्सा की भाषा की सेटिंग बदलने की ज़रुरत नहीं पड़ती है। इतना ही नहीं, पिछले साल इस विकल्प के लिए ग्राहकों की पसंद में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। हिन्दी और अंग्रेजी का मिश्रण, हिंग्लिश, अब आमतौर पर बोली जाने वाली भाषा बन गई है। कई भारतीय घरों में बातचीत हिन्दी और अंग्रेजी के बीच सहजता से होती है क्योंकि अलग-अलग उम्र के यूजर्स तरह तरह की भाषाओं व उसके इस्तेमाल को प्रार्थमिकता देते हैं। इस अनूठी संवादात्मक शैली ने ही अमेजन को एलेक्सा के लिए मल्टीलिंगुअल मोड विकसित करने के लिए प्रेरित किया। भारत पहला वह देश बना है जहां इस मल्टीलिंगुअल मोड को लॉन्च किया गया है। यूजर्स आसानी से ÷एलेक्सा , बॉलीवुड के लेटेस्ट सॉन्ग्स सुनाओ÷, ÷एलेक्सा , दिल्ली का वैदर कैसा है?÷, ÷एलेक्सा , सोलर सिस्टम के बारे में बताओ÷, और ÷एलेक्सा , मकर राशि का होरोस्कॉप बताओ÷ जैसे कमांड कर सकते हैं। आज, ग्राहक दिन में लाखों बार गाना सुनने, जानकारी पाने, क्रिकेट स्कोर जानने, स्मार्ट होम कंट्रोल करने, सेटिंग अलार्म/रिमाइडर्स लगाने जैसे कई अन्य कमांड्स देने के लिए एलेक्सा से बातचीत करते हैं।

## बिड़ला कॉर्पोरेशन का जून तिमाही का इबीआइटीडीए, बिक्री के परिमाण में वृद्धि और ईंधन लागत में कमी से 15 प्रतिशत बढ़ा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने जून तिमाही में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि इबीआइटीडीए में दर्ज की जबकि मुख्य बाजारों में सीमेंट की कीमतों में कमी आई थी। कंपनी की तिमाही के लिए सीमेंट बिक्री के रूप में समेकित राजस्व 9.3 प्रतिशत बढ़कर 2,425 करोड़ रुपये हो गया। मात्रा के हिसाब से पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 12.2 प्रतिशत बढ़कर 4.41 मिलियन टन हो गया। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 14.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए तिमाही के लिए इबीआइटीडीए 274 करोड़ रुपये के मुकाबले 314 करोड़ रुपये रहा। तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ 60 करोड़ रुपये था जो पिछले वर्ष (62 करोड़ रुपये) के मुकाबले थोड़ा कम था जो उच्च मूल्यह्वास और ब्याज लागत के कारण हुआ। नकद लाभ साल-दर-साल 6.5 प्रतिशत बढ़कर 217 करोड़ रुपये हो गया, जो मुख्य रूप से बेहतर बिक्री और बिजली और ईंधन की लागत में भारी गिरावट के कारण था। बिड़ला कॉर्पोरेशन ने तिमाही के लिए 91 प्रतिशत की क्षमता उपयोग हासिल किया, जो उद्योग में सर्वश्रेष्ठ में से एक था। कंपनी की सहायक कंपनी, आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, अपने 3.9 मिलियन टन-मुकुटबन प्लांट, जो एक साल पहले चालू हुआ था, में उत्पादन में लगातार वृद्धि जारी रखे हुए है। जैसी कि कल्पना की गई थी, इकाई तेजी से दक्षिणी मध्य प्रदेश, गुजरात और तेलंगाना जैसे नए बाजारों में प्रवेश कर रही है। जून तिमाही में मुकुटबन से प्रेषण क्रमिक रूप से 21 प्रतिशत बढ़ गया।

## अनगड़ा में आदिवासी दिवस पर मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर शहीदों के प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**अनगड़ा :** आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख दीपा उरांव के नेतृत्व में हजारों आदिवासी महिला एवं पुरुषों ने मोटरसाइकिल जुलूस निकाला। जिसके बाद आदिवासी समुदाय के अगुवा गणों ने हिंदुस्तान की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का शपथ लिया। मोटरसाइकिल जुलूस अनगड़ा से निकलकर गोंदली पोखर सिकीदरी हुंडरु फॉल होते हुए जहाँ धरती आबा बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर टी ए सी जमल मुंडा ने कहा कि आदिवासियों की सभ्यता व संस्कृति को बचाए रखने के लिए आदिवासियों को संगठित होना होगा और सरकार से अपने हक व अधिकार लेना होगा। झारखंड बनने के बाद भी यहां के आदिवासियों को मान सम्मान नहीं मिला है इसके लिए अब हम लोगों को चुप नहीं रहना होगा जरूरत पड़े तो संघर्ष भी करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा प्रमुख दीपा उरांव गेतलसूद सरना समिति अध्यक्ष अजय तिर्की शिवदास गोस्वामी छोटेलाल महतो साकिर अंसारी एतवा उरांव सफीक अंसारी अजय मुंडा अजय करमाली मुमताज़ खान अशोक बेदिया आसीस जीवधन बेदिया मुखिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## व्यक्तित्व के धनी थे रीझुनाथ चौधरी, समाज के उत्थान के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य किये

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रजरप्पा :** रामगढ़ के पूर्व प्रमुख स्वर्गीय रीझुनाथ चौधरी का 9वी पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें रजरप्पा क्षेत्र अंतर्गत पैतृक गांव सांडी एवं आजसू पार्टी कार्यालय स्थित शिरू बुध बाजार में कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर अपने आवास में स्वर्गीय चौधरी के फोटो चित्र पर गिरिडीह सांसद पुत्र चंद्र प्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक पुत्रवधू सुनीता चौधरी के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई एवं नमन किया गया पुण्यतिथि के दौरान रामगढ़ जिला सहित पास पड़ोस के सैकड़ों लोगों ने फोटो चित्र पर पुष्पांजलि की एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया उधर दुलमी प्रखंड के सिरू बुध बाजार स्वर्ग रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल इंटर कॉलेज परिसर पर स्थापित आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं पुष्पांजलि दी गई इस मौके पर उसे क्षेत्र के सैकड़ों लोगों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर बड़कागांव आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी एवं ज्योति चौधरी रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी नगर परिषद अध्यक्ष योगेश वेदिया नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो पार्षद सरस्वती देवी पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो आजसू वरिष्ठ नेता अमृतलाल मुंडा आजसू पार्टी रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी सहित सैकड़ो लोगों द्वारा श्रद्धांजलि दिया गया। पुण्यतिथि पर दुलमी एवं रजरप्पा क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच सैकड़ों फलदार वृक्ष आम जामुन कटहल अमरूद काजू इत्यादि कई तरह के पेड़ों का का वितरण किया गया ।

## विश्व आदिवासी दिवस पर युवाओं ने बनाया मानव श्रृंखला

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व आदिवासी दिवस पर बुधवार को आदिवासी समाज के युवाओं ने अरगड्डा बिरसा चौक पर धर्म ध्वजा हाथों में रखकर मानव श्रृंखला बनाया। इससे पूर्व सभी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को याद किया। युवा वक्ताओं ने कहां कि आदिवासियों की रक्षा के लिए सरना धर्म कोड जरूरी हैं। जल जंगल जमीन की रक्षा के साथ आदिवासियों पर अत्याचार बंद होना चाहिए। आज पूरा विश्व आदिवासी दिवस मना रहा हैं। यह गर्व का क्षण हैं। मौके पर आदिवासी अगुवा सह समाजसेवी दीपक उरांव, रूपन बेदिया, सूरज मुंडा, सुभाष बेदिया, जगनारायण करमाली, पिंटू बेदिया, पाहन राजू करमाली, पाहन गोपाल उरांव, सूरज, रॉबिन, विशाल, शुभम, आकाश, छोटू, विकास, दिलीप आदि युवा उपस्थित थे।

## आईलेक्स स्कूल में आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव में संचालित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में आदिवासी दिवस की धूम रहीं। मौके पर स्कूल परिसर में विद्यार्थियों के बीच विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को भारत में विभिन्न जगहों पर पाये जानेवाले आदिवासी समुदाय की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्?तीसगढ़, बिहार आदि तमाम राज्?यों में आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं. मध्?य प्रदेश में 46 आदिवासी जनजातियां निवास करती हैं। एमपी की कुल जनसंख्या के 21 फीसदी लोग आदिवासी समुदाय के हैं। वहीं झारखंड की कुल आबादी का करीब 28 फीसदी आदिवासी समाज के लोग हैं। इसके अलावा भी तमाम राज्?यों में आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। वही बताया की आदिवासी समाज का इतिहास प्रेरणा का स्रोत है। इधर इस मौके पर बच्चों के बीच आदिवासी समुदाय के पहनावे को लेकर एक एक्टिविटी कराई गई। जिसमें कई बच्चों ने हिस्सा लिया। लेकिन कक्षा अष्टम के आर्यन, अमलेश और जिज्ञासु की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया। और बच्चों के प्रयास भी काफ़ी सराहनीय रहें।

## रेल यात्रियों के साथ रेल कर्मचारियों और क्षेत्र की जनता को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करवाया जाए : बुद्धिजीवी मंच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बुद्धिजीवी मंच, कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक सचिव प्रो शाहनवाज खान के आवास सी आई सी बस्ती बरकाकाना में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदीप करमाली ने की और संचालन प्रो. शाहनवाज खान ने किया। बरकाकाना जंक्शन परिसर को बेहतर बनाने के लिए रेल प्रशासन द्वारा बुद्धिजीवियों से मांगे गए सुझाव के लिए बुद्धिजीवी मंच, कोर कमेटी द्वारा सुझाव की एक सूची तैयार की गई जिसे मंच के प्रतिनिधिमंडल द्वारा रेल अधिकारी सहायक कार्यपालक अभियंता को सौंपा जाएगा। बैठक में मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि बरकाकाना जंक्शन परिसर को बेहतर बनाने के साथ रेल यात्रियों, कर्मचारियों और क्षेत्र की जनता की आवश्यक सुविधाएं दीं जाए। बरकाकाना जंक्शन परिसर में रिटायरिंग रूम आदि सुविधा के साथ जंक्शन और मैन रोड के मध्य एक मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण करवाया जाए जहां टिकट रिजर्वेशन काउंटर, सुलभ शौचालय, बैंक शाखा, एटीएम, डाक घर, सस्ते दर का रेलवे कैंटीन के साथ आवश्यक उपभोग की सभी वस्तुओं एवं सेवाओं की दुकानें स्थापित की जाए। साथ ही खाली पड़ी रेल भूमि में सड़क कहीं सब्जी मंडी के लिए भूमि आवंटित की जाए।

## आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने विश्व आदिवासी दिवस पर संघर्ष का लिया संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा मोड़ पर आदिवासी संघर्ष मोर्चा के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस को लेकर भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद सभा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता कुलदीप बेदिया व संचालन सुभाष बेदिया ने किया। अवसर पर काफी संख्या में महिला, पुरुष उपस्थित थे। लोगो ने सभी शहीदों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया। वक्ताओं ने कहां कि बेलगाम व्यवस्था के कारण रांची में सुभाष मुंडा की हत्या, मणिपुर में महिलाओं के साथ दुराचार, लूट बढ़ती जा रही हैं। केंद्र सरकार के शासन में आदिवासियों पर हमला बढ़ता जा रहा हैं। इनके अधिकार और हक को भी नुकसान पहुंचाने के लिए वन संरक्षण संशोधन विधेयक व यूसीसी कानून लाकर दमन करने का प्रयास जारी हैं। इसके लिए सभी ने संघर्ष का संकल्प लिया। मौके पर वक्त आदिवासी संघर्ष मोर्चा राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया, भाकपा माले जिला रामगढ़ सचिव कांमरेड भुवनेश्वर बेदिया, किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हीरा गोप, आदिवासी संघर्ष मोर्चा जिला हजारीबाग सचिव सोहराय किस्कू, नरेश बढ़ाईक, सचिव लाली बेदिया, एपवा नेत्री नीता बेदिया, जयनंदन, गोप रामवृक्ष बेदिया लाका बेदिया, गोविंद राम, बुमरी मुखिया करण बेदिया, पंसस लालचंद बेदिया, बैजनाथ बेदिया, चंद्रिका राम, सूचित बेदिया, आदि थे ।

## खुली खदान सिरका एलएनटी मशीन से डीजल चोरी असफल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका कोलयरी के खुली खदान से बीते रात्रि मंगलवार को एलएनटी मशीन से डीजल चोरी करने के नियत से पहुंचे अज्ञात आधा दर्जन चोरों के मंसुबे को एक होमगार्ड जवान की सतर्कता ने असफल कर दिया। जानकारी के मुताबिक बीते रात्रि खुली खदान के नीचे एलएनटी मशीन के समीप होमगार्ड जवान अमित बेदिया की ड्यूटी लगी थी। डीजल चोरों की भनक लगने पर पेट्रोलिंग पार्टी सुरक्षा गार्ड जलील को फोन से खबर दी गई। पेट्रोलिंग पार्टी को आता देख डीजल चोर मौके से फरार हो गए।

## अंबेडकर नगर में चार चापानल की हुई मरम्मत

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के अंबेडकर नगर झोपड़ी में बुधवार को चार चापानलो की खराबी मरम्मत की गई। बताया गया कि पार्षद 13 संगीता देवी को सूचना मिलने के बाद 24 घंटों के अंदर नगर परिषद द्वारा कार्रवाई की गई। जिससे लोगों को पीने का पानी मिलता रहेगा। इसे ले लोगो ने हर्ष व्यक्त किया हैं। मौके पर समाजसेवी रंजीत पासवान, कपिल नायक, रतनलाल ऋषि, सरजू नायक, दिनेश नायक, आरती देवी, बसंती देवी, सुकून देवी आदि उपस्थित थे।

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर क्रान्ति क्लब मदइ के द्वारा फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चान्हो :** क्रान्ति क्लब मदइ के तत्वाधान मे छः दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट के फाईनल मैच किंग फिशर फुटबॉल क्लब गणेशपुर बनाम फुटबॉल क्लब चुटयो के बीच खेला गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो, विशिष्ट अतिथि चान्हो पुर्वी के जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी उपस्थित हुए। फाइनल मैच किंग फिशर गणेशपुर ने स्नष्ट चुटयो को पेनाल्टी शूटआउट मे 4-2 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। श्री सन्नो टोप्पो ने कहा यहां के लोग जो खेल भावना दिखाया है वह काबिले तारीफ है, उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा खेल को खेल भावना से खेलें जीत और हार खेल का हिस्सा है इसे बनाकर रखें झारखंड के खिलाडी़ बहुत प्रतिभावान होते हैं यही खिलाड़ी एक दिन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल कर हम लोगों को गौरवान्वित करेंगे झारखंड के खिलाड़ी फुटबॉल के अलावा हॉकी, क्रिकेट के क्षेत्र का नाम रौशन किए हैं। जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा खेल के साथ-साथ मै आपके क्षेत्र मे जिला परिषद के फंड से एक करोड़ तैंतालिस लाख रुपए के लागत से स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कर रहे हैं, हर घर जल नल योजना के तहत हर घर मे पानी पहुंचाने का कार्य युध्द स्तर पर कर रहे हैं और मांडर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष मुंडा को 30 सेकेंड का मौन रखकर श्रध्दांजलि दिए।मौके पर बेयासी पंचायत के मुखिया भोला उरांव, उप मुखिया धनंजय महतो,पुर्व आर्मी सुकरा उरांव, पुनइ उरांव, पुर्व आर्मी कर्मा उरांव, पारा शिक्षक बिरसा उरांव, प्रदीप उरांव, गंदरू उरांव, मोरहा उरांव, नवाज खान, अशेश्वर शाही, टुर्नामेंट के अध्यक्ष विरेन्द्र उरांव, उपाध्यक्ष चन्दा उरांव, सचिव सरजु उरांव, आरतिक उरांव, शशि उरांव, विरेन्द्र उरांव, सुरेश उरांव समेत हजारों की संख्या मे खेल प्रेमी मौजूद थे।

## आदिवासी छात्र संघ व बिरसा स्मारक समिति ने विश्व आदिवासी दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** आदिवासी छात्र संघ व बिरसा स्मारक समिति ने संयुक्त रूप से बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया। अवसर पर जीएम ऑफिस में स्थापित सिद्धू- कानू, स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया, अरगड्डा में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इनके कुर्बानियों को याद किया। वक्ताओ ने कहां कि अपने हक अधिकार और प्रकृति को सुरक्षित रखने के लिए संघर्ष व एकजूटता की जरूरत हैं। भारत में आदिवासियों की आबादी सबसे ज्यादा 8.6त्न हैं, यहां प्राकृतिक संसाधनों में 70त्न आदिवासीयों की जमीन हैं। केंद्र सरकार आदिवासियों की विकास में कार्य करें। मौके पर वक्ता जगनारायण बेदिया, धनेलाल बेदिया, राजेश बेदिया, अशोक करमाली, शिवदेव बेदिया, गोविंद बेदिया थे। जबकि परमेश्वर, राजू, श्याम, किशोर, सोनवा, अमर, विनोद, करमचंद, काशीनाथ, राजू, किशोर, भुट्टो मांझी, मुखलाल, अरुण, मदन, कमलेश, अबोध, श्रवण, कजरू समेत कई उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर सिरका ऑफिस में बैठक पर्ची चिपकाया गया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परियोजना सिरका कार्यालय गेट के समक्ष बुधवार को श्री श्री दुर्गा पूजा एवं काली पूजा को लेकर आगामी 11 अगस्त को बैठक संबंधी पर्ची चिपकाए गया। इस संबंध में दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधि रामजी सिंह ने बताया कि सिरका परियोजना कार्यालय में दुर्गा व काली पूजा आयोजन को लेकर बैठक रखी गई हैं। जिसमें पूजा खर्च का विवरण, नई कमेटी का पुनर्गठन होना हैं। इसकी सूचना दी जा रही हैं। वहीं पिछले वर्ष की दुर्गा पूजा खर्च पर्चा को भी पूजा समिति ने दीवार पर चिपकाया हैं।

## फुटबॉल एवं तीरंदाजी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व आदिवासी दिवस 2023 के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय फुटबाल, हॉकी, एथलेटिक एवं तीरंदाजी खेल प्रतियोगिता का आयोजन पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग झारखंड राँची एवं जिला प्रशासन के तत्वधान से सिद्धू कानू स्टेडियम रामगढ़ में किया जा रहा है। बुधवार को फुटबॉल एवं तीरंदाजी (पुरुष एवं महिला) खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल पुरुष वर्ग में 33 टीम ने भाग लिया है। जिसमें पहला दिन 16 मैचो का आयोजन किया गया बाकी मैच कल खेला जाएगा। फुटबॉल महिला वर्ग में 8 टीमों ने भाग लिया पहला सेमीफाइनल बरघुटुवा, पतरातु बनाम सांडी के बीच खेला गया जिसमें सांडी 3-0 से विजय रहा। दूसरा सेमीफाइनल पावन क्रूस स्कूल भुरकुंडा बनाम उलगुलान फुटबॉल क्लब चैनपुर के बीच खेला गया जिसमें चैनपुर 3-2 से विजय रहा। फाइनल मुकाबला सांडी और मांडू के बीच खेला गया। जिसमें सांडी की टीम 2-0 से विजय रहा।

## गिरिडीह के दुखिया महादेव मंदिर आएंगे मनोज तिवारी

### 28 अगस्त को सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह प्रसिद्ध बाबा दुखहरण नाथ मंदिर दुखिया महादेव में सावन की अंतिम सोमवारी पर 28 अगस्त को धार्मिक अनुष्ठान सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। यह आयोजन साईं सेवा ट्रस्ट बरगंडा गिरिडीह के विनोद सिन्हा के सौजन्य किया जाएगा। बताया गया कि इस अनुष्ठान में केदारनाथ धाम के आचार्य पंडित राजशेखर लिंगम व भाजपा के पूर्व सांसद व भोजपुरी अभिनेता व गायक मनोज तिवारी भी आएंगें। इस अनुष्ठान में बाबा विश्वनाथ मंदिर, बनारस और बाबा बैद्यनाथ धाम के भी कई विद्वान पंडित भी शामिल होंगे। ट्रस्ट की ओर से गिरिडीह डीसी को आवेदन देकर इसकी जानकारी दी गई है। जिसकी प्रतिलिपि एसपी, एसडीओ, सीओ व मुफस्सिल थाना प्रभारी को भी दी गई है। उक्त कार्यक्रम में होनेवाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था कराने की भी मांग की गई है।

## गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा के द्वारा शोक सभा आयोजित की गई



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा की कोर कमिटी की बैठक साहू समाज भवन हुट्टी बाजार गिरिडीह में जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू ( अधिवक्ता )की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में विगत 5 अगस्त को बराकर नदी में बस दुर्घटना पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है तथा मृतक सभी आत्माओं के प्रति हमारे समाज की पूरी संवेदना है। ज्ञात हो कि इस बस दुर्घटना में साहू समाज के पदाधिकारी मानिकचंद गुप्ता जी की भी मृत्यु हुई थी। बैठक में सर्वसम्मति से यह मांग किया गया कि स्वर्गीय मानिक चंद गुप्ता के परिवार वालों को अधिकतम मुआवजा दिया जाए तथा इस दुर्घटना के लिए दोषी व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जिला प्रशासन को ज्ञापन भी दिया जाएगा। स्वर्गीय मानिकचंद गुप्ता जी के लिए शोक सभा भी रखा गया तथा 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू ने कहा कि मानिक चंद गुप्ता एक सरल और मृदुभाषी व्यक्ति थे। उनका सहयोग हमेशा सामाजिक कार्यों में रहा है। उनकी मृत्यु साहू समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। महासचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि मानिकचंद गुप्ता सिर्फ साहू समाज के लिए ही नहीं थे ,बल्कि उनका योगदान सभी समाज को मिलता था। वह पुराना अखाड़ा के भी अध्यक्ष तथा दुर्गा पूजा समिति के सचिव भी थे।प्रत्येक सामाजिक कार्यों में हमेशा वह बढ़कर हिस्सा लेते थे। उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में हमारा साहू समाज काफी प्रगति और विकास किया है, जिसमें मानिकचंद गुप्ता जी का योगदान काफी सराहनीय रहा है। उपाध्यक्ष हर गौरी साहू ने कहा कि मानिकचंद गुप्ता हमेशा लोगों के सहयोग तथा मदद के लिए तत्पर रहते थे। नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश साहा ने कहा कि बड़ा चौक क्षेत्र में किसी व्यक्ति को कोई भी परेशानी होती थी तो सबसे पहले मानिक चंद गुप्ता जी को ही याद किया जाता था। उनके निधन से सभी लोग मर्माहत है।

## पेंशन अधिकार महारैली रामलीला मैदान दिल्ली में ईसीआरकेयू के बैनर तले रेल कर्मी दिल्ली रवाना



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के आह्वान और ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष डी के पांडेय और महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव के दिशा निर्देश पर धनबाद मंडल के सभी शाखा से हजारों की संख्या में रेल कर्मचारीगण दिल्ली रवाना हुए। ईसीआरकेयू के बैनर तले एनपीएस समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने को लेकर आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने के लिए विभिन्न ट्रेनों से दिल्ली के लिए रवाना हुए। 10 अगस्त को दिल्ली में इन मांगों को लेकर विशाल प्रदर्शन होना है। इसमें हाजीपुर के पांचो रेल मंडल के साथ साथ धनबाद मंडल के सभी 14 शाखाओं से हजारों की संख्या में रेल कर्मचारी 10 अगस्त को रामलीला मैदान में होने वाले पेंशन अधिकार महारैली में शामिल होंगे। यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि धनबाद मंडल के तीन केंद्रीय पदाधिकारी मोहम्मद जियाउद्दीन, ओपी शर्मा और ओमप्रकाश के अलावे धनबाद, गोमो, कतरास, पाथरडीह, चंद्रपुर शाखा सहित सभी 14 शाखा के पदाधिकारी शामिल होंगे।

## रिलायंस पम्प से आम आदमी है परेशान

**राजगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रिलायंस पेट्रोल पम्प कोटालअड्डा में आम आदमी का कोई भी सुविधा नहीं। इस पम्प में सिर्फ और सिर्फ पेट्रोल, डीजल बेच कर पैसा कमाई तक सीमित। आम आदमी और सरकार को दिखाने के लिए पम्प से बहुत दुर जंगल में एक हवा भरने का मसीन लगा दिया गया है, जो हमेशा खराब ही रहता है, ना ही पम्प से कोई स्टाफ देखने तक जाता है। जिससे आम आदमी दो पहिया वाहन को ठेल कर ले जाने को मजबूर। पम्प से निकलते ही ओवर ब्रिज होने के कारन गाड़ी को धकेलना भी बहुत ही मुस्किल है।




# लूट व डकैती कांड के दो अपराधी गिरफ्तार

## पुलिस के समक्ष 7 अपराधों का किया खुलासा



**देसी पिस्टल, गोली, मोबाईल और बाईक बरामद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद पुलिस के हत्थे चढ़े दो अपराधकर्मी मकबूल अंसारी और अकबूल अंसारी की गिरफ्तारी से पूर्व के लूट व डकैती के 7 अलग अलग कांड का खुलासा पुलिस ने किया। बुधवार को एसएसपी संजीव कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में मीडिया को बताया कि पिछले दिनों 8 अगस्त को टुंडी थाना अंतर्गत मिडलेंड माइक्रो फिन लिमिटेड के सेंटर ऑफिसर के साथ लुटपाट का प्रयास अपराधियों के द्वारा किया गया था।गांव के लोगों और पुलिस की सक्रियता के कारण अपराधी अपने मंसूबे में कामयाब नही हो सके। पुलिस गिरफ्त में आए अपराधियों से पूछताछ में पूर्व के 7 कांड जिनमे टुंडी थाना क्षेत्र में घटित तीन, बर्वाअड्डा थाना अंतर्गत एक, एमपीएल ओपी क्षेत्र अंतर्गत दो और राजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक आपराधिक घटना का उदभेदन किया गया। अपराधियों के पास से एक देसी पिस्टल, पांच गोली, एक मोबाईल और लुटकांड में प्रयुक्त बाईक बरामद की गई है। मिडलेंड माइक्रो फिन लिमिटेड के सेंटर ऑफिसर के साथ लुटपाट के प्रयास की घटना पिछले 8 अगस्त की है। सेंटर ऑफिसर मनियाडीह से महिला समूह से पूर्व में प्रदत्त मासिक किश्त की राशि 52 हजार रू कलेक्शन करके अपने शाखा मोटरसाईकिल से लौट रहे थे। तभी दो बाईक पर पांच अपराधकर्मी वादी का पीछा करके उन्हें रोकवाया और पिस्टल का भय दिखाकर उनसे पैसे लूटने का प्रयास किया जिस पर वादी हेलमेट से एक अपराधी को धक्का देकर शोर मचाते हुए गांव की तरफ भाग निकले। इधर अपराधी भी उनका पीछा किये। इसी दौरान पुलिस को भी सूचना मिल चुकी थी, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण और पुलिस की सक्रियता से उपरोक्त दोनों अपराधी पकड़े गए जबकि शेष तीन अपराधी भागने में सफल रहे। पुलिस उन बाकी अपराधियों की तलाश कर रही है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के सैकयाघुटू आदिवासी गांव में धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में आदीवासी महिलाओं द्वारा परंपरागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी ने ढोल नगाड़े भी बजाए। ग्रामीणों के बीच कांग्रेस के भारत जोड़ो अभियान का संदेश भी दिया गया। आदिवासी ग्रामीणों को धोती, साड़ी, गमछा देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि आज विश्व आदिवासी के अवसर पर युवाओं को आगे बढ़ाने का हम सभी संकल्प लेते हैं, ताकि हर क्षेत्र में आदिवासी समाज का जनजीवन विकसित हो। उन्होंने कहा केद्र की भाजपा सरकार आदिवासियों का हित नहीं चाहती। मणिपुर में महिलाओं के साथ हुआ दुंब्यवहार इसका साक्षात प्रमाण हैं। वही मध्यप्रदेश मे आदिवासी युवक के माथे पर भाजपाई पेशाब करते हैं जो पुरे देश और समाज को शर्मशार करने वाली घटनाक्रम है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ हरलाडीह पहुंचे गिरिडीह विधायक



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हरलाडीह पंचायत के मंदनाडीह में डायरिया का प्रकोप बढ़ जाने की सूचना पर आज गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू स्वास्थ्य विभाग, पीएचडी, बीडीओ, सीओ आदि के साथ मंदनाडीह पहुंचे। वहां से एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से बीमार लोगों को अस्पताल में शिफ्ट कराया द्य मौके पर उन्होंने बताया कि जिला व प्रखंड मेडीकल टीम लगातार मरीजों के इलाज में जुटी है। साथ ही जिन लोगों की मौत डायरिया से हुई है द्य उनके परिवार वालों को राशन, आवास आदि की व्यवस्था कराई जा रही है। गांव के अन्य बीमार लोगों को तत्काल अनाज व्यवस्था कराया गया है। गांव के खराब चापानल को भी बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## एसएसपी से जानलेवा हमला करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कांग्रेस इंटक धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार यादव ने धनबाद एसएसपी को आवेदन देकर लिखा कि दिनांक 08/07/2023 को मै और इंटक के जिला महासचिव मंजू पासवान के साथ जोगता थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतुलमुड़ी बस्ती में चल रहे अवैध कोयला डिपो को बंद करवाने को लेकर आवेदन देने गया था। उसी दिन लगभग संध्या 07:00 बजे कांग्रेस इंटक के प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता बिरेंद्र पासवान के साथ अपने घर के समीप सेंन्द्रा में प्रस्तावित श्रमिक सहयोग समिति लिमिटेड के कार्यालय में बैठा हुआ था तथा रजिस्ट्रेशन करवाने की प्रक्रिया को लेकर चर्चा हो रही थी। तभी लगभग 08:00 बजे संध्या को कार्यालय के



बाहर कुछ लोगों की आवाज सुनाई दी जब मैं देखने के लिए कार्यलय के दरवाजे के पास से देखा तो लगभग 15 से 20 मीटर की दूरी पर 20 से 25 लोग चेहरे पर रुमाल और गमछा बांधे हुए थे मुझे देखते ही गाली देते हुए इसको मार इसको मार कहते हुए हमारी ओर दौड़ने लगें। अपनी ओर दौड़ते देख मैं उनसे बचने के लिए दौड़ कर भागने लगा और भाग कर अपनी जान बचाई। उन लोगों ने काफी दूर तक हमारा पीछा किया पर वह हमें पकड़ नहीं पाएं। सुबह मुझे समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि कांग्रेस इंटक प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता बिरेंद्र पासवान जी के उपर जान लेवा हमला तथा मार पीट हुआ है। बिरेंद्र पासवान के साथ सेंद्रा में कार्यालय के पास मार पीट होने के बाद लोयाबाद थाना में आवेदन दिए तथा ईलाज के लिए जैसे ही लोयाबाद थाना के बाहर कुछ दूर ही पहुंचे अनके उपर दोबारा हमला कर मार पीट हुआ। इस प्रकार की परिस्थिति को देखते हुए मुझे मेरे घर पर रहना सुरक्षित नहीं लग रहा इसलिए मैने अपने घर पर रहना छोड़ दिया है। उक्त घटना से मै और मेरा पूरा दहशत और भय के साए में जी रहे हैं। उपद्रवियों ने प्रस्तावित श्रमिक सहयोग समिति लिमिटेड के कार्यालय में तोड़ फोड़ कर रखी फाइल को अपने साथ ले गए एवं वहां रखी कुर्सियों को भी तोड़ दिया। स्थिति ऐसी है कि मैं अपने आवास पर नहीं रह सकता क्योंकि कभी भी हमारे उपर या हमारे परिवार के ऊपर हमला हो सकता है। क्योंकि अभी तक बिरेंद्र पासवान के ऊपर जिन लोगों ने जान लेवा हमला किया है उनकी गिरफ्तारी अभी तक नही हुआ है।

पिंटू कुमार यादव ने लिखा कि यदि मेरे या मेरे परिवार के साथ एवं कांग्रेस इंटक के पदाधिकारियों के साथ भविष्य में किसी प्रकार की अनहोनी घटना घटती है तो इसकी जवाबदेही क्षेत्रीय प्रशासन की होगी।

## प्रदेश कांग्रेस ने आयोजित किया आदिवासी गौरव महासभा, शामिल हुए धनबाद के कांग्रेसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बुधवार 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस को लेकर धनबाद सहित पूरे झारखंड में कार्यक्रम आयोजित किए गये। धनबाद में भी जुलूस निकाले गए। वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रांची में आदिवासी गौरव महासभा का आयोजन किया। हालांकि यह आदिवासी गौरव महासभा हर एक राज्य में कांग्रेस कर रही है। इसी क्रम में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बनहोरा जतारा मैदान, रांची में कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे पहुंचे हुए थे। कांग्रेस के तमाम मंत्री, वरीय नेता इस कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। स्वागत भाषण प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने किया। जबकि इस कार्यक्रम में मंत्री बना गुप्ता, मंत्री बादल पत्र लेख, कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजाद अनवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय सहित प्रदेश के तमाम छोटे बड़े नेता मौजूद थे। वहीं धनबाद से भी कांग्रेस नेताओं ने शिरकत की। धनबाद से पहुंचे नेताओं में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष अजय दुबे, कांग्रेस के वरीय नेता अशोक कुमार सिंह, वरीय उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह योगी, महासचिव दिलीप मिश्रा, महासचिव राहुल राज, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाड़ी, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष पप्पू, मो रिजवान समेत अन्य शामिल थे।

## बांसजोड़ा रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का सिर कटा शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** लोयाबाद थाना क्षेत्र के बांसजोड़ा रेलवे साइडिंग के समीप बुधवार की अहले सुबह युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। उसका सिर धड़ से अलग था। उसकी पहचान सेंद्रा बस्ती निवासी 27 वर्षीय दिलीप राम पटेल के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक ट्रेन से कटकर युवक की मौत हुई है। जीआरपी कुसुंडा के एएसआई अरुण ने बताया कि रेलवे पोल संख्या छ्य 8-11/13 के बीच सिर कटा शव मिला है। किस ट्रेन से कटा है, अभी इसकी जानकारी नही हो सकी है। मृतक की पहचान उसके परिजनों के द्वारा की गई है। सिर कटने के अलावा कोई अन्य चोट के निशान शरीर में नजर नहीं आए है। हालाकि की कही भी चोट या खारोज का निशान नही होने के कारण मामला संदिग्ध है। वैसे जीआरपी एएसआई अरुण कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचेंगे। वही घटनास्थल के समीप अवैध कोयला काफी मात्रा में देखने को मिला है। जहां गाड़ी के पहियों के निशान भी दिख रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगो की माने तो सुबह होते ही बांसजोड़ा रेलवे साइडिंग से कोयला तस्करों के टीम के द्वारा साइडिंग से कोयला इकट्ठा कर ट्रैक के समीप झाड़ियों में रखा जाता है। शाम ढलते ही चार पहिया वाहन से अवैध कोयले की तस्करी शुरू हो जाती है, जो लोयाबाद थाना क्षेत्र से होकर जोगता थाना क्षेत्र के नया मोड़ होते हुए तैतुलमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत 40 नंबर मोदीडीह के अवैध डीपू में खपाया जाता है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि इस मौत का कारण अवैध कोयला चोरी से भी जुड़ा हो सकता है।

## चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोकने वालों की धर पकड़ के लिए पूर्व मध्य रेलवे ने चलाया ऑपरेशन "समय पालन"

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है । इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेषन ''समय पालन'' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावष्यक रूप से विलंब ना हो ।

इस विषेष अभियान में 01.08.23 से 07.08.23 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 188 लोगों को हिरासत में लिया गया ।

इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई । ऑपरेषन ''समय पालन'' के तहत् इन 07 दिनों में सर्वाधिक 75 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 42, सोनपुर मंडल में 38, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 20 तथा धनबाद मंडल में 13 लोगों को हिरासत में लिया गया ।

विदित हो कि गाड़ियों को बिना ठहराव एसीपी (चेन पुलिंग) करके रोकने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

लंबी दूरी वाली गाड़ियों में सफर करने वाले यात्री एसीपी के कारण और ज्यादा परेशान हो जाते हैं।

यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ।

## तेलमोच्चो व राजगंज में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के तेलमोच्चो में मुखिया के अगवाई में मनाया गया आदिवासी दिवस। कुंजी गांव के माझी टोला से सैकड़ो की संख्या में पारंपरिक भेष भूसा में ढोल नगाड़े के साथ लोगो ने यात्रा निकाला जो तेलमोच्चो बाजार होते हुए मुखिया मीरा कुमारी के आवास तक पहुंचा जहा पारंपरिक गीत नृत्य का प्रदशन किया । इस मौके पर मुखिया पति शिबू महतो और मुखिया मीरा कुमारी ने नगाड़ा बजाकर और लोगो को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर महुदा थाना प्रभारी , के अलावा



सेकडो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

**राजगंज संवाददाता के अनुसार :-** आदिवासी दिवस के उपलक्ष में राजगंज हाई स्कूल के मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दुर दराज से लोग पहुंच कर अपने अपने कला को दिखा कर सभी लोगो को आकर्षित किया। मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में बहुत पुराने ताल और नृत्य को दिखाया गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं जरूरत संसाधन उपलब्ध कराने की : राजेश यादव



**विश्व आदिवासी दिवस पर माले नेता ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** भाकपा माले नेता राजेश यादव ने विश्व आदिवासी दिवस पर सदर प्रखंड के अंबाटांड़ (शादी गवारो) में एक फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए कहा कि, ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन अब तक की सरकारों की गलत नीतियों के कारण खेल संसाधनों को विकसित नहीं किया जा सका है। उन्होंने सरकार से पंचायत स्तर पर पर्याप्त खेल संसाधन और मैदान उपलब्ध कराने की भी मांग की। इस बाबत यादव ने बताया कि, हरी-भरी खूबसूरत वादियों के बीच अंबाटांड़ के युवा पी के डॉन क्लब के तत्वावधान में हर वर्ष फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करते हैं। इस वर्ष भी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है, जिसमें गिरिडीह सहित कुल 5 प्रखंडों की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। स्थानीय मांझी हड़ाम मिथुन मुर्मू द्वारा पारंपरिक रूप से पूजा करने के उपरांत माले नेता द्वारा अन्य गणमान्य लोगों के साथ फीता काटकर बड़कीटांड़ तथा कोदयडीह की टीमों के बीच उद्घाटन मैच शुरू करवाया गया।

## बकाया वेतन को लेकर 108 एंबुलेंस चालकों ने किया हड़ताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पांच महीने के बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर बुधवार से 108 एंबुलेंस चालक हड़ताल पर चले गए है। हड़ताल पर जाने से निःशुल्क एंबुलेंस सेवा ठप हो चुकी है। बता दें कि जिले में कुल 108 एंबुलेंस की संख्या 27 है। कुल 108 कर्मी काम करते हैं। हर एंबुलेंस में चार चार कर्मी की ड्यूटी है। पांच महीने से उनका वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने पूर्व में भी हड़ताल की चेतावनी दी थी। वे पांच माह के बकाया वेतन भुगतान की मांग पर अड़े हैं। उनका कहना है कि या तो एनआरएचएम से उनका भुगतान कराया जाए या फिर एनआरएचएम द्वारा एंबुलेंस संचालक एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड किया जाए। यह कंपनी कर्मचारियों का वेतन देने में सक्षम नहीं है। वहीं 108 एंबुलेंस सेवा के हड़ताल पर जाने से मरीजों को काफी कठिनाईयों का सामना करते देखा गया।

## ईआरओ 40 धनबाद विस सह एसडीओ ने किया पन्ना सत्यापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ईआरओ 40 धनबाद विधान सभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी ने आज धनबाद विधान सभा अंतर्गत बूथ संख्या 97 में डोर टू डोर भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने पन्ना सत्यापन, मतदाताओं के नाम, उम्र, पता में सुधार करने, नये मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा एपिक कार्ड वितरण सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को दिया।

# उपायुक्त ने अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी मिट्टी, मेरा देश अभियान आज नगर परिषद, लोहरदगा की ओर से प्रारंभ किया गया। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरूआत की गई। सर्वप्रथम देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों, वीरों की याद में बड़ा तालाब के किनारे स्थापित शिलापट्ट का अनावरण उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। साथ ही, बड़ा तालाब के किनारे ही अमृत वाटिका का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल,स्वतंत्रता,देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी बुधन सिंह के वंशज ओम सिंह, छेदी लाल आजाद के वंशज शशि गुप्ता व परिवार द्वारा अमृत वाटिका में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि भारत सरकार का यह अतिमहत्वकांक्षी अभियान है। इसमें देश के कोने-कोने से शहीदों के घर को मिट्टी नई दिल्ली भेजे जाने का अभियान चलाया जा रहा है। जब नई दिल्ली में यह मिट्टी रखी जायेगी और जब देश के विभिन्न हिस्सों से नई दिल्ली में लोग कर्तव्य पथ घूमने के लिए जाएंगे तो गर्व महसूस होगा। नई पीढ़ी देश के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को इसके जरिये याद करेगी। कार्यक्रम में मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले वीरों को दीप के साथ पंच शपथ के जरिये याद किया गया। पदाधिकारियों द्वारा शिलापट्ट के साथ सेल्फी भी ली गयी। उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा इस मौके पर ध्वजारोहण किया गया और इसके उपरांत सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया। आज के कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।नगर परिषद द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के जन्म स्थली की मिट्टी कलश में इकट्ठा की गई। आज के कार्यक्रम में नगर परिषद प्रशासक देवेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पवन कुमार, सिटी मैनेजर विजय कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई। सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि अपनी परंपरा और संस्कृति को पीढियों तक बनाए रखने के लिए व्यवहारिक जीवन में भी स्थान देना आवश्यक है ताकि आधुनिकता की दौड़ में हमारी समृद्ध परंपराएं विलुप्त ना हो। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान 12वीं कक्षा से आर्यावर्त सदन की पूनम कुमारी ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान 11वीं कक्षा से बिरसा मुंडा सदन की रितु कुमारी और तीसरा स्थान 12वीं कक्षा से जम्मूद्वीप सदन की अल्फा कुजूर ने प्राप्त किया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान 12वीं कक्षा से हिंदुस्तान सदन के संदीप उरांव ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान 12वीं कक्षा से आर्यावर्त सदन के शशि तिग्गा और तीसरा स्थान 11वीं कक्षा से बिरसा मुंडा सदन के निखिल भगत ने प्राप्त किया। सभी को उपहार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन और धन्यवाद ज्ञापन सांस्कृतिक विभाग की कविता कुमारी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मियों ने महत्वपूर्ण योगदान किया।

## डोर टू डोर सर्वे कर मवेशियों को निःशुल्क वैक्सीन लगाया गया



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लम्पी और बरसाती बीमारीयों से बचाव को लेकर पशुपालन विभाग के तत्वधान में पशु चिकित्सकों द्वारा सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे कर मवेशियों को वैक्सीन लगया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र मे पशुपालन विभाग के तत्वधान में चिकित्सकों द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर मवेशियों को वैक्सीन लगया गया। डोर टू डोर सर्वे अभियान में मुख्य रुप से प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह भ्रमण कर पशुपालकों से मवेशी का जायजा लेते हुए रख रखाव का सलाह दिया गया। साथ ही पशु में पाए जाने वाली लम्पी बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी पशुपालकों को देते हुए कहा कि यह ऐसा बीमारी है। जिसका समय से इलाज नही किए जाने पर उस मवेशी की मौत भी हो सकती है। साथ ही उन्होंने कहा मवेशी को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान देने की जरूरत है। मवेशी के गोहाल को साफ सफाई हमेशा करते रहना है। खाना में सड़ा अनाज एवं सब्जी नही देने का बात बताया गया। वही 113 पशुपालकों के करीब 400 से अधिक मवेशीयों को निःशुल्क वैक्सीन लगाया गया। इस अभियान में पशु चिकित्सक शुशील कुमार, ओशीक अंसारी, रमेश कुशवाहा, केदार महतो, सूरज राम, राजकुमार केशरी शामिल थे।

## भाषा और संस्कृति से ही हमारी पहचान होती है : प्रवीण सिंह



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में भव्य रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधान पार्षद सह विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाषा और संस्कृति से ही हमारी पहचान होती है और आदिवासी समाज की भाषा, संस्कृति,खान-पान,वेशभूषा और रहन-सहन काफी प्राचीन है। इसे धरोहर के रूप में संरक्षित रखने की आवश्यकता है। प्रवीण सिंह ने कहा कि हमारे जीवन का प्रत्येक आयाम हमारी कल्चर से प्रभावित होकर निखरता है और हमारी एक अलग पहचान बनती है। विद्यालय के प्राचार्य एसके झा ने कहा कि हम अपने विद्यालय में सभी तरह की जयंती और पर्व -त्यौहार का आयोजन करते हैं जिससे हमारे विद्यालय के बच्चे अपनी भाषा और संस्कृति को समझते हुए अपना संपूर्ण विकास कर सकें। विद्यालय के मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने आकर्षक रूप से नृत्य-गान करते हुए विश्व आदिवासी दिवस को जीवंत बनाने का कार्य किया। कार्यक्रम को सजाने में विद्यालय के शिक्षक अनिल एक्का, स्मिता कुमारी, काजल कुमारी, शिवम कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# अपनी भाषा एवं संस्कृति को बचाना हमारा पहला धर्म है : निरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला आजसू पार्टी कार्यालय में धूमधाम के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए झारखंड आंदोलनकारी और लोकप्रिय पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत ने कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी बोली और संस्कृति ही होती है और इसे बचाना हमारा पहला धर्म है । उन्होंने कहा कि हमारा आदिवासी समाज सबसे पुराना समाज है इसलिए यह आवश्यक है कि अपने समाज की भाषा, संस्कृति, वेशभूषा, खान-पान आदि को धरोहर के रूप में हम सब बचा कर रखें क्योंकि यही धरोहर आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का काम करेगा । नीरू शांति भगत ने कहा कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी अपने समाज की उत्थान के लिए हमेशा चिंतित रहते थे और हर तरह के पर्व त्यौहार में भाग लेकर आपसी सद्भावना बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। उन्होंने कहा कि मैं भी उनके नक्शे कदम पर चलते हुए सभी समाज को साथ लेकर चलूंगी और आप सबों के सलाह एवं सहयोग से लोहरदगा में विकास की एक नई रेखा खींचने का काम करूंगी। कार्यक्रम को केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल अरविंद यादव महिला प्रकोष्ठ की केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी जिला महासचिव विलियम कुजुर जिला महिला अध्यक्ष अनीता साहू महासचिव सरस्वती देवी आदि ने भी संबोधित करते हुए सभी लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामना दी । जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत धरती की पूजा एवं प्रार्थना के साथ की गई। तत्पश्चात पार्टी की ओर से क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं आजसू समर्थकों को सम्मानित किया गया, जिनमें मंगा नगेसिया बाबूलाल नगसिया सनी नगसिया वीरेंद्र उरांव परमेश्वर भगत हरि उरांव शोषण कुजूर विजय भगत हीरामणि उरांव नरेश साहू देवदीप भगत विनोद नायक दिलीप उरांव विष्णु उरांव आदि प्रमुख हैं।

# मातृत्व वंदना योजना का लाभ लाभार्थियों को मुहैया कराने के लिए सेविकाओं की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ दिलाने एवं पंजीयन कराने को लेकर बाल विकास परियोजना सेन्हा में सेविकाओं की बैठक सम्पन्न जगरुक्ता पर प्रकाश डाला गया सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत गांव में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ दिलाने एवं जगरुक करने को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परीयोजना कार्यालय सभागार में सुपरवाइजर परमुनी देवी ने सेविकाओं के साथ मंगलवार को बैठक आयोजित कर मातृत्व वन्दना योजना के लाभ प्रति लाभार्थी को मुहैया कराने पर प्रकाश डाला गया। साथ ही अपने अपने पोषक क्षेत्र के गर्भवती महिला का पंजीयन कराने तथा पंजीयन होने के बाद बच्ची जन्म होने पर 6 हजार रूपया एवं बच्चा जन्म लेने पर 5 हजार रूपया दिया जाएगा। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा की केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। एक साथ पंजीयन के बाद राशि खाता में दिया जाएगा। आवेदन में साफ साफ बैंक आधार नंबर अंकीत करेंगे। ध्यान रहे की कोई भी गर्भवती माता छूटे नही सेविकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि सेविका 10 अगस्त तक कार्य को पुरा करें। सभी केन्द्र में टीकाकरण पंजी में नाम अंकित है.उन सभी का आवेदन लेकर पंजीयन ऑनलाइन करें। मौके पर परमुनी देवी, अग्नि बेक, शांता मिंज, सुनीता, सालीखा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेत्री के आकस्मिक निधन पर भाजपा सिमडेगा हुई शोकाकुल



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ठेठईटांगर मंडल की पूर्व उपाध्यक्ष रेणु देवी का हुआ आकस्मिक निधन मंगलवार को हो गया जिससे सिमडेगा भाजपा जिला परिवार में दुःख की लहर है। उनका अंतिम संस्कार घुटबहार पंचायत के डोभापानी बड़ाईक टोली में किया गया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने कहा की रेणु देवी एक संघर्षशील महिला थी लगभग पांच वर्ष पहले उनके पति का भी बीमारी से मृत्यु हो गया था अपने दो बेटी के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रही थी पहले के दिनों में अपने पंचायत की पूर्व उप मुखिया थी और इस बार के पँचायत चुनाव में मुखिया का चुनाव लड़ी थी और बहुत ही कम अंतर के साथ दूसरे स्थान में थी संगठनो के कार्यो को पंचायत स्तर पर बढ़-चढ़ कर करती थी अपने क्षेत्र में गरीबों की मदद करती थी जिससे पूरे ग्रामीणों पर उनका खासा प्रभाव था आज बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने गमगीन आंखों से उनको अंतिम विदाई दी भाजपा के लिए भी उनका असमय दुनियां से जाना अपूर्णीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है शौक संवेदना व्यक्त करने वाले में जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, सांसद प्रतिनिधि शुशील श्रीवास्तव, पूर्व विधायक बिमला प्रधान, निर्मल बेसरा पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, ओमप्रकाश साहू, दुर्गविजय सिंह देव, अमरनाथ बमलिया, श्यामलाल शर्मा, जिला परिषद कृष्णा बड़ाईक, जिला परिषद सोनी पैकरा, श्रद्धानन्द बेसरा, सुजान मुंडा, दीपक पूरी, मोतीलाल सिंह, अनूप प्रसाद, मनोज साय, सतीश पांडेय, भोला साहू, दिलेश्वर सिंह, तुलसी साहू, कृष्णराय कोटवार, संजय शर्मा, रामविलास बड़ाईक, नरेंद्र बड़ाईक, कामेश्वर सिंह, सुरजन प्रधान, बसंत प्रधान, बंधु मांझी, श्रवण सेनापति, दशरथ सिंह, राजमणि प्रधान, रुक्मणी देवी, शकुंतला देवी, रूनी कुमारी, सिमा डुंगडुंग, सावित्री देवी, कमला कुमारी,जयंती देवी, हंसारानी, रागिनी राज, पुष्पा देवी, पिंकी प्रसाद, नन्दनी दास, कंचन निशा, दीपिका देवी, इंदु देवी जिला शोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर सहित जिला के समस्त कार्यकर्ता शामिल हैं।

## ब्लैक एंड ह्वाईट तस्वीर एवं पुवर इमेज को 14 अगस्त तक करे पूर्ण : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 अगस्त मंगलवार को कार्यालय प्रखंड सह अंचल सभागार मे प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के द्वारा प्रखंड के सभी बूथों के बीएलओ की बैठक आहुत की गयी। बैठक मे प्रविपदा पवन कुमार महतो ने उपस्थित बीएलओ से कहा कि प्रत्येक बूथों से फार्म 06 मे 30 नए मतदाता का नाम अवश्य जोड़े। वही सभी बूथों पर डोर-टू-डोर मतदाता सूची का सत्यापन करने का कार्य 21 अगस्त तक हर हाल मे पुर्ण कर लिया जाए। उन्होने कहा कि सुचि की प्रविष्टि मे जिनका तस्वीर पहचान में नहीं आ रहा है ब्लैक एंड ह्वाईट पुवर ईमेज को सुधार करने का कार्य 14 अगस्त तक पुर्ण कर ली जाय। उक्त बैठक मे सुपरवाईजर दिनेश कुमार के द्वारा भी सभी बूथों के बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दी गई। मौके पर रोजगारसेवक हिफ्फ्जूर रहमान, पंचम एतवा पहान, रौशन उराँव, राजु कुमार, बीएलओ सुनीता देवी, सुचित्रा लक्ड़ा, नसीमा बीबी, बबिता देवी, रुकमिनी देवी, बसंती कुमारी, इत्यादि बैठक मे उपस्थित थे।

## रेल से कटकर हुई महिला की मौत, इस दुखद घटना को ले कर लोगों में आक्रोष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के ओडगा पंचायत अंतर्गत ओडगा नवगांव रेलवे स्टेशन के बीच रेल से कटकर महिला की मौत। जानकारी के अनुसार ओडगा पंचायत के ढेलसेरा कुम्हार टोली निवासी राजेश महतो की धर्मपत्नी लुदकी देवी गाय को रेल लाइन पार कर रही थी। इस क्रम में ओडगा नवागांव रेलवे स्टेशन बीच पोल संख्या 554 का 13 - 14 ढेलसेरा के समीप रेल से कटकर लुदकी देवी उम्र 36 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतक महिला के चार बच्चे हैं। सूचना के उपरांत बानो जी आर पी एफ के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु रांची भेजा गया। वही लोगों में आक्रोषित देखा गया। गांव वालों का कहना है कि कई बार रेलवे को जनप्रतिनिधि के द्वारा आवेदन देने के उपरांत अभी तक अंडरग्राउंड पास रास्ता नहीं बना फल स्वरुप यह घटना घटित हुआ। अगर अंडर अकाउंट पास बन जाता तो या घटना नहीं घटता। वही ओडगा मुखिया मुकुट समद के द्वारा मृत परिजनों को सहयोग राशि दिया गया। लोगों ने रेल प्रशासन से जल्द से जल्द अंडरग्राउंड पास रास्ता बनाने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## तीखा मोड़ पर दो पहिया वाहन पेड़ से जा टकराया एक की मौत, दुसरा गंभीर रुप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो, लोहरदगा :** कैरो थाना क्षेत्र में 09 अगस्त बुधवार को कैरो चेटर मुख्य सड़क पर ऐड़ादोन खेल मैदान के समीप तीखा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए थे। ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में एक की हुई मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार सढ़ाबे गांव के दो युवक अपने दो पहिया पल्सर मोटरसाइकिल से कैरो से अपने घर सड़ाबे जाने के क्रम में ऐड़ादोन खेल मैदान के समीप तीखा मोड़ पर जेएच 08 जी 1632 मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। मोटरसाइकिल का टक्कर इतना जोरदार था कि पेड़ का एक सूखा डाली टूट कर गिर गया।और दोपहिया मोटरसाइकिल का परखचा उड़ गया। आसपास के लोगो ने बताया कि मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार थे। जिसमें सड़ाबे निवासी रामकुंवर उरांव के 22 वर्षिय पुत्र मनोज उरांव एवं जगरनाथ महली के 20 वर्षिय पुत्र कुलदीप महली के रूप में बताया गया। जिसे ग्रामीणों की सहायता से अस्पताल ले जाने के क्रम में मनोज उरांव का रास्ते मे मौत हो गया। कुलदीप महली का ईलाज चल रहा है।

## भाजपा नेता के प्रयास से बच्ची का हुआ पोस्टमार्टम



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा प्रखंड की एक बच्ची की मौत हो गई थी कल शाम से ही उनके परिजन सदर अस्पताल परिसर में परेशान थे जानकारी मिलते ही भाजपा के पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा अपने सहयोगी दीप नारायण दास के साथ सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मिले एवं बच्ची का पोस्टमार्टम कराया, कोलेबिरा मण्डल स्‍ज्ञ मोर्चा महामंत्री दीपक बड़ाईक ने भी इस मामले में शाम से लेकर दिनभर सहयोग किया एवं समन्वय बनाते दिखे। गौरतलब है कि कोलेबिरा प्रखंड के बरसलोया पंचायत के भींजपुर गांव शिवनारायण सिंह की 3 वर्षीय बेटी जयमाता कुमारी की रोपा रोपने के दौरान नदी में डूबने से हो गयी थी।

# मुजम्मिल अहमद ने आदिवासी समाज के लोगों को साड़ी एवं गमछा से किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के अगुवाई में आज झामुमो जिला कार्यालय में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदिवासी समाज के लोगो को साड़ी एवं आदिवासी गमछा देकर सम्मानित किया। मौके पे जिला अध्यक्ष ने कहा की आज के दिन विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। इस दिन दुनिया के सभी लोगो को आदिवासी के अधिकारों के बारे में बताया जाता है यह उत्सव आदिवासी लोगो के द्वारा किए गए योगदान और आदिवासियों के उपलब्धियों का पहचान करवाता है जिला अध्यक्ष ने कहा की आज देश के मोदी सरकार के द्वारा आदिवासियों बहनों का निर्वस्त्र कर घुमाया जा रहा है उनके साथ बलात्कार किया जा रहा है आदिवासी के ऊपर अत्याचार किया जा रहा है जो की काफी चिंतनीय विषय है झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष आदरणीय शिबू शरण जी झारखंड के मुख्यमंत्री परम आदरणीय हेमंत सोरेन की आदिवासी के हक हक की लड़ाई लड़ रहे हैं झारखंड मुक्ति मोर्चा आदिवासी के साथ खड़े आदिवासी के ऊपर हो रहा अत्याचार के खिलाफ हमेशा संघर्ष करते रहा है और करेगा भी। युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव ने कहा की दिसंबर 1994 में आदिवासी दिवस की घोसना की गई उस दिन से 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन पूरे देश भर में आदिवासी समाज के लोग अपने संस्कृत जनजाति को संरक्षण एवं अपने संस्कृत जल जंगल एवं जमीन बचाने के लिए आदिवासी दिवस मनाया जाता है। महिला जिला अध्यक्ष सरिता भगत ने कहा की आज पूरे भारतवर्ष में अनेक जाति के लोग रहते हैं उनमें से एक जाति के लोग आदिवासी दिवस मनाते हैं। महिला नेत्री जेएमएम ने कहा की भारत देश में अनेक परकार के समुदाय रहते है पर आज हमे गर्व महसूस होता है की आज विश्व आदिवासी दिवस मना रहे है इसलिए आज हम गर्व से कहते है की हम आदिवासी है और हमारे पूर्वजों ने जल जंगल जमीन को बचाते आए है और उन्ही के पद चिन्ह में चल रहे है। बालमुकुंद लोहरा ने कहा कि आज आदिवासियों को एकजुट होकर अपने ऊपर हो रहे अन्याय अत्याचार का विरोध करना है एवं आने वाले समय में दोस्त और दुश्मन का पहचान करते हुए निर्णय भी लेना है।

# पीएलवी ने विश्व आदिवासी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची एवं प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में आज लोहरदगा डालसा पीएलवी की बैठक डालसा कार्यालय में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश कुमार के द्वारा बुलाई गई जिसमें पीएलवी के द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही साथ झालसा के निर्देशानुसार दैनिक रिपोर्ट तैयार करने के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त विशेष मध्यस्थता कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय लोक अदालत जो अगले माह 9 सितंबर को होना है को लेकर चर्चा की गई। विश्वव आदिवासी दिवस के अवसर पर पीएलवी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। विश्व आदिवासी दिवस की महत्ता एवं इसकी अनिवार्यता पर प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने प्रकाश डाला। साथ ही साथ पीएलवी पुन्नू देवी, अफान खान, प्रियांशु यादव, इजहार अहमद एवं दीपक कुमार साहू ने विश्व आदिवासी दिवस के ऊपर अपने विचार रखे। महिला पीएलवी नेमहंति मिंज एवं मंजू खाखा ने कुडुख भाषा में संगीतमय प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। देवमनी कुमारी ने भी जल-जंगल जमीन को बचाने को लेकर अपनी संगीतमय में प्रस्तुति दी। आज के कार्यक्रम में डालसा सचिव राजेश कुमार के अतिरिक्त पीएलवी जितेंद्र राम, पुन्नू देवी, सीमा कुमारी, शाहिद हुसैन, देवमणि कुमारी, नेमहंति मिंज, छाया देवी मंजू खाखा, गौतम लेनिन,रवि कुमार लोहरा, अजहर अहमद, इजहार अहमद, प्रियांशु यादव, दुखिता मिंज, दीपक कुमार साहू, अफान खान, अशोक यादव एवं जीत नारायण साही उपस्थित थे।

## पंचायत भवन कैरो में नि;शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन, 11 अगस्त को पुनः लगेगा शिविर

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 09 अगस्त बुधवार को पंचायत भवन कैरो मे पंचायत के मुखिया बीरेन्द्र महली की उपस्थिति मे सिटी ट्रस्ट हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर ईटकी रोड पिस्का मोड़ राँची के द्वारा निऱशुल्क नेत्र जाँच शिविर का किया गया आयोजन। उक्त शिविर मे 50 महिला पुरूषो की 10 रुपये पंजीकरण शुल्क लेकर नेत्र का जाँच कर चिकित्सक डा0 बी0 अली के द्वारा नेत्र मरीजों को आवश्यक परामर्श दी गई। मौके पर डा0 बी0 अली ने बताया कि कैरो पंचायत मे पुनऱ 11 अगस्त को आँगनबाड़ी केंद्र कैरो नयाटोली मे शिविर का आयोजन ट्रस्ट के द्वारा किया जायेगा जिसमे हास्पीटल के प्रमुख नेत्र चिकित्सक डा0 एम अहमद नेत्र मरीजो का जाँच कर आवश्यक परामर्श देंगे। मौके पर उपस्थित डा0 बी0 अली ने कहा कि ट्रस्ट के द्वारा समय समय पर सेवाभावना को लेकर इस तरह के शिविर का आयोजन निऱशुल्क किया जाता रहा है,शिविर मे आकर निऱशुल्क चिकित्सकीय परामर्श का ग्रामीण अधिक-से-अधिक उठायें लाभ।



छाया : नसीम

# विश्व आदिवासी दिवस पर पर विशेष



# आदिवासी अधिकार सम्मेलन का हुआ आयोजन

## ढूस्का और गुलगुला के स्टॉल पर लगी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पुराना जेल स्थित बिरसा मुंडा उद्यान में दो दिवसीय विश्व आदिवासी मेला का आयोजन भव्य तरीके से किया गया है । वहीं पूरे परिसर में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए हैं। सबसे ज्यादा लोग आदिवासी व्यंजन के स्टॉल पर देखे गए । लोग बड़े चाव के साथ ढूस्का, गुलगुला, छिल्का पसंद कर रहे हैं ,खरीद कर खा भी रहे हैं। खासकर पारंपरिक व्यंजन पर भीड़ टूट पड़ी है। आजीविका दीदी के नाम से बनाए गए स्लॉट में ढूस्का फुटकल चटनी 20, कौनका रोटी चना सब्जी 30, उड़द दाल बड़ा 20 , मड़वा का लड्डू 70 , दो धुस्का 20 , दो गुलगुला 10, पलक माड साग, प्याज पकौड़ा लोग खरीद रहे हैं खा रहे हैं । सबसे बड़ी बात है कि साल के पत्ता के बने दोना में लोग अंगुली चाट चाट कर आदिवासी व्यंजन का मजा ले रहे हैं। साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था की गई है। जगह-जगह पर डस्टबिन रखा गया है। ताकि लोग अपना खाने के बाद दोना, पानी का बोतल इधर-उधर ना फेककर सीधे वहां रखे गए डस्टबिन में डालें। वहीं सोनी तिर्की ने कहा कि बचपन के बाद आज कितने जमाने के बाद गुलगुला खाने का मौका मिला। डेविड ने कहा कि ढूस्का, सब्जी और पलक माड का एक अपना मजा है। विकी तिर्की ने कहा कि मडवा लड्डू थोड़ा महंगा है लेकिन खाने में बहुत मजा आया । मडुवा का रोटी भी काफी अच्छा लगता है । ये सब बचपन में जब गांव में होते तो खाने को मिलता था। अब तो मेला में देखने और सुनने को मिल रहा है, खाने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह प्रयास काफी अच्छा है इस तरह के आयोजन होने से कम से कम आदिवासी परंपराओं और उनकी संस्कृति,रहने बहन,खान पान,व्यंजन जो है वह विलुप्त नहीं होगा।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर धूमकुडिया सभागार करम टोली में आदिवासी जन परिषद के तत्वाधान में आदिवासी अधिकार सम्मेलन प्रेम शाही मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम का संचालन प्रकाश मुंडा ने की । इस कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि ऐसे समय में हम लोग विश्व आदिवासी दिवस मना रहे हैं जब आदिवासी समाज को चारों तरफ से हमला किया जा रहा है। आदिवासी समाज पर आह्वान करते हुए कहा कि संगठित होकर जन विरोधी ताकत के खिलाफ हल्ला बोलने का काम करेंद्य जबकि संयुक्त राष्ट्र संघ के साधारण सभा में आदिवासी जन घोषणा पत्र लागू किया गया था। लेकिन अभी भी लागू नहीं हो पाया है जिसमें आदिवासियों का आत्मनिर्भर का अधिकार , आदिवासी क्षेत्र में सैनिक हमले ना हो, किसी भी स्थिति में आदिवासियों नरसंहार न हो,अपने धर्म संस्कृति का प्रचार प्रसार पत्रिकाओं द्वारा आदिवासी संस्कृति को उपयुक्त ढंग से प्रस्तुत करने का अधिकार दिया गया हैं। लेकिन लगातार देश में मणिपुर से लेकर के पूरे देश में विभिन्न प्रकार के सामाजिक अत्याचार हो रहा हैद्य हम आदिवासी समाज से ही संदेश देना चाहते हैं संगठित हो और संविधान के अधिकार को जानकारी ले और अपना संघर्ष तेज करेंद्य गांव गांव जाकर आदिवासी सिद्धांत को आगे बढ़ने का काम करें। पार्टी के प्रधान महासचिव अभय भूट कुंवर ने कहा कि आदिवासियों पर चौतरफा हमला हो रहा है आदिवासियों को संगठित होना होगा जागरूकता फैलाना होता गांव-गांव में काम करना होगा। इस कार्यक्रम में प्रधान महासचिव अभय भूट कुंवर प्रकाश मुंडा, सेलीना लकड़ा, किस्टो कुजूर, जेनीता तिग्गा, प्रदीप खलखो, लखीचरण मुंडा, जेनीता लकड़ा, नैना उरांव, एम आर मांझी, संगीता टोप्पो,सरवन लोहरा शकुंतलाउरांव, प्रीतम लोहरा यादि शामिल हुए।

**मेले में खरीदारी करने पहुंचे नगर प्रशासक** : विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित मेले में 100 से अधिक विभिन्न तरह के स्टाल लगाए गए हैं । जिसमें 32 जनजातियों के विभिन्न तरह के स्टाल शामिल है। सभी स्टॉल में लोगों की भीड़ खरीदारी के लिए उमड़ पड़ी है। इसी भीड़ में रांची नगर निगम के प्रशासक शशि रंजन भी खरीदारी करने पहुंचे । मेले का भ्रमण किया और हर एक एक स्टॉल में पहुंचे और स्टॉल धारकों से बात की। खासकर जो महिलाएं जेएसपीएल से संबंधित जुड़ी हुई हैं । वह किस तरह से अपने क्षेत्र में काम कर रही हैं , किस तरह से उन्हें रोजगार मिल पा रहा है, सरकार के इस प्रयास से हुए कितना खुश है, इन तमाम चीजों पर नगर प्रशासक ने उनसे पूछताछ की। सभी स्टॉल धारकों ने उन्हें विश्वास दिलाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहूलियत होती है। जो रोजगार के लिए प्रशिक्षण लिया था , अब वही रोजगार उनके जीवन का आय का स्रोत बन गया है, वे काफी खुश हैं । वहीं नगर प्रशासक शशि रंजन ने कहा कि सरकार का उद्देश्य यही है कि जो ग्रामीण सुदूरवर्ती क्षेत्र में हमारी बहने रह रही हैं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ने के लिए छोटी-छोटी चीजें हैं उनका प्रशिक्षण दिया जाता है । उसी प्रशिक्षण के बाद वे मेले में या फिर दूसरे किसी राज्य में जब मेला लगता है तो वहां पर उसे सरकार के माध्यम से भेजा जाता है। वहां स्टाल लगाई जाती है और फिर वहां पर वे अपने जो प्रोडक्ट बनाते हैं, जो सामग्रियां बनाती है , उसे लोग पसंद करते हैं ,खरीद लेते हैं, इससे उसे आमदनी होती है। वे आत्मनिर्भर बनने में सक्षम होते हैं, कई महिलाएं इससे जोड़कर आत्मनिर्भर भी बन रही है और सफल हो रही है।

## जनजातीय फिल्मों के प्रति दर्शकों में दिखा उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड आदिवासी महोत्सव -2023 के फिल्म फेस्टिवल में देखने के लिए दर्शकों में काफी उत्साह देखा गया। बताया गया कि जनजातीय फिल्म महोत्सव का उद्देश्य झारखण्ड के फिल्म निर्माताओं, कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करना और आदिवासी समुदायों को एक साथ एक मंच पर लाकर झारखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। साथ ही आदिवासी समुदाय के ज्वलंत मुद्दे और कथाएं सिनेमा के माध्यम से उजागर हो सकेंगी। फिल्म महोत्सव में निर्माता दशरथ हांसदा द्वारा निर्मित फूलमुनी, दीपक बारा की द अगली साइड ऑफ ब्यूटी, दीपक के बेसरा की मोहोत, निजाम की छैला संधु, मेघनाथ की नाची से बांची, बिजु टोप्पो की मुंडारी सृष्टिकथा, अनुज वर्मा की चेरो, एनपीके पुरुषोत्तम की बंधा खेत, प्रियंका पूर्ति की हॉनर्टन रिमिल, रूपेश साहू की रैट ट्रैप, झारखंड कर छैला इत्यादि जनजातीय फिल्मों के माध्यम से झारखण्ड की परंपराओं, संघर्षों और इतिहास जानने का अवसर प्राप्त होगा। इस मौके पर फिल्ममेकर मेघनाथ, श्री प्रकाश, बिजू टोप्पो सहित कई लोग शामिल थे।

# जेएमएम पलामू ने धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झामुमो पलामू जिला कार्यालय में विश्व आदिवासी दिवस बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह आदिवासी नेता बालकिशन उरांव, पाहन मनेश उरांव, दाऊद केरकेट्टा, दिलीप कोरबा व निरंजन सिंह चेरो ने विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम का नेतृत्व किया। झामुमो जिला कार्यालय में आदिवासी परंपरा के अनुसार पाहन के द्वारा शहिद बेदी की पूजा की गई और जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा द्वारा वरिष्ठ आदिवासी नेताओं को पगड़ी और माला पहना कर सम्मान किया गया। साथ ही झामुमो के सभी नेता, पदाधिकारी जुलूस की शक्ल में पूरे शहर का भ्रमण करते हुए स्टेशन रोड स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की गई। अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने बताया, झामुमो द्वारा पूरे झारखंड में आदिवासियों के सम्मान में उत्सव की तरह विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। यह विश्व आदिवासी दिवस संतुलित विकास और स्थिरता प्राप्त करने के लिए आदिवासी आवाज़ को सुनने और साझेदारी को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालता है। यह दिवस हमें प्रकृति की रक्षा करने और उसका सम्मान करने सिखाता है। हेमंत सरकार ने आदिवासी समुदायों की जीवन स्थितियों में सुधार करने और उनकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने के लिए विभिन्न उपाय अपनाए हैं। जैसे कानूनी प्रणालियों को मजबूत करना, शैक्षिक सहायता प्रदान करना, उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करना आदि। आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आदिवासी समाज एवं दबे कुचले लोगों का उत्थान तेजी से हो रहा है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस मौके पर केंद्रीय समिति सद्स्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा, सचिव सन्नू सिद्धकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह,उपाध्यक्ष बालकिशुन उरांव, राकेश सिन्हा, कमाल खान, जिला संगठन सचिव नवीन सिन्हा, शाहबाज आलम, अनुराग सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह, संजय साहनी, युवा मोर्चा सचिव आशुतोष विनायक, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजायल अंसारी, सचिव नन्हे खान, कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष डॉ जशवंत सिंह, बबलू चौधरी, मुकेश चौधरी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष राजिया नियाजी, कोषाध्यक्ष सलोनी उरांव, युवा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, पाटन प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह, वीरेंद्र पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# झारखण्ड एवं तमिलनाडु की संस्कृति व खानपान में एकरूपता है, सिर्फ भाषायी अंतर है : राज्यपाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राज भवन में जनजातीय समुदाय की विभिन्न हस्तियों व प्रबुद्धजनों से संवाद करते हुए कहा कि वे समाजहित में सक्रियता से कार्य करने हेतु सदैव प्रयासरत रहें तथा शिक्षित व ज्ञानवान समाज के निर्माण में अपनी अहम भागीदारी का निर्वहन करें। आपको समुदाय के लिए प्रेरणादायक कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में कहीं समस्याएँ हैं, तो वहाँ जाकर उसका समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति समाज की भूमिका अविस्मरणीय है। राज्यपाल ने कहा कि झारखण्ड राज्य वीरों की भूमि है। धरतीआबा भगवान बिरसा मुंडा समेत कई महान हस्तियों ने मातृभूमि और समाज के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्रधानमंत्री ने उल्लेखनीय पहल करते हुए धरतीआबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। राष्ट्र के लिए उनके द्वारा किये गये बलिदान से भावी पीढ़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। कहा कि जनजाति समाज प्रकृति प्रेमी होते हैं। ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में प्रकृति के संरक्षण हेतु इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग बड़े शहरों में रहते हैं, उनके पास बड़ी इमारतें हैं, सुख-सुविधाओं से घिरे हुए हैं, लेकिन वे दुखी हैं। ऐसे में झारखंड के छोटे-छोटे ग्रामों में रहने वाले लोगों को देखना चाहिए। वे खुश हैं क्योंकि आत्मसंतोष अथवा संतुष्टि की भावना है और वे लालच से दूर अपनी कड़ी मेहनत पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा जनजातियों की कला, संस्कृति, लोक परंपरा और रीति-रिवाजों में जीवंतता है। पारंपरिक गीत और नृत्य बहुत आकर्षक होते हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड एवं तमिलनाडु की संस्कृति व खानपान में काफी एकरूपता है, सिर्फ भाषायी अंतर है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक हमारे देश की संस्कृति अत्यन्त समृद्ध है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी महादेव टोप्पो ने राज्यपाल को विभिन्न विषयों पर लिखित 'सभ्यों के बीच आदिवासी' एवं 'आदिवासी विश्व चेतना' भेंट की। इस अवसर पर डॉ नारायण उरांव ने लोक गीत प्रस्तुत किया।


समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलकियां

झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

- आदिवासी इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठियां
- पैनल चर्चा
- परिधान फैशन शो
- आदिवासी व्यंजन
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- कला, शिल्प एवं प्रदर्शनी
- राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर
- आदिवासी फिल्म महोत्सव
- ड्रोन तथा लेजर शो का भव्य आयोजन



मुख्य कार्यक्रम

10 अगस्त 2023 (गुरुवार)

| | |
|---|---|
| सांस्कृतिक कार्यक्रम<br>उरांव आदिवासी समुदाय का लोक नृत्य,पाइका नृत्य, गोंड आदिवासी समुदाय का किहो नृत्य,कर्नाटक का दमनी लोक नृत्य | प्रात: 11:00 बजे - 12:40 बजे तक |
| पद्मश्री एच. मधु मंसूरी की गायन प्रस्तुति | अपराह्न 12:40 बजे - 12:55 बजे तक |
| रमेश्वर मिंज द्वारा बांसुरी वादन | अपराह्न 12:55 बजे - 1:15 बजे तक |
| रंगारंग महोत्सव<br>अरुणाचल प्रदेश का रेखम पड़ा नृत्य, असम का लेवा टाना नृत्य, बिहु नृत्य, झारखण्ड रंगारंग महोत्सव, स्थानीय आदिवासी का डोमकुच लोक नृत्य, आदिवासी दिव्यांगों द्वारा प्रस्तुति, गुजरात के अफ्रीकन आदिवासी समुदाय द्वारा सिद्धि धमाल नृत्य | अपराह्न 1:45 बजे - 3:55 बजे तक |
| माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन का आगमन | अपराह्न 5:00 बजे |
| माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन द्वारा आदिवासियत-एक जीवन शैली पर परिचर्चा | अपराह्न 5:25 बजे से |
| श्री नंद लाल नायक की प्रस्तुति | सायं 6:05 बजे से |
| आदिवासी परिधान प्रदर्शन प्रस्तुति | सायं 6:40 बजे से |
| ड्रोन, लेजर एवं फायर शो (VFX) | सायं 7:30 बजे से |

PR NO-304314 (IPRD) 23-24 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार